ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 15 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-330 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



हिंदी ने मेरे जीवन के हर पहलू में योगदान ... पेज 10 पर

## ईडी के गवाह ने कोर्ट में कहा, मुंगेरी व अशोक के दबाव में दिया था बयान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अवैध खनन मामले में ईडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के समक्ष ईडी के गवाह विजय हांसदा ने बयान दिया। विजय हांसदा ने कहा कि उसने मुंगेरी यादव और अशोक यादव के दबाव में ईडी को बयान दिया था। उसे कहा गया था कि ईडी पूछताछ में जो कहे, उसका समर्थन करो नहीं तो जेल में तुम्हारा खाना-पीना भी बंद हो जाएगा।

इसपर विजय हांसदा से पूछा गया कि इस बात की जानकारी क्या किसी को दी गई थी? विजय ने कहा कि नहीं, उसने किसी को इस बात की जानकारी नहीं दी। सुनवाई के दौरान न्यायिक हिरासत में ईडी को दिये गए विजय हांसदा के बयान की वीडियो फुटेज भी दिखाई गई। अब शुक्रवार को फिर विजय हांसदा का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा।

कोर्ट में पंकज मिश्रा के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थीं जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपतिनाथ भी आरोपित हैं।

### ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में सैकड़ों युवाओं ने लिया भाग

## मृत्युपरांत नेत्रदान करने वाले 12 परिवारों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**कश्यप आई बैंक में 806 प्रत्यारोपण, भारती कश्यप को मिला मुकाम**

**विगत 5 वर्षों में नेत्र प्रत्यारोपण की संख्या बढ़कर 346 हुई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में गुरूवार को ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का भव्य आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया। गर्वनर सी. पी. राधाकृष्णन, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ ने दौड़ को रंग बिरंगे बैलूनों को आसमान में उड़ाते हुए रवाना किया। इस दौड़ में उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं स्पोर्ट्स अकादमी के सैकड़ो छात्रों एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने लिया भाग। इस प्रकार डा.भारती कश्यप के प्रयासों की हर ओर सराहना हो रही है। कारण इसकी प्रेरणास्त्रोत वह खुद रही हैं। इस बार का रन फॉर विजन का आयोजन विशेष रहा । क्योंकि इस बार के रन का का थीम ब्लाइंड फोल्ड था। युवा एवं बच्चें आंखों पर पट्टी बांधकर जोड़े में सैकड़ों की संख्या में दौड़े। ब्लाइंड फोल्ड रन फॉर विजन का आयोजन समाज में बहुत ही संवेदनात्मक तरीके से नेत्रदान



का संदेश देता है। इस से परस्पर सहयोग की भावना भी विकसित होती है। इस आयोजन का मुख्य उदेश्य है लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना था। रन फॉर विजन और पेंटिंग कंपटीशन के विजेताओं को स्वास्थ्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए आई.एम.ए झारखंड, आई.एम.ए रांची, एफ.जे.सी.सी.आई, उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं झारखंड स्पोर्ट्स विभाग के पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. भारती कश्यप, मेडिकल डायरेक्टर, कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने कहा पिछले 21 वर्षों से हर वर्ष हम बड़े पैमाने पर नेतदान जागरूकता अभियान रन फॉर विजन का आयोजन कर रहे हैं । तत्कालीन उस समय की गवर्नर द्रौपदी मुर्मु ने भी लगातार 5 वर्षों तक इस कार्यक्रम में न केवल भाग लिया । बल्कि नेत्रदान का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### जमीन घोटाले के आरोपी प्रेम प्रकाश की जमानत पर फैसला 20 को

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 20 सितम्बर को फैसला सुनाएगी। कोर्ट में प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में भी आरोपित हैं। जमीन घोटाले मामले में भी ईडी ने उसे आरोपित बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

### ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज को मिली प्रोन्नति



**रांची।** भारत सरकार के वित्त विभाग ने ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज समेत तीन अधिकारियों को एडिशनल डायरेक्टर रैंक में प्रोन्नति दी है। जिन अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है, उसमें डॉ विद्युत विकास, विनोद शर्मा शामिल हैं। कपिल राज झारखंड में मनरेगा घोटाले, अवैध खनन समेत सभी कांडो की जांच से जुड़े रहे हैं।

पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा बने जेएसएससी के अध्यक्ष

रांची। झारखंड पुलिस के पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक, अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति 23 सितंबर से प्रभावी मानी जाएगी। वहीं नीरज सिन्हा की जन्म तिथि आठ जनवरी 1962 है, ऐसे में वह झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में पदभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम 65 साल की उम्र तक इस पद पर बने रहेंगे।

### रांची में होटल के कमरे में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**रांची।** जिले के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेजिडेंसी के कमरे से गुरुवार को एक युवती का शव फंदे से लटकता मिला। उसकी शिनाख्त कांटाटोली ओल्ड एचबी रोड निवासी डोली घोष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह होटल के कर्मियों ने कमरे में युवती का शव फंदे से लटकता हुआ देखा। इसके बाद इसकी सूचना होटल मालिक को दी। मालिक ने चुटिया थाना को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि होटल से एक युवती का फंदे से लटकता हुआ मिला है। फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### जेपीएससी फर्स्ट-सेकंड बैच की परीक्षा का मामला

## हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) सिविल सर्विस की फर्स्ट और सेकंड बैच की परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई के बारे में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने गुरुवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि सीबीआई ने जिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए स्वीकृति आदेश मांगा था, उस पर क्या हुआ? कितने और किन-किन अफसरों पर अभियोजन चलाने की मंजूरी दी गई? सरकार को इन सवालों पर




शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इससे पूर्व हुई सुनवाई में सीबीआई को रिपोर्ट फाइल कर यह बताने को कहा था कि मामले की जांच के बाद केस किस स्टेज में है? अगर चार्जशीट फाइल की गई है तो इसके बाद किन-किन आरोपियों के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन की इजाजत मांगी गई है और उसका स्टेटस क्या है? कोर्ट में बुद्धदेव उरांव नामक व्यक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका और राज्य सरकार की अपील याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। बुद्धदेव उरांव ने यह याचिका 2008 में दाखिल की थी। इसमें जेपीएससी सेकंड बैच की परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और अंकों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। इस परीक्षा के जरिए कुल 172 पदों पर बहाली हुई थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 12 जून 2012 को जेपीएससी सेकंड बैंच सहित कुल 12 परीक्षाओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने सेकंड बैच के जरिए नियुक्त अधिकारियों के काम करने और उनके वेतन भुगतान पर रोक का भी आदेश दिया था। इसके खिलाफ सरकार और प्रभावित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों के काम करने और वेतन पर लगी रोक को हटा लिया था। इसके बाद बुद्धदेव उरांव ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल किया था, जिस पर 2017 में कोर्ट ने सीबीआई जांच ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित

## इंटरनेट की दुनिया भी हिन्दी की कायल घर पर हिन्दी में करें संवाद : एल खियांग्ते

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिन्दी एक सर्वव्यापी भाषा है। दुनिया भर में हिन्दी भाषा बोलने वाले लोग मौजूद हैं। इसकी लोकप्रियता के कारण ही इंटरनेट की दुनिया में भी हिन्दी भाषा के कंटेंट बहुतायत में मौजूद है। न्यूज चैनल आदि में भी हिन्दी भाषा में खबरों का प्रसारण किया जाता है। यह बातें श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक एल खियांग्ते ने गुरुवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह में कही।

उन्होंने पढ़ाई से लेकर प्रशासनिक सेवा में आने तक हिन्दी भाषा को लेकर अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी की आवश्यकता सभी जगह है। इससे बचा नहीं जा सकता। दक्षिण से लेकर उत्तर, पूरब से पश्चिम तक हिन्दी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिजोरम जहां से वे आते हैं, वहां भी अब हिन्दी सीखने के लिए स्पोकेन हिन्दी की क्लास चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर पर संवाद की भाषा हिन्दी ही रखें।

कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि सभी सरकारी विभागों में हिन्दी भाषा में कार्य हो। उन्होंने कहा कि हिन्दी सहज भाषा है। हम जैसा हिन्दी में बोलते हैं, वैसा ही लिखते भी हैं। यह हिन्दी की अपनी विशेषता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी सर्व संपर्क की भाषा है। दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में अब हिंदी भाषा बोली और समझी भी जा रही है। विदेशों में हिन्दी स्वीकार की जा रही है। यही करण हैं की दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जानेवाली भाषा हिन्दी है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी संपर्क की भाषा है, बाजार की भाषा है। उन्होंने हिन्दी भाषा को लेकर विस्तार से उसके विकास के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह भी हमें देखना होगा कि क्या हम हिन्दी भाषा को व्यवहार और बोलचाल में ला रहे हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा से जुड़ाव की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञान का सृजन अपनी भाषा में नहीं होगा तब तक भाषा की पहचान नहीं बन पाएगी। इस अवसर पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं लघु कथा प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सम्मानित किया गया। श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक श्रीनिवासन एवं रांची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज रांची आयेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को रांची आएंगे। रांची एयरपोर्ट से वो छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में रांची आ रहे हैं। एयरपोर्ट पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। मिशन 2024 की तैयारी में जुटी बीजेपी के नेताओं के दौरे लगातार बढ़ रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने की मूल वजह की जानकारी अभी तक नहीं मिली है लेकिन छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में जेपी नड्डा रांची में रुकेंगे और भाजपा नेताओं से मुलाकात करेंगे। बता दें कि इससे पहले



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को झारखंड के दौरे पर आये थे। जून में गिरिडीह में जेपी नड्डा ने बड़ी रैली की थी और मिशन 2024 के लिए भाजपा को मजबूत करने का टास्क भी दिया था। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जशपुर से करेंगे। इसके लिए जेपी नड्डा 15 सितंबर को महाराष्ट्र के पुणे से रांची एयरपोर्ट पुहंचेंगे। इसके बाद यहां से जशपुर के लिए रवाना होंगे। जशपुर पहुंचने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद रणजीता स्टेडियम में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत कर सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे के बाद रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से दोबारा पुणे के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रांची में कुछ देर के प्रवास को लेकर प्रदेश स्तर पर पार्टी नेताओं में उत्साह है, वहीं इस दौरान गिने-चुने नेताओं से जेपी नड्डा की मुलाकात को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

## अब पुराने पुल की सही उम्र का लगेगा पता आईआईटी ने बनाई एआई एल्गोरिदम

**नई दिल्ली।** आईआईटी मंडी ने पुलों की स्थिति का अनुमान और उनके जीवन की भविष्यवाणी करने के लिए मशीन लर्निंग व एआई डेटा-संचालित तरीका तैयार किया है। यह एआई एल्गोरिदम मानव हस्तक्षेप के बिना ही संरचनात्मक क्षति की पहचान कर सकते हैं। विशेष रूप से प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और केबल आधारित पुलों पर यह रियल टाइम और महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करा सकता है। इस पर आईआईटी मंडी के शोधकताओं का कहना है कि एआई-आधारित एल्गोरिदम का प्रयोग व्यापक रूप से किया जा सकता है। यह केवल पुलों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि इसका उपयोग रोपवे, इमारतों, एयरोस्पेस संरचनाओं,



ट्रांसमिशन टावरों और समय-समय पर स्थिति मूल्यांकन और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता वाले विभिन्न बुनियादी ढांचों जैसी संरचनाओं में भी किया जा सकता है। आईआईटी का कहना है कि पुल भारत के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देशभर में इनकी संख्या लगभग 13,500 है। यह संरचनाएं तापमान में परिवर्तन, पानी और हवा जैसे पर्यावरणीय कारकों के कारण प्राकृतिक रूप से पुरानी हो जाती हैं। जिसको भारी सड़क यातायात ने और बढ़ा दिया है। परंपरागत रूप से पुलों की स्थिति का आकलन दृश्य निरीक्षण के माध्यम से किया जाता रहा है जबकि विशेषज्ञों द्वारा इस पद्धति को अपर्याप्त माना गया है। यह सभी संरचनात्मक मुद्दों का पता लगाने में असफल रहता है और यह अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया है, जिसमें कई तस्वीरों का मैन्युअल विश्लेषण किया जाता है। इन अध्ययनों के निष्कर्ष को हाल ही में मैकेनिकल सिस्टम्स एंड सिग्नल प्रोसेसिंग और न्यूरल कंप्यूटिंग ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### चर्चा — संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति की 3 दिनी बैठक शुरू

## पहुंचे हैं संघ के 36 अनुषांगिक संगठनों के 266 पदाधिकारी

**विहिप राम मंदिर के संदर्भ में भावी योजना पेश करेगा**

**नवंबर में भुज में संघ की बैठक में बनेगी लोकसभा चुनाव पर रणनीति**

**- आरएनएम**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति की तीन दिवसीय बैठक पुणे में शुरू हो गई। इस बैठक को आगामी लोकसभा और इस साल होने जा रहे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बेहद अहम माना जा रहा है। राम मंदिर, सामाजिक समरसता, नारी सशक्तिकरण और शिक्षा पर भी चर्चा होगी। बैठक में संघ के 36 अनुषांगिक संगठनों के 266 पदाधिकारी शामिल हुए हैं। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत और



संगठन महासचिव बीएल संतोष, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं। गृहमंत्री अमित शाह के भी पहुँचने की संभावना है।

बैठक के संदर्भ में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इसमें बीते साल रायपुर में हुई बैठक के बाद लिए गए निर्णयों के आधार पर विभिन्न संगठनों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संगठन आगे की कार्ययोजना भी बैठक में रखेंगे। विहिप राम मंदिर के संदर्भ में भावी योजना पेश करेगा। अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे संगठन भी अनुभव साझा करने के साथ भावी कार्य योजना पेश करेंगे। नवंबर में भुज में बनेगी लोकसभा चुनाव पर रणनीति आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि बैठक में आए विचारों पर इसी साल नवंबर में गुजरात के भुज में होने वाली संघ की कार्यकारी मंडल की बैठक में विमर्श के बाद भावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसी बैठक में संघ आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी अंतिम मुहर लगाएगा। बैठक हर साल होती है। इसमें सभी संगठन अपने क्षेत्र से जुड़े अनुभव सुनाने के बाद भावी कार्ययोजना पेश करते हैं। इस क्रम में देश की वर्तमान परिस्थितियों पर भी बातचीत होती है। हम देश और समाज से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा करते हैं और इससे जुड़ी कार्ययोजना तैयार करते हैं। अभियान के निष्कर्ष पर भी होगा मंथन संघ बीते कुछ वर्षों से जातिगत भेदभाव खत्म कर सामाजिक समरसता स्थापित करने पर जोर देता रहा है। इस क्रम में पिछली कई अहम बैठकों में एक गांव-एक कुआं-एक श्मशान अभियान शुरू किया गया था। इसके अलावा भी कई निर्णय लिए गए थे। समन्वय समिति की बैठक में इन अभियानों के निष्कर्षों पर चर्चा होगी। इसके अलावा भारतीय मूल्य के आधार पर महिला सशक्तिकरण के विकल्पों पर चर्चा होगी।

### 'इंडिया' ने समन्वय समिति की बैठक में मंथन के बाद लिया निर्णय

## राज्य के नेता तय करेंगे सीट शेयरिंग का फार्मूला



**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार के आवास पर आयोजित समन्वय समिति की पहली बैठक के समापन के बाद, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने सीट बंटवारे पर राज्य स्तर पर समाधान निकालने का फैसला किया है। बुधवार को आयोजित 'इंडिया' की समन्वय समिति की बैठक में कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल, राजद के तेजस्वी यादव, जद-यू के संजय झा, सीपीआई के डी. राजा, डीएमके के टी.आर. बालू, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, समाजवादी पार्टी के जावेद अली, आप के राघव चड्ढा, जेएमएम के हेमंत सोरेन और एनसी के उमर अब्दुल्ला ने भाग लिया। एक सूत्र ने बताया कि कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, इस दौरान सीट बंटवारे का मामला भी उठा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सदस्यों ने फैसला किया है कि सीट बंटवारे के मुद्दे पर राज्य स्तर के नेता ध्यान देंगे, जिसे अक्टूबर के अंत तक पूरा करना होगा। सूत्र ने कहा कि इस मामले को अंतिम रूप देने के लिए इसे राष्ट्रीय स्तर पर लाया जा सकता है। हालांकि, सूत्र ने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर बातचीत के लिए कई राज्यों में बहुत जटिल प्रक्रिया की आवश्यकता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन

**मोहम्मदगंज।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बुधवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित छापेमारी दल में शामिल विद्युत सहायक अभियंता संजय कुमार व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान तीन अलग-अलग गांवो के 5 लोगो को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। इस छापेमारी दल में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर,ललितेश्वर मेहता, मंटू मुंडा व ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह शामिल थे।

### हिंदी दिवस पर स्कूली बच्चों ने किया कविता पाठ

**हुसैनाबाद।** हिंदी दिवस के अवसर पर गुरूवार को प्रखंड के बेदौलिया विद्यालय के बच्चों के द्वारा कविता,कहानी, चुटकुला, स्लोगन एवं विभिन्न प्रकार के हिंदी के हास्य कविता की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय प्रकाश शर्मा ने किया। इसके पूर्व इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा,सहायक अध्यापक रामनाथ राम एवं मोहम्मद सरवर आलम ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात बारी-बारी से पहली से पांचवी के बच्चे एवं छठी से आठवीं के बच्चों ने अपनी कविता पाठ प्रस्तुत किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने घर -घर जाकर किया मिट्टी संग्रह

**विश्रामपुर।** भारतीय जनतापार्टी नगर मंडल विश्रामपुर के तत्वावधान में गुरूवार को नगर परिषद के वार्ड संख्या 18 के छिपादोहर कला व खुर्द में अमृतमहोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मिटी संग्रह किया।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंड़ल अध्यक्ष बबन ने किया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सुरेश चंद्रवंशी,महामंत्री संतोष राम,उपाध्यक्ष,राजेंद्रप्रसाद गुप्ता,भाजपा नेता शिवबंस मिश्रा,उपाध्यक्ष राजेंद्रप्रसाद गुप्ता, रजनीश चंद्रवंशी, सत्यनारायण शोनी, बेबी देवी, महिला, महामंत्री अर्चना देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीएससी सेवाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## दो सौ से अधिक पीडीएस डीलरों को दी गयी ट्रेनिंग

### उपायुक्त ने आयुष्मान कार्ड को मिशन मोड में बनाने हेतु निर्देशित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन,सहायक समाहर्ता रवि कुमार,एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने गुरुवार को संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए सीएससी सेवाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य वैसे पीडीएस डीलर जो सीएससी लेने के लिए नामित हुए हैं,उनको सभी सर्विसेस की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पीडीएस डीलरों को आयुष्मान भवः पखवाड़ा एवं इसके अंतर्गत होनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी पीडीएस डीलरों को सहिया साथी एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया। कार्य हेतु सभी डीलर को सीएससी ऑपरेटर के साथ टैग किया गया है। इस योजना अंतर्गत 17 सितंबर से एक अभियान शुरू किया जा रहा है। जिससे पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पत्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जायेंगे।इसी क्रम में सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने आयुषमान कार्ड की महत्ता तथा इसको कैसे बनायें,कहां बनाये,बनाने में कौन से दस्तावेज की जरूरत होगी इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने दुकानों में राशन वितरण के साथ सभी कॉमन सर्विस सेंटर की सेवाएं भी लोगों तक पहुंचा सकेंगे।इनमें हर तरह के बिल पेमेंट,पैन एप्लीकेशन,पासपोर्ट के लिए अप्लाई करना,वोटर आईडी से जुड़ी सर्विस,पीएम किसान,एनपीएस,आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल साक्षरता अभियान आदि शामिल होंगे।

## वज्रपात से 7 छात्राएं हुई बेहोश, कई उपकरण जले



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भवन के समीप गुरुवार की दोपहर लगभग 2:20 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 7 छात्राएं बेहोश हो गयी। वहीं कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गया। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका अनुपमा ज्योति ने बताया कि दोपहर में अचानक तेज बारिश होने लगी। उस समय स्मार्ट क्लास में दसवीं की कई छात्राएं पढ़ रही थी। तभी विद्यालय भवन के पास वज्रपात हुआ। जिससे स्मार्ट क्लास में पढ़ रही सिम्पल कुमारी, लक्की कुमारी, सोनाली कुमारी, चांदनी कुमारी सहित 7 छात्राएं बेहोश हो गयी। वही विद्यालय में अफरा-तफरी मच गयी। बेहोश हुए छात्राओं को प्राथमिक उपचार के बाद लगभग आधा घंटा के बाद होश में लाया जा सका। उनसभी छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि वज्रपात के कारण मोटर पंप, पंखा, वायरिंग तार, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर सहित कई उपकरण जल गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन पर तड़ित चालक लगाया गया था। जिसकी कुछ वर्ष पहले चोरी हो गयी थी।

# अवैध बालू खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध बालू खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कार्रवाई की है। डीएमओ ने गुरूवार को सतबरवा थाने में अवैध बालू जप्त ट्रैक्टर के चालक,मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं संलिप्त व्यक्तियों पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया।

### 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर है रोक

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिहवन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर है रोक, नियमों को नहीं माने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**12 सितंबर को अनुमंडल पदाधिकारी ने जप्त किया था अवैध बालू समेत ट्रैक्टर :** जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर के द्वारा सतबरवा थाना में 12 सितंबर को अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर जेएच 08 जी 8764 को पकड़ा था एवं थाने को सुपुर्द कर दिया था। बाद में अंचलाधिकारी सतबरवा के द्वारा इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दी गयी। जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए गुरूवार को सतबरवा थाना पहुंच जांच करते हुए ट्रैक्टर मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध बालू खनन में संलिप्त सभी व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए कानूनी कार्वाई करे।

### डॉ. अरुण कुमार ने लकड़ाही गांव में किया दौरा

**मनातू।** सेलारी पंचायत के लकड़ाही गांव के शिव मंदिर प्रांगण में विगत कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पांकी विधानसभा के भावी विधायक डॉ. अरुण कुमार यादव का स्वागत किया गया। डॉ अरुण ने वहां मौजूद सैकड़ो लोगों से कहा कि इस बार अगर लोगों का साथ उनको मिला तो वो अपने क्षेत्र को मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे।

### तोलरा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरने से एक युवक की हुई मौत

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत तोलरा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिर कर कट जाने के कारण एक तीस वर्षीय युवक की मौत हो गई है।वही रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव पहचान हेतु पुलिस छान बीन की कवायत शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो वारंटी के घर पर चिपकाए इश्तिहार

**हरिहरगंज।** एसआई धूमा किस्कू ने थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव पहुंच कर थाना कांड संख्या 136/22 के फरार आरोपी बुधन साव पिता सागर साव तथा बूची देवी पति बिंदेश्वर साव के घर पर इश्तिहार चिपका दिया। इस संबंध में एसआई धूमा किस्कू ने बताया कि मामले में दोनों आरोपी कई महीनो से फरार चल रहे थें। कई बार नोटिस भेजने के बाद भी फरार थें। उक्त दोनों आरोपी अपने ही पुत्र को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### जीसीपीए कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया गया



**छतरपुर।** हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक सचिव स्व. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल ही तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं साथ ही द्वीप प्रज्वलित कर किया गया है। इस मौके पर कॉलेज के छात्राओं में से मनीषा कुमारी, पूजा कुमारी गुप्ता एवं आरती कुमारी ने हिंदी दिवस पर अपना - अपना विचार रखी एवं कई कविताएं प्रस्तुत की। मौके पर सब ने कहा कि हिंदी जानना होगा और हिंदी के बारे जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता कुजूर ने की। मौके पर सैकड़ों छात्र - छात्राओं के अलावा कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दो ट्रकों के आमने सामने की भीषण टक्कर

**पांकी।** मेदिनीनगर मुख्यपथ पर सरैया के पास दो ट्रकों के आमने सामने की भीषण टक्कर हुई है। इस टक्कर में एक चालक और खलासी गम्भीर रूप से घायल हुआ है। जबकि दूसरा ट्रक का ड्राइवर और खलासी गाड़ी छोड़कर भाग गया। घटना बीती रात्रि लगभग 12 बजे की है। दोनों ट्रक कोयला के हैं। जिसमें एक गाड़ी कोयला लेकर मेदिनीनगर की ओर जा रहा था जबकि दूसरा ट्रक रेहला से कोयला खाली कर पांकी बालूमाथ की ओर जा रहा था। पांकी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि घटना बीती रात्रि की है और सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुचकर घायल ट्रक ड्राइवर और खलासी को किसी तरह गाड़ी से निकलकर इलाज हेतु मेदिनीनगर मेडिकल कालेज एन्ड हॉस्पिटल भेज दिया है। जहां से प्रारंभिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये रांची भेज दिया है।

### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं आते हैं चिकित्सक

**हुसैनाबाद।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक के नहीं रहने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता हैं की जुलाई अंतिम माह में तत्कालीन सीएस अशोक कुमार के द्वारा विनोद कुमार की पदस्थापित किया गया था। परंतु व नियमित व समय पर वे कभी अस्पताल नहीं आते है। मौसमी बीमारियों के मरीज कंपाउंडर से दवा लेकर चले जाते है। वहीं चिकित्सक सप्ताह में दो तीन दिन देर शाम आकर उपस्थिति पंजी बनाकर चले जाते है। शहर वासियों ने यहां प्रतिदिन आने वाले चिकित्सक की पदस्थापना कराने की मांग सीएस डॉ.अनील कुमार से की हैं। ताकि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समुचित इलाज हो सकें।

### हिन्दी दिवस के मौके पर संगोष्ठी सभा का आयोजन

# पूर्व डीएसओ समेत कई दिग्गज हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**




**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला में स्थित संत तुलसीदास महाविद्यालय के सभागार में संगोष्ठी सभा आयोजित कर हिंदी दिवस मनाई गई। संगोष्ठी सभा का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सेवा निवृत डीएसओ सह माहविद्यालय के सचिव डॉक्टर शशि नाथ चौबे,विश्रामपुर जनता हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक राजेश्वर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि कवि सह साहित्यकार मुंशी महतो व संस्थान के प्राचार्य संतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। मौजूद सभी अतिथियों ने बारी बारी से हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जानकारी दी। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि आज हिंदी की भाषा लगभग सभी देशों में बोली जाती है।उन्होंने कहा की इसकी महत्व इतनी है कि प्रसाद की तरह हिंदी आज कई देशों के लोग ले रहे हैं। मौके पर प्रोफेसर रंजन दुबे,ज्योति कुमारी, डॉक्टर प्रमोद पासवान, रामजी चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, शबनम निशा, संतोष शुक्ला, त्रिपुरारी तिवारी, अजय ओझा, आशीष पांडे,जितेंद्र पांडे,संजय पांडे, चंद्र भूषण कुमार, सुनील कुमार, फूल कुमारी,सुधीर यादव, दिलीप चौबे, रामेश्वर राम, देव प्रकाश पांडे के अलावे महाविद्यालय के आकांक्षा चौबे, अंजली शर्मा दीपांजलि कुमारी, श्रेया शुक्ला, ज्योति शुक्ला, अवनीश पांडे, सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## मध्य विद्यालय भदुमा में बीपीओ ने स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** उंटारी रोड बीआरसी अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदुमा में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित कुमार गुप्ता के साथ सीआरपी प्रमोद कुमार सिंह व अश्विनी सिंह,प्रधानाध्यापक योगेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। मौके पर बीपीओ श्री गुप्ता ने कहा कि डिजिटल युग में ऑफलाइन क्लास के साथ साथ ऑनलाइन क्लास भी बेहद जरूर है ताकि पढ़ाई में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पढ़ाई में और कुछ सीखने का मौका मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और विद्यार्थियों सरल तरीकों से किसी भी चीज को सिख सकेंगे। विद्यालय में स्मार्ट क्लास खुलने से विद्यार्थियों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर प्रखंड साधन सेवी नीरज चौबे, मनोहर कुमार, सहायक शिक्षिका प्रियंका कुमारी, शिक्षक अजीत कुमार, शशि कुमार, प्रेमचंद निषाद, वार्ड सदस्य राजन कुमार दिक्षित, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीरा देवी, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार दिक्षित सहित कई लोग मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश संख्या–16 रा0 (वि0) दिनांक 24.07.2023 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में "मत्स्य प्रसार–प्रचार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना" अन्तर्गत निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणी के अनुरुप कार्यक्रम का क्रियान्वयन हेतु भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है।

| क्र0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | अनुमान्य इकाई लागत | अनुदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | निजी क्षेत्र के तालाबों में महाझींगा पालन | 101 | एकड में | 3.00 | मो0 160000/– मात्र प्रति एकड़ | अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला के लिए 80% (मो0 128000/–मात्र अधिकतम) एवं अन्य के लिए 70% (112000/–अधिकतम) | आवेदक सक्रिय मत्स्य पालक हो जिनके पास मछली पालन हेतु उपयुक्त तालाब हो प्रशिक्षण एवं पूर्व से झींगा पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 2 | पयलट प्रोजेक्ट के रुप में अमूर कार्प /जयंती रोहू/तिलापिया आदि के मत्स्य बीज का संचयन | 101 | संख्या में | 5500 | मो0 11000/– | – | आवेदक सक्रिय मत्स्य पालक हो जिनके पास मछली पालन हेतु उपयुक्त तालाब हो प्रशिक्षण एवं पूर्व से अमुर कार्प पालन करने वाले मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| | | 789 | संख्या में | 1500 | मो0 3000/– | | |
| 3 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | संख्या में | 20 | मो0 1600/– | केज मत्स्य पालकों के लिए 75 प्रतिशत (अधिकतम 1200रु0) अनुदान होगा। शेष लाभुक अंशदान होगा। | केज मत्स्य पालकों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। अतः इस योजना हेतु सिर्फ केज मत्स्य पालकों के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। |
| 4 | पुरस्कार/सम्मान | 101 | संख्या में | 02 | मो0 30,000/– | प्रति लाभुक को 30000 रु0 राशि येद होगा। | – |

एतद् द्वारा उक्त दिये गये विवरणी के आलोक में दिनांक **30.09.2023 अप0 5:00** बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,, गढ़वा

PR 306942 (Fish) 23-24 (D)



## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

### e-Procurement Notice

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-17/2023-24 Date – 14/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 18/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 25/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 26/09/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 27/09/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 26.09.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Senha | Construction of PCC Road From Muslim Toli VPDP Main Road to Jatra Site at Vill – Manhe. | 15.341 | 0.5000 | 0.30700 | 02 Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 306983 Lohardaga(23-24)D



## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

(समाज कल्याण शाखा)

जिला बाल संरक्षण इकाई

–: बाल कल्याण समिति, लातेहार के आदेश से गुमशुदा शिशु (बालिका) की आम सूचना:–



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 12.09.2023 को रेलवे ओभर ब्रीज स्थल चंदवा के हॉकर भुटटा विक्रेता वंशी साव, पिता– स्व0 चुल्हन साव को लगभग 07 माह की एक दुध मुही बच्ची मिली है, जिसे तत्काल चंदवा थाना के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चंदवा थाना द्वारा उक्त शिशु (बालिका) को दिनांक 13.09.2023 को बाल कल्याण समिति, लातेहार में प्रस्तुत किया गया है। शिशु (बालिका) वर्तमान में बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, लातेहार के संरक्षण में है।

अतः शिशु (बालिका) या उसके परिवार के संबंध में यदि कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे जिला बाल संरक्षण इकाई, कार्यालय लातेहार को उपलब्ध कराया जा सकता है।

दुरभाष संख्या– 6202846184, 7004889432, 6299162106

प्रकाशन कार्यालय– जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय लातेहार, (समाज कल्याण शाखा) विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय लातेहार।

PR 306925 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,लातेहार।



## GARHWA NAGAR PARISHAD
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
Regd. Office: - Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand

### VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE FOR DETERMINATION OF RATE

**NIQ. No: GNP-01/2023-24** **Date. 13.09.2023**

Online Quotations are invited for the work Construction of Proposed Additional Furnishing Works at Multipurpose Cultural Complex For Garhwa Nagar Parishad (Jharkhand) for non-schedule Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, retailers, Distributors, Timber Merchants and others for items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deal all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deal with. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty and carriage. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Term and Condition**

1. The quotationer shall furnish PAN, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm, final and unconditional.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

**Note :**

1 Date of Publication of E-Quotations on Website — 16.09.2023
2 Last Date/Time of upload of E-Quotations on Website — 24.09.2023 at 05:00 PM
3 Date/Time of opening of E-Quotations — 25.09.2023 at 11:00 AM
4 Name & Address of office Inviting E-Quotations — Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand.
5 Helpline Number — 8409053313
6 e-mail ID — eo.gharhwa.np@gmail.com

**Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in. Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.**

Sd/-
Executive Officer,
Nagar Parishad Garhwa

PR.NO.306964 Urban Development(23-24):D



## कार्यालयः– नगर पंचायत, मझिआँव

E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–21/2023–24

पत्रांक–816,न0पं0/दिनांक–13.09.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं के निरीक्षण, अनुश्रवण, विभागीय बैठक में भाग लेने के साथ–साथ अन्य कार्यो के निश्पादन हेतु नगर पंचायत मझिआँव के सभी कर सहीत बीना चालको के मासिक भाड़े पर सभी वाहन सुरक्षा मानको के साथ सुसज्जित चार पहिया वाहन (Innova/Scorpio/Bolero with AC) की आवश्यकता है। नगर पंचायत मझिआँव द्वारा वाहन को भाडे पर लेने के क्रम में प्रथम स्थान पर Innova द्वितीय स्थान पर Scorpio तृतीय स्थान पर Bolero चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। इच्छुक फर्म/संवेदक/संस्था/व्यक्ति से दिनांक–22.09.2023 तक अपने वाहन की मासिक भाडा विवरणी सभी कर सहित अंकित करते हुए अपना कोटेशन नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय में जमा कर सकते है। संबंधित वाहन के कोटेशन के साथ वाहन का निबंधन प्रमाण–पत्र, इंश्योरेंस टैक्स का प्रमाणक, प्रदुशण प्रमाण–पत्र जमा करना आवश्यक होगा। साथ ही संबंधित वाहनों के मालिको के द्वारा अपने वाहन का कार्यालय में निरिक्षण एवं जाँच कराने के उपरांत ही अपना कोटेशन नगर पंचायत मझिआँव में निर्धारित तिथी तक जमा करेंगें। प्राप्त कोटेशदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरांत न्यूनतम दर दाता की स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन हो जाने के उपरांत वाहन मालिक के साथ अस्थाई रूप से अगले छः माह हेतु एकरारनामा किया जाएगा। वाहन परिचालन के दौरान वाहन में होने वाली सभी तरह की खराबी को तत्काल बनवाने की जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। इस संबंध में विशेश जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव से ली जा सकती है। किसी भी समय इस कार्य को रद् करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 306934 Urban Development(23-24)D

## NEWS इन ब्रीफ

### वज्रपात की चपेट में आकर महिला घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ीवीर निवासी एजाज अंसारी की पत्नी रैतून वीवी उम्र 45 वर्ष बुधवार कि शाम वज्रपात की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि रैतून वीवी बुधवार की शाम अपने घर के पास खड़ी थी।इसी बीच तेज बारिश के साथ वज्रपात की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजनों के सहयोग से उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद वहां के चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद रैतुन बीवी खतरे से बाहर है।

### जहरीला सांप के काटने से युवती की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव निवासी अनिल पासवान की पुत्री ज्ञानति कुमारी उम्र 20 वर्ष को गुरुवार की सुबह 6:00 बजे जहरीला सांप ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में ज्ञानती कुमारी के पिता अनिल पासवान ने बताया कि ज्ञानती गुरुवार की सुबह खेत की ओर गई थी। इसी बीच जहरीला सांप ने उसे काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के चयन का निर्देश



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में गुरूवार को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सदर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर अनूप विलियम ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक उपस्थित थे। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 अंतर्गत लाभुकों के चयन के बारे में जानकारी प्राप्त की जिस पर पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चयन प्रक्रिया ग्राम सभा के माध्यम से होना है। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, सहायक जिला कुकुट पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, जतरू उरांव , पशुपालन ऑपरेटर जितेंद्र खतरी, सुआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपाध्याय सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# शहर में सड़कों पर मटेरियल गिरा अतिक्रमण पर अब लगेगा फाइन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने को लेकर नगरनिगम प्रशासन ने कमर कस ली है। एक ओर जहां निगम क्षेत्र में पार्क और कोयल रिवर फ्रंट बनाकर सोशल कैपिटल को विकसित किया जा रहा है। वहीं अब दूसरी ओर निगम क्षेत्र को साफ सुथरा बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अब निगम क्षेत्र में निजी मकान का मलबा, डेयरी और मुर्गी खाने के अपशिष्ट पदार्थ, घर के गंदे पानी की सड़क पर निकासी, सड़क अतिक्रमण करने पर चालान कटेगा। मेदिनीनगर नगर निगम के उप नगर आयुक्त पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त रवि आनंद के निर्देशानुसार विशेष रूप से टीम गठित कर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नाली अतिक्रमण, सड़क अतिक्रमण, बिल्डिंग मेटेरियल, सड़क अवरोध, ट्रेड लाइसेंस के बिना व्यवसायिक कार्य करने पर ऑन स्पॉट चालान काटा जा रहा है। उन्होंने बताया की निगम क्षेत्र में गंदगी नही फैलाने पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए लाउड स्पीकर और सफाई कर्मियों के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है। वहीं सड़क पर मलबा गिराने से शहरी क्षेत्र में मोटरसाइकिल दुर्घटना भी हो रही हैं। ये ऐसे मलबे होते है। जिसका सफाई कर पाना भी काफी मुश्किल होता है। वहीं कुछ लोग व्यवसायिक मानकों के विरोध जाकर मनमाना ढंग से घर के बाहर हीं वेल्डिंग कार्य कर रहे है। जिससे खतरा हो सकते है। जिसके विरुद्ध कारवाई करते हुए ऑन स्पॉट चालान काटा जा रहा है। उन्होंने बताया की अबतक निगम क्षेत्र के विभिन्न गली मोहल्ला, मुस्लिम नगर, वार्ड संख्या 26, वार्ड संख्या 27, पहाड़ी, वार्ड संख्या 28 एवं वार्ड संख्या 30 में सड़क अतिक्रमण, नाली अतिक्रमण, रास्ते का अवरोध करने आवासीय परिसर क्षेत्र में बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसायिक कार्य करने वालो पर करवाई करते हुए कुल 11 लोगों से 32 हजार रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। ताकि लोगों को सबक मिले और नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और खूबसूरत बनाने में लोगों की मदद मिले। साथ ही कहा कि नाली अतिक्रमण के लिए 5000, सड़क अतिक्रमण के लिए 1000, आम सड़क पर निजी मकान का गंदा पानी निकासी पर 5000, डेयरी और मुर्गी खाने के अप्सिष्ट पदार्थ से गंदगी फैलाने पर 1000 रुपए के ऑन स्पॉट चालान काटे गए।

# खतरनाक हो सकता है लटका हुआ पेड़



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड में एक पेड़ टूट कर बाउंड्री से सटा हुआ है। वह टूटा हुआ पेड़ कभी भी किसी के ऊपर गिर सकता है। यदि समय रहते इस पेड़ को नहीं हटाया गया तो कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है।यह लिप्ट्स का पेड़ पीएचडी आफिस के बाउंड्री पर अधर पे लटका हुआ है। पेड़ का बाउंड्री पर गिरने की लिखित सूचना यहां के स्थानीय लोगों के द्वारा डिएफओ आफिस को कई बार दी गयी है। इसके बाद भी इस पेड़ को नहीं हटाया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही इसी तरह का एक लिप्ट्स का पेड़ नामधारी कॉलोनी में गिरा था जिसके चलते मोहल्ले वासियो को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी।समय रहते इस पेड़ को भी निगम को कटवा देना चाहिय था पर अफसोस अभी तक किसी का ध्यान ही नही है।

## मौसम में उतार-चढ़ाव से अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

# मरीजों का स्ट्रेचर व बेंच पर इलाज जारी

### अस्पताल अधीक्षक बोले- घबराने की जरूरत नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं। अस्पताल में एक भी बेड खाली नहीं है। बेड फुल होने से मरीजों का स्ट्रेचर व बेंच पर इलाज हो रहा है। सबसे अधिक दिक्कत इमरजेंसी वार्ड में आ रही है। यहां सभी बेड पर मरीज भर्ती हैं। ऐसे में चिकित्सक से लेकर मरीज तक संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। वहीं मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है, वहीं रात में गिरते तापमान से ठंड महसूस की जा रही है। मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बदलते मौसम में आमजन वायरल की चपेट में आ रहे हैं। इससे अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सुबह से लेकर शाम तक अस्पतालों में मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। वहीं मौसमी बीमारी के साथ साथ मलेरिया और डेंगू भी पैर पसार चुके हैं। अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि इन दिनों जुखाम, बुखार व खुजली के मरीजों की संख्या काफी वृद्धि हुई है। लेकिन इससे घबराने वाली बात नहीं है। जिसका इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत है, उसे जरा सा भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, बच्चे सर्दी से होने वाली बीमारियों के चपेट में ज्यादा आ रहें है। बुजुर्गों को मौसम में ठंड से बचाव करने की जरूरत है। खासतौर पर जो लोग पुरानी बीमारियों से पीड़ित हैं, उनको बिना वजह बाहर निकलने से बचना चाहिए। मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते और लापरवाही के कारण लोग कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मरीजों को सर्दी की चपेट में आने पर अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार मरीजों को भर्ती किया जाता है। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद ही मरीज को अस्पताल से छुट्टी दी जाती है।

# पलामू में हिंदी दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नेहरु युवा केन्द्र पलामू के द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह स्थित मध्य विद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वंसेवक अमन कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र संगठन पलामू द्वारा रजवाडीह मध्य विद्यालय में हिन्दी पर आधारित निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं एम.के.डी.ए.वी. में भी 14 सितंबर 2023 को डी.ए.वी प्रबंधन कर्तृ समिति नई के प्रधान, डॉक्टर पूनम सूरी एवं डॉक्टर जे.पी शूर डायरेक्टर पी.एस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एम. के. डी.ए.वी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में भी हिन्दी दिवस धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को हिंदी दिवस की बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य डा. जी. एन. खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिंदी आज विश्व में बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा है। आज विदेश में भी हिंदी का बोलबाला है। चीन, अमेरिका जैसे देश भी अपने यहां हिंदी प्रयोग को बढ़ावा दे रहे हैं, जो उनके आर्थिक विस्तार का आधार है। डी.ए.वी. संस्थानों में अन्य विषयों के साथ-साथ हिंदी , संस्कृत पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। हमारे विद्यार्थी हिंदी में भी उत्तम प्रदर्शन कर हिंदी की सेवा करने का काम करते हैं। मैं सभी हिंदी प्रेमियों,विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामना प्रदान करता हूं।

**रेत पर दिखा कला शिक्षक का हुनर :** इस अवसर पर एक समूह छायांकन किया गया। विद्यालय के कला शिक्षक श्री प्रवीर कुमार पात्रा ने रेत पर हिंदी दिवस की एक सुंदर कलाकृति बनाकर सबको सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक श्री कन्हैया राय थे।

**एक अन्य कार्यक्रम में :** हिंदी दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की संचालन संजय कुमार ने किया सर्व प्रथम मां सरस्वती के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान का प्राण है जो सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सुत्र में बांध कर रखने वाली संपर्क भाषा के साथ ही साथ राष्ट्र भाषा भी है। मौके पर संजीत पासवान सनी पासवान उपेंद्र तिवारी संजय चौरसिया दीपक कुमार कृष्णा राम अजीत कुमार संजय मिस्त्री ललन कुमार श्याम पाठक परदुमन तिवारी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए रामनरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाई व भतीजो ने मिलकर 40 वर्षीय व्यक्ति को किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम गगनकेड़ी निवासी जगदीश राम के पुत्र सुरेंद्र राम उम्र 40 वर्ष को अपने ही दो भाई और भतीजो ने बुधवार को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस घटना के बारे में घायल सुरेंद्र राम ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव वालों ने झगड़ा झंझट को लेकर मेरे भाई नंदकिशोर राम और नरेश राम को समाज से अलग कर दिया था। उन्होंने बताया कि मेरे दोनों भाइयों को जब समाज से अलग किया गया तो उनके द्वारा हमें भी गांव वालों से बातचीत करने से मना किया जा रहा था। इसी बीच बुधवार के दिन मेरे दोनों भाई और भतीजा मेरे घर पर पहुंचे और हमारे परिवार के साथ गाली गलौज और झगड़ा झंझट करने लगे। इस बीच उन्होंने मेरे परिवार और मुझे लाठी डंडा से मार कर घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों के द्वारा घायल सुरेंद्र राम को इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने सुरेंद्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सुरेंद्र की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद सुरेंद्र घटना से संबंधित मामला पांडू थाना में दर्ज कर दिया है। इस घटना के बाद से पुलिस मारपीट से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। पांडू थाना के एसआई पप्पू कुमार मेहता से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि इस तरह का मामला थाना में दर्ज किया गया है। मारपीट से संबंधित मामले की जांच कर आरोपियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राशन वितरण की जगह कर दी गई कालाबाजारी

# जांच में मिला गोदाम से राशन का चावल गायब

### डीलर पर प्राथमिकी करने को होगी अनुशंसा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाटन में श्री देवी समूह को अगस्त माह का एनएफएस की चावल 15 जुलाई 23 को डीएसडी के द्वारा दुकानों तक पहुचा दी गई है। लाभुक अगस्त माह की राशन दिलाने की गुहार लगाने हेतु प्रतिदिन सैकड़ो में प्रखण्ड कार्यालय तक पहुचने की लिखित शिकायत आ रही है। शिकायत को जाँच हेतु बीडीओ मनोज तिवारी, एमओ सखिचन्द दास, तथा जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने संयुक्त रूप से बुधवार को नवादा पीडीएस विक्रेता श्री देवी स्वयं सहायता महिला समूह की दुकान की जाँच किया । जाँच के समय पीडीएस दुकान में चावल एक किलो भी नही मिला। जबकि डीएसडी के द्वारा 15 जुलाई को ही अगस्त माह का चावल 45 .50 किवंटल भेजा गया था। चार दर्जन से अधिक कार्डधारी मुखदेव सिंह, मालती देवी, चंचला देवी, बिगन प्रजापति, आमना देवी, बिजय साव आदि ने बताया की अगस्त माह का राशन वितरण नही किया गया है। कुछ लोगो को अगूंठा लगाकर चावल आने पर देने को कहकर राशन नही दिया गया । दुकान के बाहर सूचना पट्ट पर किसी तरह की अपटूडेट अंकित नही था। बीडीओ एवं एमओ ने कहा है की संयुक्त जाँच रिपोर्ट डीएसओ एवं डीसी को भेजकर राशन कालाबजारी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुशंसा करेंगे। जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा की एमओ के मिलीभगत से डीलरों जिनके पास जुलाई में राशन गया अधिकांश डीलरों के गोदाम में चावल नही है। दुकान बंद है। जिला परिषद संग्राम सिंह ने उपायुक्त और डीएसओ से मांग किए की ऐसे भ्रष्ट डीलर को बर्खास्त कर एफआईआर दर्ज कराए और यह मुस्कील की घड़ी में अकाल और सुखाड़ को देखते हुए सभी राशन कार्ड धारियों को अनाज मुहैया कराया जाय।

## राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों ने किया रोष पूर्ण प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के कुम्भी कला पंचायत स्थित महुंगाई के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार नरेश सिंह के सैकड़ो राशन कार्डधारी बुधवार को नावा बाजार प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड खादआपूर्ति पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के दफ्तर पर 3 माह तथा 6 माह से राशन नहीं मिलने की गुहार लगाते हुए रोषपूर्ण प्रदर्शन कर नाराजगी जतायी। लाभुकों का कहना था कि विगत 3 माह से राशन कार्ड धारियों के अनाज का वितरण।नहीं किया जा रहा है। संबंधित पीडीएस दुकानदार नरेश सिंह को निलंबित कर दिया गया है जिस कारण हम लोग राशन कार्डधारी के अनाज लेने में काफी दिक्कत हो रही है तथा 6 माह पूर्व से पीडीएस दुकानदार नरेश सिंह द्वारा पर्ची निकालकर अनाज नहीं वितरण किया गया है। राशन कार्डधारी व पदाधिकारियों के काफी नोकझोंक के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा ने अभिलंब राशन कार्डधारियों के बीच राशन वितरण करने की बात कही। वही प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने पड़वा गोदाम से चावल उठाव कर सभी राशन कार्डधारियों को 15 दिनों के अंदर बकाया राशन वितरण करने की पहल पीडीएस दुकानदार नरेश सिंह से की है। उक्त मौके पर नावा बाजार थाना के पीएसआई मुकेश कुमार, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, एजीएम प्रभु राम, पीडीएस दुकानदार नरेश सिंह, कन्हाई सिंह ,ददन सिंह सहित सैकड़ो महिला पुरुष कार्डधारी मौजूद थे।

## त्योहार | शारदीय नवरात्र की शुरूआत 15 अक्टूबर से

# हाथी पर सवार होकर आयेंगी मां दुर्गा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इस साल शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है। नवरात्रि के दौरान पलामू में कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाये जाते हैं। कई पूजा पंडालों में काम शुरू भी हो गया है।इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है। यह बहुत ही शुभ है। वर्षा और कृषि के लिए उत्तम है। जबकि 23 अक्टूबर को माता का गमन भैंसा पर हो रहा है। यह शुभ नहीं है। 23 को श्रवण नक्षत्र होने से इसी दिन माता का गमन होगा। पंडित मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि शशिसूर्ये गजारूढा शनिभौमे तुरंगमे। गुरौ शुक्रे दोलायां बुधे नौका प्रकीर्तिता। इस श्लोक का अर्थ है कि रविवार और सोमवार को प्रथम पूजा यानी कलश स्थापना होने पर मां दुर्गा हाथी पर आती हैं। शनि और मंगलवार को कलश स्थापना होने पर माता घोड़े पर आती हैं। इस साल की नवरात्रि 15 अक्टूबर रविवार से शुरू होगी और 23 अक्टूबर सोमवार को इसका समापन होगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा विजयादशमी मनायी जायेगी। 15 अक्टूबर अश्विन माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होगी। शारदीय नवरात्रि जो पूरे नौ दिनों की होगी। उन्होंने बताया कि देवी पुराण के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार और रविवार को शुरू होती है ,तो मां दुर्गा का वाहन हाथी पर होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। मंगलवार और शनिवार से नवरात्रि की शुरूआत होने पर मां घोड़े पर सवार होकर आती है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। गुरुवार और शुक्रवार से नवरात्रि शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती है, जो रक्तपात, तांडव जन-धन की हानि का संकेत देता है। उन्होंने बताया कि बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरूआत शुभ मानी जाती है। इसमें मां नाव पर सवार होकर आती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो तो मां दुर्गा भैंस पर सवार होकर जाती है। यह सवारी देश में शोक और रोग बढ़ाती है। शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां दुर्गा मुर्गा पर सवार होकर जाती है। मुर्गा की सवारी दुख और कष्ट बढ़ाने वाली है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि का समापन होने पर मां हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करती है, जो अधिक वर्षा का संकेत देता है। इसका समापन गुरुवार को हो तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार हो जाती है। जो सुख और शांति बढ़ाने वाला होता है।

### नशे में धूत्त चालक ने हाइवा पलटा, हुआ फरार

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार के तरीडीह पंचायत स्थित ग्राम झरहा में देवी धाम के समीप नशे में धूत चालक ने पत्थर से लोड हाइवा को पलट दिया। हाइवा पलटते ही फरार हो गया। पलटी हुई गाड़ी नंबर जे एच 03 ए जे 8845 है। हालांकि इस बीच कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर व गांव के भीड़ भाड़ वाला इलाका होने के कारण यहां पर लोगों का जमावड़ा अन्य जगहों के अपेक्षा ज्यादा होता था। परंतु महज यह एक संयोग ही था कि गाड़ी पलटने के समय वहां कोई नही था, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। जिन सड़कों से पत्थर लोड हाईवा गुजरती है संभवतः वह ग्रामीण सड़क है। इस रास्ते से बड़ी-बड़ी हाईवे के गुजरने से यह सड़क कई जगहों पर इतनी जर्जर हो चुकी है कि वहां गाड़ियां पलटने का डर बना हुआ है जो बड़ी घटनाओं का कारण भी हो सकता है।

# तीसरी रेलवे लाइन के निरीक्षण के लिए पहुंचे रेल सुरक्षा कमिश्नर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पूर्वी मध्य रेलवे के कमिश्नर रेल सुरक्षा एस. मित्रा आज डाल्टनगंज पहुंचे। उनकी यह यात्रा तीसरी रेलवे लाइन जो राजहरा से लेकर चियांकि तक बनकर तैयार है। उसका निरीक्षण था। और उसके ऊपर एक तेज रफ्तार ट्रेन को चलाने की थी।डाल्टनगंज का प्लेटफार्म नंबर एक पर लाल दरी बिछाई गई थी। उसके पटरी पर 9 लाइन मोटर ट्रॉली थी। उसमें से एक ट्रॉली पर आयुक्त रेलवे सुरक्षा मित्रा ने डाल्टेनगंज से राजहरा की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने पटरी रास्ते में पढ़ रहे पुल पुलिया रेलवे गुमटी का निरीक्षण किया । रेल के एक अधिकारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि आज आयुक्त रेल सुरक्षा के मौजूदगी में एक तेज रफ्तार ट्रेन राजहरा से खुलकर चियांक तीसरी रेलवे पटरी पर दौड़ेगी। जिसके लिए मोटर ट्रॉली से पहले ही सुरक्षा के माप डंडों का निरीक्षण कर लिया गया है। पतरातु से यह तीसरी लाइन बीछी शुरू हुई है। जो इस समय गढ़वा जंक्शन तक है। गुरूवार का यह निरीक्षण और तेज रफ्तार ट्रेन का परिचालन राजहरा से चियांक रेलवे स्टेशन के बीच में होना है । राजहरा से चियांकी के बीच में चार रेलवे स्टेशन पढ़ते हैं जो है। राजहरा, कजरी ,डाल्टनगंज और चियांक। इस तेज रफ्तार ट्रेन को राजहरा से चियांकी की दूरी जो 25 किलोमीटर से कुछ दूर पर है। तय करनी है। रेलवे सूत्रों ने आशा जताई है कि जो तीसरी लाइन जो बिछी है। वह सभी रेल के सुरक्षा मापदंडों के कड़ाई से पालन के बाद बिछाई गई है।आयुक्त रेल सुरक्षा के आने पर आज डालटनगंज रेलवे प्लेटफार्म की साफ सफाई काफी की गई थी। प्लेटफार्म पर भिखारी या अन्य लोग जो गुजर बसर करते हैं। वह दिखाई नहीं दे रहे थे। संभवत उन्हें हटा दिया गया था।

आरपीएफ के इंस्पेक्टर प्रभारी बनारसी यादव और उनकी टीम इस पूरे तीसरी लाइन के निरीक्षण और तेज रफ्तार ट्रेन का ट्रायल में ईमानदारी से अपने ड्यूटी पर नजर आए।

## हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, उपायुक्त ने कहा

# मातृभाषा हिंदी को भी संयोजित करें

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में हिंदी दिवस पर समाहरणालय के सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधिगण समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पांडे द्वारा हिंदी दिवस के मौके पर संगोष्ठी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए हिंदी दिवस मनाने को लेकर इसकी विशेष जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह वह दिन है जिस दिन भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को हमारी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था। काफी संघर्ष के बाद हिंदी को हमारे देश की राजभाषा घोषित किया गया। उप विकास आयुक्त राय ने हिंदी दिवस के मौके पर इसके संबंध में अपने वक्तव्य में कहा कि 14 सितंबर को पूरे विश्व में हिंदी दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। यह हमारी मातृभाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा का प्रसार न सिर्फ भारत देश में बल्कि पूरे विश्व में हुआ है। आज के दौर में विश्व के बड़े-बड़े नेता भी हिंदी में बात करते हैं, जो लोगों के बीच काफी प्रचलित हो रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी एक सरल एवं विशाल भाषा है, जिसमें अरबी, उर्दू, फारसी, तुर्की, जापानी, अंग्रेजी, रशियन, चाइनीस, पुर्तगाली आदि कई भाषाओं के शब्दों का समावेश मिलता है। हिंदी को वैश्विक पटल पर और ज्यादा प्रचारित प्रसारित करने के लिए हिंदी भाषा के बोलचाल में शुद्धता बरतते हुए इसके प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है।

इसके पश्चात उपायुक्त जमुआर द्वारा हिंदी दिवस के मौके पर कहा गया कि जिस प्रकार हम सब अपने-अपने विरासतों एवं संस्कृति को बचाकर रखना चाहते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें अपने मातृभाषा हिंदी को भी संयोजित करने की आवश्यकता है। उपस्थित लोगों से हिंदी भाषा का व्यापक प्रचार प्रचार करने एवं अधिक से अधिक इसे बोलचाल के समय प्रयोग में लाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा प्राचीन काल से बोले जाने वाली भाषा है, जो पूर्व से लेकर आज तक समय अनुसार अपना अन्य भाषाओं के शब्दों को भी अपने में मिलाकर कुछ स्वरूप परिवर्तन करती है परंतु इसका मूल रूप बना रहता है। संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर 1949 को हिंदी को राज भाषा घोषित किया गया। हिंदी भाषा के माध्यम से हम अपने भावनाओं, विचारों और भारतीय संस्कृति को समर्थन और सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा के रूप में हमारे दिलों में बसी हुई है और यह एकता और एकत्रितता की भावना को प्रकट करती है। हिंदी भाषा को हमारी भाषा की गरिमा का प्रतीक माना जाता है और हिंदी दिवस हमें इस महत्वपूर्ण भाषा के महत्व को समझाने और मानने का मौका देता है। चूंकि यह हमारी मातृभाषा है। अतः हिंदी के बोलचाल में शर्म की नहीं बल्कि गर्व की अनुभूति होती है। मौके पर उपस्थित विभिन्न पत्रकार बंधुओ द्वारा भी हिंदी दिवस के मौके पर अपने अपने वक्तव्य रखे गयें, जिसमें हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार करने तथा हिंदी भाषा का प्रयोग करने की बात कही गई एवं हिंदी भाषा की विशेषता पर प्रकाश डाला गया।

## हिंदी दिवस सह प्रभात संगीत दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड मेराल स्थित एस जी एन मॉडर्न किंडर गार्टेन में 14 सितंबर गुरुवार को हिंदी दिवस सह प्रभात संगीत दिवस मनाया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान की पहचान एवं आत्मा है। हिंदी भारतीयों में आत्मीयता का एक बड़ा माध्यम है। यह भारतीय संस्कृति, भाईचारा, शिक्षा, व्यवसाय सहित सम्पूर्ण इतिहास का स्रोत है। उन्होंने कहा कि श्री श्री आनंद मूर्ति जी ने पांच हजार अठारह प्रभात संगीत दिए हैं जो विश्व की भिन्न भिन्न भाषाओं में हैं यह प्रभात संगीत आनंद और उत्साह का सागर है।इसमें भाव, भाषा,छंद और सुर की प्रधानता होती है आज सम्पूर्ण विश्व में प्रभात संगीत एक नए घराने के रूप में लोकप्रिय हो रहा है जो ईश्वर प्रेम के प्रकाश फैलाने का काम करता है। यह विश्व बंधुतत्व की भावना को दृढ़ करता है। यह हमें संतुलित जीवन शैली प्रदान करता है। इस मौके पर बच्चों ने भिन्न-भिन्न भाषाओं में बंधु हे निए चलो मुसाफिर आगे बढ़ते जाना त्वंसी सर्वेशम पिता त्वंसि मम देवता, तुम हो मेरे कृष्ण जगत पति मैं तुम्हें चाहता हूं दीवा रात्रि इत्यादि प्रभात संगीत प्रस्तुत किया। हिंदी दिवस सा प्रभात संगीत का अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षिका कुमारी निर्मला, करण कुमार कौशल, रामाशीष राम, आनंद साव, अमानत अंसारी, आबिद अंसारी मनजीत कुमार संजय कुमार पनपत्ति कुमारी पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे।

## 'देश को एकसूत्र में बांधने में हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण'

**गढ़वा।** हिंदी दिवस के अवसर पर आर के पब्लिक स्कूल, गढ़वा में हिंदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में सुबह की प्रार्थना सभा का आयोजन हिंदी में आयोजित किया गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी लोगों को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया और बताया कि हिंदी जनमानस की भाषा है, जो हमारे देश की एकता का सूत्र है। यह एक भावनात्मक भाषा है, जो लोगों के दिल को आसानी से छू लेती है। पूरे विश्व में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का श्रेय एकमात्र हिंदी भाषा को ही जाता है। देश की आजादी के आंदोलन में भी हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। आगे उन्होंने आज स्कूल में इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की बात कही। स्कूल की सभा को संचालित करते हुए अनुप कुमार पांडेय ने हिंदी की महत्ता पर कविता सुनाई और छात्र-छात्राओं को बताया कि हिंदी का प्रयोग करना हीनता का प्रतीक नहीं है बल्कि यह हमारा गौरव है। हिंदी भाषा के प्रति हमारा कर्त्तव्य है कि हमें हिंदी के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें इसका भरपूर सम्मान करना चाहिए। एक भारतीय होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हमें हिंदी के महत्त्व को बढ़ावा देना चाहिए। इस उद्देश्य को लेकर स्कूल में समय समय पर भाषण, निबंध, काव्य पाठ, संगीत व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# हाथियों ने एक ही रात में दो गांवों में किया तांडव

## दो दर्जन किसानों की फसलों को रौंदा



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र में बुधवार की रात्रि जंगली हाथियों ने क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। बुधवार की रात्रि राजबास गांव एवं सीदे गांव में जंगली हाथियों ने लगभग दो दर्जन किसानों की फसलों को रौद दिया।

राजवास गांव के जिन किसानों के फसलों को जंगली हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है उनमें सूर्य देव सिंह, बिनेश्वर सिंह, दिलावर भुईया, बुधन सिंह, सविता देवी, तेतरी कुवर, अविनाश सिंह, बुधन भुईया, रोहित भैया, अवधेश सिंह, रूपनारायण सिंह, शिव प्रसाद सिंह, सुभाष सिंह, मुंद्रिका सिंह, जितेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह शामिल हैं। वहीं सीदे गांव के बिंदु यादव, उपेंद्र कुमार यादव, गोपाल यादव, उमेश यादव, मदन यादव, संतोष यादव, कृष्ण यादव, हुलास सिंह, रूपचंद यादव, की फसलों को जंगली हाथियों ने रौद दिया। बताते चलें कि पिछले दो सप्ताह से अधिक दिनों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक है।

जंगली हाथी दो झुंड में बंट गए हैं। 1 झुंड में 15 से 20 हाथियों की संख्या बताई जा रही है। किसानों ने क्षेत्र से जंगली और हाथी के भगाने की मांग की है। वहीं वन विभाग इस मामले में अभी तक कोई उचित कदम नहीं उठाया है। मामले में पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल, अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा किसानों के फसलों को नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान हुए फसलों को जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

# कैलान जंगल में हथियारबंद उग्रवादियों की धमक से दहशत

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** थाना क्षेत्र के कैलान जंगल में पिछले तीन दिनों से हथियार बंद उग्रवादियों के धमक से गांवों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार हथियारबंद दस्ता की संख्या दस से बारह बताया गया है। कैलान के जंगली क्षेत्रों में तिन दिन पूर्व हथियारों से लैस दस से बारह लोगों को देखा गया है। बताया गया कि उक्त हथियारबंद पूरब दिशा की तरफ से आए थे। हालांकि मवेशी चराने वाले चरवाहे ने देखा है लेकिन वे लोग भी दहशत में हैं। सूत्रों के अनुसार कैलान के ही दामर टोला के तरफ बैठने के लिए

### हथियारबंद दस्ता की संख्या दस से बारह

तिरपाल मांगने गया था लेकिन ग्रामीण ने नहीं दिया। हथियारबंद दस्ता गांवों में प्रवेश नहीं किया है, जिसकी चर्चा गांवों में कानाफूसी हो रही है। कुछ ग्रामीणों कि मानें तो हथियारबंद दस्ता बिहार की तरफ से सोना नदी पार कर आया था। वहीं कुछ की मानें तो पूरब दिशा से आया था। हथियारबंद दस्ता की धमक से ग्रामीण असमंजस में हैं। चर्चा है कि अभी बीड़ी पता का भी सिजन नहीं है तो ये लोग क्यों घुम रहे हैं, तो कुछ की मानें तो कैलान मे एलएनटी कंपनी द्वारा पानी टंकी बनाया जा रहा है हो सकता है लेवी वसूलने आए होंगे। उल्लेखनीय है कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र में पीछले 13 वर्षों से किसी भी नक्सली या माओवादी की गतिविधि नहीं है। फिर भी हथियारबंद दस्ता का भ्रमण पर संदेह हो रहा है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है। हमारे क्षेत्र में कहीं भी नक्सली या माओवादी, टिपीसी भी नहीं है। हो सकता है असमाजिक तत्व हो सकते हैं, फिर भी हमारी निगाह है। यदि कोई भी सूचना मिली तो बख्शे नहीं जाएंगे।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार पर जेएमएम ने की कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़** जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज ने कहा है कि प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों में कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने पिछले दिनों वायरल हुए ऑडियो क्लिप का हवाला देते हुए कहा कि बड़गड़ कि रोजगार सेविका सुनीला एक्का के पति सतीश कुजूर खुलेआम मनरेगा के लाभुक से एम आर सत्यापन के नाम पर पैसे की मांग कर रहे हैं। अभी तक प्रशासनिक स्तर पर उक्त लोगों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इससे प्रतीत होता है कि प्रखंड कर्मियों द्वारा भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मी लाभुकों को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं और कह रहे हैं कि तुमको जहां जाना है जाओ हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पूर्व मुखिया बालदेव टोप्पो के आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि रोजगार सेविका के पति सतीश कुजूर को किसने अधिकार दिया कि प्रखंड में संचालित सरकार की योजनाओं में लाभुकों से पैसे की उगाही कर रहे हैं। यहां के आदिवासियों एवं आदीम जनजातियों को मोहरा बनाकर विकास कार्यों के पैसों कि बंदरबांट की जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़गड़ पंचायत के बढ़नी गांव के मामले में रोजगार सेविका के पति लाभुक से पैसे की मांग कर रहे हैं जो सरासर गलत है उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सतीश कुजूर ने तो प्रखंड के पदाधिकारी हैं न हीं कोई कर्मी वावजूद इसके वे ब्लॉक के एजेंट के रूप में कार्य करते हुए अपना तथा पदाधिकारियों का जेब भर रहे हैं। उन्होंने जिले के वरीय पदाधिकारियों से जेएमएम प्रखंड कमिटी की ओर से मांग कि है की उक्त रोजगार सेविका व उसके पति पर त्वरित रूप से उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रखंड से हटाने कि मांग कि है। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा जेएमएम प्रखंड सचिव अमानत अंसारी, उपाध्यक्ष बालदेव टोप्पो, नुरूल हक, कोषाध्यक्ष अनील प्रसाद, रफीक अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य मेला का उदघाटन 15 सितंबर को अपराहन में करने का निर्णय लिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में 11 स्टॉल लगाये जायेंगे तथा आम लोगो का स्वास्थ्य जांच किया जायेगा। बैठक में जिला परिषद सदस्य बाला रानी,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, जेएस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनन्जय आदि मौजूद थे।

# मेडल विजेताओं को झामुमो न दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** खेलो इंडिया पेंचक सिलेट वुमेन लीग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, जो 27 अगस्त को रांची के विष्वकर्मा स्कूल में सम्पन्न हुआ था, में गढ़वा जिले की बालिका खिलाड़ियों ने 34 मेडल जीत राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विजेता कुमारी, अंशीका कुमारी, रूपा कुमारी, रीतिका कुमारी, प्रियाशु कुमारी, रूपा कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता अंजलि कुमारी, सोनाली कुमारी, साछी कुमारी, इसिका कुमारी, तनु कुमारी, विनिता कुमारी, प्रिंसि कुमारी, आस्था कुमारी, दीछा कुमारी, अवनी कुमारी, स्वेता कुमारी ने सिल्वर मेडल तथा मुस्कान कुमारी, प्रियाशु कुमारी, शंकुतला कुमारी, लकी कुमारी, प्रियका कुमारी, समीछा कुमारी, आकृती कुमारी, स्वेता कुमारी, निलम, ऋतु कुमारी, अम्बे कुमारी, साछी कुमारी, अनुपमा कुमारी, रूपांजली कुमारी श्रृंषटी कुमारी ने ब्रोंच मेडल जीत गढ़वा जिले का मान बढाया सभी खिलाड़ियों के संरछक नितिन तिवारी, टीम कोच राम प्रवेश तिवारी, अजय कुमार, टीम मैनेजर चंद्र कुमार पांडे को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला क्रीड़ा खेल प्रभारी सह खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ने अपने पार्टी की ओर से बधाई और शुभकामना दी।

## हत्याकांड के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मेराल।** हत्याकांड के प्राथमिकी अभियुक्त गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया गांव निवासी महबूब अंसारी पिता स्वर्गीय शोबराती अंसारी एवं परवेज अंसारी पिता अबरार अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायाधीश हिरासत भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि उपरोक्त दोनों के खिलाफ 20 अगस्त को मेराल थाना में गेरुआसोती गांव निवासी अब्दुल सत्तार अंसारी की हत्या में शामिल होने को लेकर प्राथमिक दर्ज थी। महबूब अंसारी तथा परवेज अंसारी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी इसी क्रम में दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायालय में उपस्थापन के बाद हिरासत में भेज दिया गया है।

# डिक्की से 1 लाख 81 हजार रु. उड़ाए



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** शहर में पोपुलर मेडिकल हॉल के सामने से चोरों ने बाइक के डिक्की से 1 लाख 81 हजार रुपये उड़ा लिये हैं। घटना दिन के चार बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी रंजीत प्रसाद यादव श्री बंशीधर नगर निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने आया था। रजिस्ट्रार के नहीं होने की सूचना पर वह अपने साथी अजित पाठक के साथ घूमने मार्किट तरफ आ गया। इस दौरान उसने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा जाकर चेक से 50 हजार रुपये, ग्रीन कार्ड से 40 हजार और एटीएम से 60 हजार रुपये की निकासी किया। रंजीत ने बताया कि पहले से उसके पास 21 हजार रुपये थे। वहीं बसंत राम के पुत्र ने उसे 11 हजार रुपये दिये। 1 हजार रुपये पॉकेट में रखकर बाकी पैसे उसने बैग में डालकर बाइक की डिक्की में रख दिया। उसके बाद वह पॉपुलर मेडिकल हॉल में दवा लेने के बाद सामने सिटी स्टाइल में चप्पल लेने चला गया। चप्पल लेने के बाद बाइक के पास आया तो देखा कि डिक्की में रखा दवा बाहर गिरा है। साथ ही बैग में रखा पैसा गायब है, जिसके बाद उसने तत्काल थाने में जाकर पूरी बात बताई। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति पैसे गायब होने की सूचना दी है। इसके तत्काल बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पैसे की बरामदगी कर ली जाएगी।

# एडमिशन के नाम पर घूस मांगने प्रताड़ित करने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड क्षेत्र के बुका निवासी अमरेंद्र राउत के पुत्र शवलेश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी एवं क्लर्क चंद्रकांत पांडेय पर एडमिशन के नाम पर दो हजार घूस मांगने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि प्लस टू हाई स्कूल भवनाथपुर में नामांकन कराने गया हुआ था जिसमे प्रचार्य अंकित त्रिवेदी द्वारा बोला गया कि जाओ क्लर्क चंद्रकांत पांडेय से मिल लो एडमिशन हो जाएगा। उसके बाद मे क्लर्क से मिला इसमें क्लर्क के द्वारा आज आओ, कल आओ कह कर मुझे परेशान करते रहे। फिर जब सभी बच्चों का एडमिशन हो गया तब हमने कहा की सभी का एडमिशन हो गया मेरा भी कर दीजिए। जिसके बाद मेरे एडमिशन फीस के बाद बतौर रिश्वत मेरे से दो हजार रुपये की मांग की गई। तो हमने कहा कि इतने दिनों से हो जाएगा हो जाएगा बोल रहे थे यही बात था तो आप पहले ही बोल देते हम कही और करा लेते अब तो हम कही के नही रहे। हमने काफी बिनती की लेकिन मेरा एडमिशन नही किए। उन्होंने ने कहा कि बिना पैसे लिए हम एडमिशन नही करेंगे। इसके लिए तुमको जहां पर जाना हो जा सकते हो। और मेरा कागजात वापस कर दिया, जिससे मैं काफी मानशिक रूप से परेशान हूं। प्राचार्य और क्लर्क की मिलीभगत से मेरा कैरियर को बर्बाद किया गया जिससे काफी परेशान हूं।

## गुहार | जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से की मांग

# खरौंधी प्रखंड में खोला जाना चाहिए पेट्रोल पंप




**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** खरौंधी प्रखंड में गुरुवार को खरौंधी बाजार स्थित जिला परिषद धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान एवं खरौंधी व्यावसायिक संघ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिले के उपायुक्त से खरौंधी में पेट्रोल पंप खोलने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने बताया की भवनाथपुर के पेट्रोल पंप के मालिकों के द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से बार-बार खरौंधी थाना को पत्र के माध्यम से खरौंधी प्रखण्ड में फुटकर तेल विक्रेताओं पर पूर्णत पाबंदी लगाने का नाकाम प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया गया की पेट्रोल पम्प भवनाथपुर में स्थित है जो की खरौंधी प्रखंड से लगभग 20 से 25 किलो मीटर दूर है जो खरौंधी की जनता उतना दूर जाकर तेल लेने में असमर्थ है। इसके साथ ही सभी ने बताया की खरौंधी प्रखंड भौगोलिक के अनुसार दों राज्यों उत्तर प्रदेश और बिहार से सटा हुआ प्रखंड है। और यह प्रखंड में कई सालों से सुखाड़ की मार झेल रही है, जिसमें खरौंधी प्रखंड की जनता को रोजी रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो जा रहा है। प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा की प्रखंड की जनता को जहां भी सस्ता सामग्री मिलती है अपना क्रय- विक्रय करते हैं। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की कि खरौंधी प्रखंड में एक पेट्रोल पंप की स्थापित कराई जाए जिससे यहां की जनता को स्वतंत्र रूप से व्यवसाय करने की आजादी मिल सके।

### जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल, हल्की बारिश से बन जाती है तलाब

# शहर से सटे तिलैयाटांड़ मुख्य सड़क की हालत खराब

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना वहां की सड़कों को देखकर लगाया जा सकता है। एक तरफ सरकार गांवों और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है, तो वहीं चंदवा शहर से सटे तिलैयाटांड जाने वाली मुख्य मार्ग की दयनीय हाल सरकारी दावे को उल्टे साबित कर रही है। प्रखंड के कई सड़क रख-रखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है। यह सड़क आज पूरी तरह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इस जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक व राहगीर आए दिन



दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन की उदासीनता से लोग काफी नाराज हैं। कहा जाता है कि सड़क किसी भी इलाके की विकास की पहली पहचान होती है। अच्छी सड़क आम लोगों की सरकार से पहली मांग भी होती है स्थिति यह है कि बारिश में सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई और इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। इस पथ से गुजरने वाली वाहनों को खतरों से खेलते हुए गुजरना पड़ता है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। पानी भरने के बाद ये गड्ढे तलाब बन जाते हैं और काफी खतरनाक और जानलेवा बन गए हैं। लोगों की मानें तो यह सड़क पिछले कई सालों से इसी हालत में खराब पड़ी हुई है। बारिश आने के बाद सड़क की स्थिति और जर्जर हो जाती है। स्थानीय निवासी पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद,रितेश अग्रवाल, जावेद खान, नितीश कुमार, मो मोजम्मिल,राहुल कुमार, इरशाद मुन्ना, दीपक कुमार ने कहा कि इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। सड़क खराब रहने से अक्सर यहां दुर्घटना भी होते रहती है। लोगों की ओर से प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी की गई है लेकिन सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।

# जंगली जानवरों ने गरीब किसान की मकई फसल को रौंदकर किया बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड अंचल के करमा पंचायत अंतर्गत करकरा में जंगली जानवरों के आतंक से किसान भयाक्रांत हैं। बाइट रात में करकरा गांव के गरीब किसान महेंद्र राणा के लगभग एक एकड़ खेत में लगे मकई फसल को जंगली जानवरों ने रौंदकर बर्बाद कर दिया, जिससे पीड़ित किसान को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पीडित किसान द्वारा अंचलाधिकारी एवं वन विभाग को आवेदन देकर क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई गई है। पीडित किसान ने बताया कि इस वर्ष मानसून खराब होने के कारण परिवार पालन-पोषण करने के लिए कर्ज लेकर एक



एकड़ खेत में मकई का फसल लगाया था। फसल पक कर तैयार हो गया था, एक दो दिनों में काटने ही वाले थे, की अचानक रात में हीं जंगली जानवरों ने सारा फसल बर्बाद कर दिया। फसल बर्बाद होने से कर्ज चुकाने के साथ परिवार का भरण-पोषण की चिंता सताने लगी है। पीडित किसान ने पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव से फरियाद कर वन विभाग से क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है।

## संक्षिप्त

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समिति के समक्ष अनुकम्पा पर नियुक्ति के कुल 22 अभ्यावेदन प्रस्तुत किए गए। इनमें से 19 अभ्यावेदन नौकरी के दौरान मृत कर्मियों के आश्रितों से संबंधित थे एवं 3 अभ्यावेदन उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों से संबंधित थे। मृत कर्मियों के आश्रितों को नौकरी से सम्बंधित 19 अभ्यावेदनों में से 15 पर नौकरी देने की अनुशंसा की गई। साथ ही समिति ने उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रित को नौकरी से संबंधित सभी 3 मामलों में नौकरी देने की अनुशंसा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जांच मेले में 300 लोगों की जांच

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन 70 वर्षीय आशा देवी, मोहम्मद वारिस, प्रमुख, बीडीओ नीतू सिंह एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य मेले में फिजिशियन डॉक्टर, नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया तथा परिवार नियोजन के अतिरिक्त करीब एक दर्जन स्टाल लगाए गए थे, जिसमें करीब 300 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। मौके पर डॉक्टर अंकुर, मधुर मोहन, बीपीओ विनोद पांडेय सहित विभिन्न जांच से जुड़े टेक्नीशियन शामिल थे।

### बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**चतरा।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में हिंदी दिवस पर हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद सिंह ने बताया कि 14 से 20 सितंबर तक विद्यालय में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। मौके पर इशिका सिंह, देवराज कुमार, अन्नू कुमारी, प्रिंस कुमार, आनंद कुमार, जितेन्द्र कुमार, सोनू कुमार, समीक्षा सिंह, नारायणी खुशी, शिक्षिका पूनम सिंह, राजू कुमार व शाहनवाज आलम ने सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

### बिजली चोरी करने वालों पर लगाया जुर्माना

**टंडवा।** अवैध तरीके से बिजली जलाने वालों के विरुद्ध गुरुवार को टंडवा थाना क्षेत्र में विभागीय कार्रवाई की गई है। सहायक विद्युत अभियंता हरि मोहन चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठन कर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें बिजली चोरी कर जलाने वाले आठ लोगों के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा टंडवा थाना में लिखित शिकायत की गई है। मंगल सिंह पर क्षतिपूर्ति 12500 रुपये, पारस सिंह पर 48126 रुपये, रामवृक्ष सिंह पर 51309 रुपये, रामदेव रजक पर 46494 रुपये, रंजीत सिंह क्षतिपूर्ति समेत बकाया राशि 45009 रुपये, रामवृक्ष पासवान पर 45009 रुपये, सुनील राम पर 12772 रुपये एवं रेवा साव पर 12500 रुपये क्षतिपूर्ति दंड लगाये गये हैं। इस छापेमारी अभियान में छेदी महतो, ईश्वर कुमार प्रजापति, मो.फिरोज, संतोष कुमार प्रजापति आदि शामिल थे।

### सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं : मधुसूदन चार्य

**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम स्थित दुर्गा मंडप भवन परिसर में चतुर्मास कार्यक्रम किया जा रहा है। चातुर्मास व्रत श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं धर्म सम्मेलन भव्य आयोजन में चातुर्मास व्रत अनुष्ठान में त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से आए हुए स्वामी मधुसुदनचार्य ने बताया कि माटी की काया माटी में मिल जाएगी, न सोना काम आएगा न चांदी आएगी, जब अपने मन में दूसरे के लिए कल्याण की भावना तथा धर्म की भावना हो जाए तो समझ लीजिए कि अपना घर बैकुंड हो गया। यहां सब कुछ है स्वर्ग, नर्क, जगमान, बैकुण्ड सब यही पर हैं। वहीं पिछले दो माह से श्रदालुओं को श्रीभद कथा सुनाकर सभी को भक्तिमय कर दिया। मौके पर संजय लोहार, डब्लू सिंह, बाजरंगी कुमार, ऋषि सिंह, मोतीलाल यादव, कुलदीप यादव, उदय सिंह, कन्हाई सिंह, प्रहलाद सिंह, बब्लू सिंह, दिलीप सिंह, विशुनदेव गंझू, लवकुश यादव, दिलु यादव गुरु यादव, जयप्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, अभिमन्यु सिंह, सनोज सिंह, रजन आदि मौजूद रहे।

### 'अंधेर नगरी चौपट राजा' नाटक का मंचन

महुआडांड। संत जेवियर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. फादर एम के जोस तथा हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष अभय सुकुट डुंगडुंग एवं सहायक प्राध्यापक तथा प्राध्यापिकाओं ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने भारतेंदु द्वारा रचित 'अंधेर नगरी चौपट राजा' नाटक का मंचन भी किया। मौके पर दिव्या लकड़ा, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष अभय सुकुट डुंगडुंग, अनुज लकड़ा, अंशु, फादर डॉ. समीर टोप्पो, कैसलीन जूलियट, फादर डॉ. राजीप, जाफर इकबाल, रीमा रेणु, प्यारी कुजुर, खुर्शीद खान, अमृत मिंज, मैक्सन्टियस कुजुर आदि उपस्थित थे।

### तेतरिया ट्रक मालिक भू रैयत की बैठक हुई

**बालूमाथ।** अंचल अधिकारी कार्यालय में बृहस्पतिवार को सीओ आफताब आलम की अध्यक्षता में तेतरियाखाड़ कोलवरी के महाप्रबंधक व स्थानीय ट्रक ओनर व भू रैयत के बीच त्रिस्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीसीएल मैनेजमेंट के आदेश पाकर पावर सेक्टर का कोयला कम खर्च में हाईवा से परिवहन करने की बात जीएम द्वारा बताई गई, जिसे स्थानीय ट्रक ओनर व भू रैयतों ने साफ मना कर दिया। कहा कि अगर सीसीएल तेतरिया खाड़ से हाईवा द्वारा कोयला का परिवहन करती है तो हजारों परिवार बेरोजगार और भूखे मर जाएंगे। मौके पर जीएम कमल किशोर मांझी, तेतरिया राजहरा माइंस के जीएम कमल किशोर मांझी व सीसीएल कर्मी के अलावे गिरधारी यादव, कृष्ण प्रसाद साहू, सुनील पांडे, प्रदीप यादव, मनोज यादव, गंगेश्वर यादव, संतोष यादव मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक प्रकाश राम ने की मिट्टी संग्रह

चंदवा। पूर्व विधायक प्रकाश राम गुरुवार को मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड के निंद्रा, काली, ढोटी और बैलगड़ा पहुंचे। प्रकाश राम सर्वप्रथम निंद्रा गांव स्थित शहीदों के स्मारक स्थल पंहुचे और वहां वीर शहीदों को नमन किया।

### आये दिन हो रहीं दुर्घटनाएं, नाबालिग भी संभालते हैं स्टेयरिंग

# शहर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ऑटो चालक

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार शहर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं. खास कर ऑटो चालकों की वजह से शहर की सड़कों पर लोगों का चलना दूभर हो गया है। ऑटो चालक सवारी बैठाने या उतारने के लिए जहां मन वहां अपनी ऑटो रोक देते हैं। उन्हें इस बात का भी आभास नहीं होता है कि उनके पीछे भी कोई गाड़ी है। इसकी वजह से ही दुर्घटनाएं होती हैं। मंगलवार को शहर के बाइपास चौक में चालक ने अचानक ऑटो रोक दिया। जिसकी वजह से उसके पीछे आ रही मोटरसाइकिल ऑटो से जाकर टकरा गयी थी और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया था। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने वाली अधिकांश ऑटो ओवरलोड होने के



कारण दुर्घंटना का शिकार होती है।

**पिछले पांच वर्षो में शहर में ऑटो की संख्या पांच गुना बढ़ी :** अनुमान के अनुसार, पिछले पांच सालों में लातेहार शहर में ऑटो की संख्या में करी 10 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में ऑटो की संख्या एक हजार थी, जो आज बढ़कर तकरीबन पांच हजार हो गयी है। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय में आने वाली ऑटो की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। हर चौक-चौराहों पर 25-30 ऑटो खड़ा दिखना आम बात हो गयी है।

**90 फीसदी ऑटो बिना परमिट के चल रहा :** ऑटो चालकों में बहुत से नाबालिग भी हैं। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय आने वाली ऑटो को नाबालिगों चलाते हैं। दूसरी तरफ शहर में 90 फीसदी से अधिक ऑटो बिना परमिट के सड़क पर चल रहा है। प्रावधान के मुताबिक, 16 किलोमीटर की परिधि के भीतर ऑटो का परिचालन करने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त से परमिट इश्यू करना होता है। मिड पाइंट के आधार पर परमिट का निर्गमन होता है। लेकिन यहां बगैर परमिट के ऑटो चालक 16 किलोमीटर तो क्या लातेहार से रांची चले जाते हैं।

# पूजा समिति के राणा सचिव तो मुख्य संरक्षक बने बासु

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के रेलवे क्लब सामुदायिक भवन में दुर्गा पूजा मनाने हेतु रेल कर्मचारियों की बैठक सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में काफी संख्या में रेलवे क्लब के सदस्य समेत सभी विभागों के रेल कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं इस वर्ष दुर्गा पूजा का भव्य आकर्षक प्रतिमा व भव्य पूजा पंडाल पर सहमति बनी. जिसमें 7:50 लाख रुपया खर्च का बजट बनाया गया।

वहीं समस्त विभागों के रेल कर्मचारियों ने पांचवीं बार रेलवे क्लब रेलवे पूजा पंडाल समिति के रंजीत कुमार सिंह राणा (रेल क्रू कंट्रोलर ) को सचिव बनाया गया। सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (सवारी) विकास शुक्ला को पदेन अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूजा कमेटी की निर्णायक मंडली के मुख्य संरक्षक के रूप में विवेकानंद बासु, वरीय अनुभाग अभियंता कार्य निरीक्षक को बनाया गया। जबकि किशोर मालाकार उपाध्यक्ष, राकेश कुमार उपसचिव, ऋषि राज कोषाध्यक्ष, अजय कुमार यादव उप कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही राजेश कुमार राजू, गौरव प्रसाद यादव, गणेश राजवंशी, सतेंद्र तिवारी, बलराम सिंह प्रसाद सचिव, जबकि विद्युत सजावट का कार्य राजू रहमान वरीय अनुभाग अभियंता (विद्युत), ओपी ठाकुर( आर पी एफ इंस्पेक्टर) सचिन कुमार, विनोद शंकर सिंह, नाजमी अनवर एवं शेख फिरोज को सुरक्षा सचिव बनाया गया है। डीके सिंह, बीके पांडेय, संतोष चंद्र, रणजीत कुमार राजू पंडाल सचिव जबकि पूजा व्यवस्था की जिम्मेदारी निरंजन सिंह, सुबोध चंद्र पाल, संजय कुमार, मानस घोषाल एवं राजकुमार यादव देखेंगे। रावण निर्माण की जिम्मेदारी अरुण कुमार, सुमन कुमार, काजमी अनवर, बसंत पाल, देवानंदन आर्या, संजय मिस्त्री एवं राकेश रजक को दी गई। वहीं मुख्य सहायक के रूप में एके द्विवेदी, जेके दास, सरोज कुमार सिंह, वसीर अहमद, अरुण कुमार एवं आरएन यादव नियुक्त किया गया है।

# नावाडीह पैक्स अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत पैक्स अध्यक्ष का चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव पर्यवेक्षक विकास रंजन ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल सात उम्मीदवार एवं कुल वोटरों की संख्या 218 थी। वहीं चुनाव में कुल 206 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें राजवीर साव को 62, विनय कुमार को 50, राजू कुमार को 48, रामकिशोर यादव को 35, वासुदेव साव को 5, राजेंद्र साव को 3 एवं मुकेश कुमार को 1 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार राजवीर साव ने अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को 12 वोट से पराजित कर चुनाव जीत लिया।

# कोयला लाने गई महिला से सुरक्षाकर्मी ने किया दुर्व्यवहार

**शशि पाठक। टंडवा**

आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र से जलावन के लिये कोयला चुनने गई एक महिला के साथ एक पुरुष सुरक्षाकर्मी द्वारा छीना-झपटी व जोर जबरदस्ती करने का एक मामला प्रकाश में आया है। वहीं दो दिनों से सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है एवं लोग दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। महिला सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के पचड़ा गांव की रहने वाली है जो बुधवार सुबह जलावन के लिये कोयला चुनने गई थी। जहां परियोजना क्षेत्र में कार्यरत सिमरिया के सबानो गांव का एक सुरक्षाकर्मी ने उसके साथ काफी अपमानजनक दुर्व्यवहार किया। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते हीं लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। कसियाडीह पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने बयान जारी करते हुवे कहा कि महिला के साथ पुलिस सुरक्षाकर्मी का अपनाया गया व्यवहार शर्मनाक है। प्रबंधन समुचित कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुवे कहा है सीसीएल प्रबंधन व प्रशासन त्वरित संज्ञान लेते हुवे आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई करे। भुक्तभोगी महिला ने भी बड़ा आरोप लगाते हुवे बताया कि कई बाहरियों द्वारा मोटरसाइकिल से बड़े पैमाने पर कोयले की ढुलाई की जाती है। जिनसे रुपये लेकर छोड़ दिया जाता है। जीएम अमरेश सिंह ने कहा कि सुरक्षाकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा था। परियोजना क्षेत्र से कोयला ले जाना जुर्म है।

### पुल के समीप अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**मनिका।** थाना क्षेत्र के सेमर चौक स्थित पुल समीप अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। वहीं आसपास रहने वाले कुछ ग्रामीणों के द्वारा दिन गुरुवार को लगभग 12:30 बजे शव को देखा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय पत्रकारों को इसकी सूचना दिया लोगों द्वारा सूचना मिलने पर स्थानीय पत्रकार व मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह शव स्थल पर पहुंचे। थ्याना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह एसआई प्रदीप कुमार राय, एएसआई मिश्रा मांझी अपने दलबल के साथ मृतक व्यक्ति के शव स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। वहीं मृतक व्यक्ति का शव दो-तीन दिन पुराना लग रहा था शव गलने भी लगा था और उसका सर कुचला हुआ था।

# जिप सदस्य व बीडीओ को व्यवसायियों ने सौंपा मांगपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह बाजार और बस स्टेंड के व्यवसायियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और बीडीओ राकेश सहाय से मुलाकात करते हुए दुकानदारों की समस्याओं से अवगत कराते हुए एक मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से एक दशक से पूरी तरह से जर्जर हो चुके बाजार शेड का नव निर्माण या जीर्णोद्धार कराने की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि दुकानदार अपनी जान जोखिम में डालकर शेड के नीचे दुकान लगाते हैं। जिस कारण दुकानदारों के साथ ग्राहकों के ऊपर भी खतरा मंडराता रहता हैं। इसके अलावा बाजार शेड से पानी निकासी, अंबेडकर चौक से आदर्श नगर मोड़ तक पानी निकासी, अंबेडकर चौक में लगाए गए दो खराब सोलर लाइट की मरम्मत मुख्य रूप से शामिल है। बीडीओ व जिप सदस्य ने इसके लिए जल्द से जल्द योजना बनाकर समस्याओं के समाधान कराने को लेकर आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में विनोद प्रसाद गुप्ता, कृष्णा कसेरा, रवि गुप्ता, हसीब अहमद, दिप्लेश सिंह, सोनू सरदार, स्वरीत छाबड़ा, रिक्की गुप्ता, राजेश वर्मा, राहुल गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, राज सिंह, मदन गुप्ता, फिरोज अहमद समेत संघ के कई लोग शामिल थे।

### विवाद | लोगों ने नियम के विरुद्ध बताया

# भद्रकाली मंदिर कमेटी का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित कमेटी द्वारा जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध व ऐतेहासिक भद्रकाली मंदिर के संचालन हेतु गठित समिति का निवर्तमान प्रबंध समिति के लोगों ने सख्त विरोध किया है। इस बाबत निवर्तमान समिति के सदस्यों, पुजारियों, ग्रामीणों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐतिहासिक तीन धर्म के संगम स्थल मां भद्रकाली मंदिर हम सभी के आस्था से जुड़ा हुआ है। यहां के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, रैयत व दुकानदार संघ मंदिर के पुजारीगण एवं प्रबंधन समिति अपने आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग से मंदिर कार्य का निर्वहन



करते आ रहे हैं एवं प्रशासनिक व्यवस्था के द्वारा मंदिर की पूरी विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा की जाती है। यहां जो भी मूर्तियां बैसकिमति एवं बहुमूल्य स्थापित हैं एवं मंदिर की खुदाई से प्राप्त बहुमूल्य प्रतिमाएं मिली हैं, जिसे सहेज कर सुरक्षित संग्रहालय में रखा गया है। ऐसे में प्रशासनिक व्यवस्था के बिना ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। मंदिर प्रबंधन समिति का निर्माण एक राशि देकर पूरे कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें प्रशासन से पदेन अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सदस्य को हटाया गया है। आज तक धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा किसी तरह का सहयोग एवं रुचि नहीं रहा है ना ही मंदिर प्रबंधन समिति से कोई विचार विमर्श किया गया। जो समझ से परे है एवं नियम के विरुद्ध है, हम सभी आम आवाम बुद्धिजीवी कड़े शब्दों में वर्तमान में धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित कमेटी का सख्त विरोध करते हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री सुनील कुमार चौबे, सिंधिताली, चपरी, भवनाथपुर, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा राज्य सम्पोशित योजना अन्तर्गत टड़हे से भैसाटांड पथ का निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 13.02.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 12.02.2020 था। उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से आपके द्वारा बन्द रखा गया है, तथा इस कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति का ज्ञापांक 150 दिनांक 09.02.2022 एवं ज्ञापांक 342 दिनांक 24.03.2022 तथा निबंधित पत्र का पत्रांक 449 दिनांक 29.06.2021 एवं पत्रांक 100 दिनांक 29.01.2022 द्वारा सूचित करने के बावजूद भी आपके द्वारा अवशेश कार्य को पूर्ण नही करने के कारण दिनांक 24.11.2022 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेश सचिव ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा उक्त कार्य का एकरारनामा को बन्द करने का प्राप्त निर्देश के अनुपालन में उपरोक्त वर्णित कार्य का अंतिम मापी दिनांक 25.09.2023 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को आपके प्रतिनिधि या आप स्वयं उपस्थित रहना सूनिश्चित करेगें अन्यथा संबंधित अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी ही आपको मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 306961 (Rural Work Department) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा पद्मा दूबे, गांगी, तोलरा, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा राज्य सम्पोशित योजना अन्तर्गत गेट नं0 06 से केरवा भाया आर्दश नगर मुख्य पथ तक पथ का निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 23.10.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 22.10.2020 था, परन्तु उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से बन्द रखा गया है, जिसकी सूचना इस कार्यालय से निबंधित पत्र का पत्रांक 1300 दिनांक 12.11.2022 एवं 761 दिनांक 04.06.2022 तथा प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 936 दिनांक 12.08.2022 द्वारा सूचना देने के बावजूद भी आपके द्वारा अवशेश कार्य को पूर्ण नही कराये जाने के कारण दिनांक 24.11.2022 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा उक्त कार्य का एकरारनामा को बन्द करने का प्राप्त निर्देश के अनुपालन में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित करना है कि आपके द्वारा कराये गये कार्य का अंतिम मापी दिनांक 25.09.2023 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को आपके प्रतिनिधि या आप स्वयं उपस्थित रहना सूनिश्चित करेगें अन्यथा संबंधित अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी ही आपको मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 306959 Rural Work Department (23-24)_D

## हिंदी दिवस पर नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन

# हिंदी भाषा का उपयोग विज्ञान के क्षेत्र में भी किया जाय: डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि कला, संस्कृति, साहित्य के क्षेत्र में हिंदी का बहुत अच्छा उपयोग हुआ है लेकिन हिंदी का इस्तेमाल विज्ञान के क्षेत्र में नहीं होता है। वैज्ञानिक कार्यों, खोज आदि में भी हिंदी भाषा का उपयोग हो। इसमें आज के युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। अगर आज की युवा-पीढ़ी चाहे तो इसमें क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने गुरुवार को हिंदी दिवस के मौके पर नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। उपायुक्त ने कहा कि आज के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखनी चाहिए ताकि वर्तमान परिपेक्ष्य वे सफल हो सकें। इससे भाषा और समृद्ध होगी। एक दूसरे की संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा। भाषा को विद्वता से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। भाषा का ज्ञान और किसी विषय का ज्ञान अलग-अलग चीजें होती हैं।भाषा एक माध्यम और साधन है एक इंसान को दूसरे इंसान के बारे जानने का। भाषा को जितना सीखेंगे, उतने ही नये अवसर मिलेंगे। आज देश में हिंदी एक ऐसी भाषा है जो सबसे अधिक बोली जाती है। विश्व के कई देशों में भी हिंदी बोली जाती है। विश्व का हर पांचवां व्यक्ति हिंदी बोलता है। भारत देश में भाषा की विविधता है। अकेले झारखण्ड में 10 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। इसके बावजूद हिंदी एक ऐसी भाषा है जो सबसे अधिक लोकप्रिय है और बोली जाती है। कार्यक्रम में शिक्षकों समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भी हिंदी भाषा पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता, नजारत उप समाहर्ता, सामान्य शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हिंदी से ही राष्ट्रपिता ने राष्ट्रवाद का जोश भरा

पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमाँ ने कार्यक्रम में कहा कि हिंदी का उपयोग अलग-अलग समय में अलग-अलग तरीके से हुआ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने आंदोलन में हिंदी के माध्यम से ही राष्ट्रवाद का जोश भरा। स्वामी विवेकानंद ने भारत देश को भारत माता के रूप में देखा। आज हिंदी का इस्तेमाल सभी जगह हो रहा है। गूगल में भी हिंदी का उपयोग हो रहा है। हिंदी कहीं भी पीछे नहीं हैं लेकिन अगर आपको हिंदी के अतिरिक्त कोई अन्य ग्लोबल भाषा नहीं आती तो कई मौकों पर आपको इसका एहसास कराया जाता है। हिंदी गौरवान्वित करनेवाली भाषा है। हमें हिंदी के उपयोग में इसकी शुद्धता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम मिश्रित हिंदी का उपयोग अधिक करते हैं।

### अधिक से अधिक करें हिंदी का उपयोग

कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि हिंदी का उपयोग अधिक से अधिक उपयोग करें। यह राजभाषा है। आज अंग्रेजी के उपयोग से हिंदी एवं संस्कृत भाषा को नुकसान हुआ। रोजगार के लिए कई क्षेत्रों अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी हो गया है। हम हर भाषा का सम्मान करते हैं। अंग्रेजी का आवश्यकता के अनुसार इस्तेमाल करें। कई मौकों पर अभिभावक बच्चों में ऐसी भावना भरते हैं कि अंग्रेजी बहुत जरूरी भाषा है। उसके बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। किसी समाज/संस्कृति की पहचान भाषा से है। अपनी भाषा को मान सम्मान दें। आज विश्व के कई देशों में हिंदी का इस्तेमाल हो रहा है। अपने क्षेत्रीय भाषा का इस्तेमाल करें।

## बिजली चोरी मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**भंडरा।** बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी दल द्वारा थाने में पांच उपभोक्ताओं के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि पांच उपभोक्ताओं का बिजली का बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बावजूद भी अवैध रूप से एलटी लाइन में तार जोड़कर घरेलू दुकान परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे थे। सहायक विद्युत अभियंता मोहमद जीशान ने तेतरपोका के कृष्णा महतो पर 7200, गंदुर यादव पर क्षतिपुर्ति राशि 6200 एवं बकाया 22920 रुपये, रामदयाल यादव क्षतिपूर्ति 62 सौ जबकि बकाया 21478 रुपये, चरवा उरांव पर क्षतिपूर्ति राशि 62 सौ एवं बकाया 17979 रुपये, आकाशी निवासी इस्माइल अंसारी पर क्षतिपूर्ति राशि 54 हजार रुपये राजस्व क्षति को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। छापेमारी दल में भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा, मानव दिवस कर्मी प्रकाश प्रजापति, जयमंत प्रजापति एव भंडरा थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

## विधायक की पहल पर लगा विद्युत ट्रांसफार्मर

**सेन्हा।** सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही केरा टोली में विगत करीब 4 माह से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा विधायक प्रतिनिधि से की गई थी। विधायक की पहल से बिजली विभाग द्वारा नया ट्रासंफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव व पाहन पतिराम उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों द्वारा विधायक को धन्यवाद देते हुए विधायक प्रतिनिधि और पाहन को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त

### अंचल अधिकारी के नाम पर 20000 की मांग

**कुडू।** कुडू प्रखंड में इन दिनों मोबाइल पर लोगों से अधिकारियों और योजनाओं के नाम पर पैसो की मांग करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। ताजा मामला प्रखंड के ग्राम कोलसिमरी टीला बगीचा का है जहां की एक शिक्षिका सुनीता कुमारी को फोन कर कुडू सीओ के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग की गई। फोन करने वाले ने सुनीता कुमारी को कहा कि अंचल कार्यालय से बोल रहा हूं, आप पैसा इस नम्बर पर भेज दें या कार्यालय आकर सीओ साहब से मिलें। इसके बाद सुनीता ने सारा मामला अपने घर मे बताया और अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह से मिलकर सारी बात बताई। अंचल अधिकारी ने बताया कि इससे पूर्व भी दो तीन लोगों द्वारा इस तरह पैसे मांगे जाने की शिकायत मिली है। ऐसे किसी से भी कोई पैसे की मांग कार्यालय से नही की गयी है। इस तरह फ्रॉड लोगों को एक रुपया देने की जरूरत नही है। ये साइबर अपराधियों का एक हथकंडा हो सकता है।

### विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**लोहरदगा।** हिदी दिवस पर डायट चीरी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। वर्ग- 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में क्विज, निबन्ध लेखन एवं वाचन सम्पन्न कराया गया। सदर प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च वि. कुज्जी, कुडू प्रखंड के रा .उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कैरो प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च वि. हनहट, भंडरा प्रखंड के +2 उच्च वि. ब्राहणडीहा चट्टी, सेन्हा प्रखंड के रा. बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेन्हा, किस्को प्रखंड के रा. उत्क्रमित ऊर्दू उच्च वि. चरहू एवं पेशरार प्रखण्ड में प्रोजेक्ट उच्च वि. मक्का में हिन्दी दिवस पर संकाय सदस्यों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर अमृता सिन्हा, श्याम बिहारी महतो, विजय बैठा, महबूब आलम, ललिता कुमारी और विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की पूर्व छात्र शुभम कुमारी जो वर्तमान समय में वन विभाग में कार्यरत हैं, ने बताया कि भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी है राजकीय इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करके हम सभी को अपने व्यवहार में हिंदी का प्रयोग अधिक करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

### वार्ड सदस्यों का दूसरे फेज का प्रशिक्षण शुरू

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का दूसरे फेज का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसमें नरौली, गुड़ी व गजनी पंचायत के सभी वार्ड सदस्य व मुखिया, ग्राम प्रधान को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मनोज कुमार और प्रणेय सिंह के द्वारा प्रतिनिधियों के कार्यों, अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इस मौके पर उप मुखिया पार्वती देवी,सहजादी खातून,मुनि उरांव,राजकुमार उरांव, लीला भगत, सुभद्रा देवी,जीता उरांव,अयूब अंसारी,सम्भु गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### नए एसपी ने चैनपुर थाने का निरीक्षण किया



**चैनपुर (गुमला)।** गुमला जिले के नए एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को चैनपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना भवन सहित थाना परिसर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह से इलाके के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ,ए एस आई मदन शर्मा,मानिक मार्डी,एस आई राजेश कुमार,एस आई मुकेश कुमार मौजूद थे।

### कैरो पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**कैरो।** बुधवार रात्रि में कैरो थाना क्षेत्र के हनहट पंचायत के हनहट से गितिलगढ़ जाने वाले रास्ते से बालू लदा एक ट्रैक्टर को गस्ती के दौरान जब्त कर कैरो पुलिस ने लाया थाना। जब्त ट्रैक्टर जोन डियर जेएच 01 ईटी 3892 को कैरो थाना में सुरक्षित रखते हुए नियम संगत करवाई कर वरीय पदाधिकरी को रिपोर्ट भेजा गया।

### हिंदी दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**चैनपुर (गुमला)।** प्रखंड के कौशल विकास केंद्र में आज हिंदी दिवस के अवसर पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह ने की। प्रखंड जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि हमें हमेशा ही अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड के सभी कर्मी व शिक्षाविद उपस्थित थे।

### डीएमओ ने किया नदी घाटों का निरीक्षण

**लोहरदगा।** जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने गुरुवार की अहले सुबह से दोपहर तक जिले के विभिन्न बालू घाट का निरीक्षण किया। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने शंख नदी घाट, कैमो घाट, हरमू घाट, भक्सो घाट, जूरिया घाट, तिगरा घाट समेत अन्य नदी घाट का सघन परिभ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाट के आसपास के ग्रामीणों से भी डीएमओ ने बालू के उत्खनन व परिवहन होने संबंधी जानकारी लिया। संबंधित गांव के ग्रामीणों को नदी घाट से बालू के उत्खनन होने पर सीधा सूचना देने की अपील की।

### कृमि दवा खिलाने को लेकर दिया प्रशिक्षण

**सेन्हा।** लोहरदगा बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को कृमि दवा खिलाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार कुमार गिरि व मंसूर आलम ने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चो एव किशोर किशोरियों का स्वास्थ्य और पोषण प्रभावित होता है। जैसे खून की कमी, कुपोषण,उल्टी,दस्त,वजन में कमी आना जैसे अनेकों बीमारी होता है। स्वास्थ्य के प्रति प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए 20 सितंबर आंगनबाड़ी केंद्र में 1 से 2 वर्ष के बच्चे बच्चियों को कृमि का आधा गोली और 2 से 19 वर्ष तक के किशोर किशोरियों को 1 गोली कृमि का दवा देना है. और अपने निगरानी में खिलाना है। मौके पर परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे सभही आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे।

### राणी सती दादी का महोत्सव मनाया गया

**लोहरदगा।** गुदरी बाजार स्थित निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर में भादि अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। श्री रानी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं दादी जी को अलौकिक श्रृंगार की करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। दोपहर 3:00 बजे से 4 घंटे तक समाज की 101 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा पहन कर मंगला पाठ करते हुए दादी जी के मनमोहन भजनें गाएं और दादी जी का दुपट्टा को एक दूसरे को ओढ़ाकर काफी झूमे। भक्ति कार्यक्रम से सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा। उसके उपरांत रात्रि में बाहर से आ रहे भगवती जागरण मंडली के द्वारा मनमोहन भजन जागरण की जाएगी। मंगला पाठ में शकुंतला राजगढ़िया,ममता बंका,कल्याणी पोद्दार,अनीता पोद्दार,सत्यभामा राजगढ़िया,अनीता पोद्दार, मंजुला केरिया, रितु शर्मा,अंजली सराफ, दीपा पोद्दार, शिल्पी पोद्दार, रश्मि अग्रवाल, श्वेता मित्तल, रेखा मोदी, मंजू सर्राफ, सीमा पोद्दार रंजना अग्रवाल, रखिया पोद्दार, अंकिता बंका, रिशु पोद्दार, रेखा मोदी, स्मृता पोद्दार, उषा पोद्दार, रानू पोद्दार, आशा पोद्दार, मोनिका पोद्दार, मंजू पोद्दार, वर्षा पोद्दार, मंजू मोदी, रखिया पोद्दार, उषा टिबरेवाल, आकांक्षा सर्राफ आदि शामिल रहे।

## 52 लोगों मिला को जॉब ऑफर लेटर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह स्टार एलमुनी कार्यक्रम का आयोजन जिला कौशल कार्यालय, लोहरदगा के परिसर में किया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ उपविकास आयुक्त जय ज्योति सामंता द्वारा डीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आठ कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 352 प्रतिभागी ने पंजीकरण कराया जिसमें से 224 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कुल 52 लोगों को जॉब ऑफर लेटर का वितरण किया गया। साथ ही साथ 'स्टार एलमुनि' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें वर्तमान में कंपनियों में कार्यरत लोगों के बीच सम्मान एवं पुरस्कार का वितरण किया गया।

मौके पर जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, आईटीआई के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, एमजीएनएफ फेलो अवनीश विद्यार्थी, परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप व विभाग एवं प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रूही परवीन ने किया।

## जमीन की खरीद बिक्री में अनियमितता का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
समस्त आदिवासी संगठनों द्वारा गुरुवार को सीओ पर जमीन खरीद बिक्री में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मोर्चा निकाला। आदिबासी छात्रसंघ के अध्यक्ष अवधेश उराँव के नेतृत्व में गुरुवार की दोपहर करीब आधा सैकड़ा की संख्या में ब्लॉक मोड़ पहुंचे आदिबासी संगठन के लोगो ने कुडू सीओ की मनमानी नही चलेगी, अंचल कार्यालय हाय हाय आदि नारे लगाए और पुतला दहन किया। ततपश्चात सभी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ मेला के लिए लगाए गए पंडाल में पहुंच धरने पर बैठ गए। एवं सभा के बाद कुडू सीओ द्वारा जमीन खरीद बिक्री में की गई अनियमितता की जांच एवं सीओ को हटाने के लिए उपायुक्त के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। मौके पर राजी पढ़ा प्राथना सभा के सचिव जतरु उरांव, एसीएस के मीडिया प्रभारी अमित उरांव, लोहरदगा के पढ़ा राजा विजय उरांव मौजूद थे।

## जहरीले सांप के काटने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**पेशरार।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखण्ड अंतर्गत हेसाग बाड़ी ग्राम में गुरुवार को अहले सुबह में जहरीले सांप के काटने से एक बालक की मौत हो गई। बालक हेसाग बाड़ी निवासी 10 वर्षीय आलोक असुर पिता बसुवा असुर है। बताया जा रहा है कि आलोक अहले सुबह करीब चार बजे घर के कमरे में जमीन पर सो रहा था, इसी दौरान जहरीले सांप ने अचानक काट दिया। कुछ देर बाद स्थिति बिगड़ने लगी और एक दो घंटे के अंदर ही मौत हो गई। हेसाग पंचायत के मुखिया कुलदीप तिर्की बच्चे के घर पहुंचे, जहां आपदा राहत कोष से मिलने वाले चार लाख रुपये की सहायता को लेकर परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर समझाया गया परंतु परिजन नहीं माने। शव को दफन कर दिया।

## मुलाकात: चैंबर सदस्यों से एसपी ने कहा

# लॉ एंड ऑर्ड प्राथमिकता





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नवनियुक्त पुलिस कप्तान हारिश बीन जमां से लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल एफजेसीसीआई के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो तथा लोहरदगा चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार के संयुक्त अगुवाई में औपचारिक मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष धनन्जय प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, दीपक सर्राफ, राजीव रंजन लोकेश प्रसाद, उत्तम शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद शामिल थे। मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप अपनी व्यापार निर्भीकता से करें, हम सभी अपराध के खिलाफ त्वरित कारवाई हेतु कृत संकल्प हैं।

### अंजुमन इस्लामिया ने दी एसपी को मुबारकबाद

वहीं अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को अंजुमन इस्लामियां के सदर हाजी अफसर कुरैशी के नेतृत्व में तत्कालीन एसपी तथा निवर्तमान एसपी से मुलाकात की। कुरैशी ने कहा के आर रामकुमार से मुलाकात के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य के लिए उन्हें मुबारकबाद दी गई। वहीं हारिश बिन जमां से जिले में अमन शांति व भाईचारा स्थापित करने को लेकर अंजुमन इस्लामिया के द्वारा हमेशा सहयोग करने की बात कही गई। प्रतिनिधिमंडल में अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी सफदर आलम, उप सेक्रेटरी मुजम्मिल अंसारी, उप सदर नेहाल कुरैशी व मुन्ना कुरैशी आदि शामिल थे।

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**
**INDIAN AIR FORCE : RECRUITMENT RAILY**

**सूचना**

10 वायु सैनिक चयन केन्द्र, वायु सेना स्टेशन बिहटा, पटना (बिहार) के चयन अधिकारी Wing Commander A Pradeep Reddy के पत्रांक सं0– 10ASC/290/2/ST(BM) date 08 August 2023 से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना (Indian Air Force : Recruitment Rally) के अन्तर्गत Join the IAF as AIRMEN in Group 'Y' (Non-Technical) Medical Assistant Trade for Intake 02/2023 वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थी वायु ऑफिशियल वेब पोर्टल http://airmenselection.cdac.in पर जाकर ऑनलाईन आवेदन दे सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 306955 District(23-24)D

**उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

लोहरदगा जिला में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य संचालित) के लाभुकों का भौतिक सत्यापन का कार्य **दिनांक 15.09.2023 से 15.10.2023** तक किया जाना है। **यह कार्य अगले 30 दिनों तक किया जायेगा।** विभागीय मार्ग–दर्शिका के आलोक में सभी लाभुकों का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन विभाग को भेजा जाना है। भौतिक सत्यापन का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड/पंचायत सचिवालय के स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में अंचल/वार्ड स्तर पर किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभुकों का यह दायित्व है कि प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे भौतिक सत्यापन अभियान के दौरान प्रखण्ड/अंचल कार्यालय के कर्मी से सर्म्पक स्थापित कर अपना **( नाम/ पिता – पति का नाम/ आधार संख्या/खाता सं0 एवं मोबाईल नं0 इत्यादि)** का भौतिक सत्यापन अवश्य कराये। किसी लाभुक का उक्त अवधि में भौतिक सत्यापन नहीं होने पर नियमानुसार उनका डाटा विलोपन संबंधी कार्रवाई किया जा सकता है, साथ ही यदि किसी लाभुक का पेंशन पूर्व से किसी कारणवश बाधित है, तो वह भी प्रखण्ड/अंचल कार्यालय के कर्मी के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराने के साथ–साथ अपना त्रुटि का निराकरण करा सकते है ताकि पेंशन की राशि उनके बैंक खाते में भेजी जा सके।

अतः लोहरदगा जिला के सामाजिक सुरक्षा पेंशन अन्तर्गत सभी पेंशनधारियों से अनुरोध है कि यथाशीघ्र **(आधार कार्ड, खाता संख्या एवं मोबाईल नम्बर लेकर)** अपने संबंधित **प्रखण्ड/अंचल/पंचायत सचिवालय** आदि में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से करा ले, ताकि आपके बैंक खाते में निर्वाध रूप से पेंशन की राशि का भुगतान किया जा सके।

उक्त सूचनाएँ लोहरदगा, जिला के वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 306933 Lohardaga(23-24)#D

**उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा।**
**(एन0आर0ई0पी0 शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
NIT NO – 04 वर्ष 2023–24

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 25.09.2023 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 26 .09.2023 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 26.09.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | तिगरा हास्पिटल से चराखरी तक 800 फीट पी0सी0पथ निर्माण | 10,45,200.00 | 21000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |
| 2 | लोहरदगा | फारुख अंसारी के घर से मकतब तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 10,99,600.00 | 22000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |
| 3 | लोहरदगा | ग्राम हिरही भुदवापाड़ा मोड़ से नदी टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 9,97,500.00 | 20000.00 | 2500.00 | (2) दो माह |

1 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

PR 306947 (Lohardaga) 23-24 (D)

### नए शिखर पर पहुंचा घरेलू शेयर बाजार

# खुलते ही सेंसेक्स-निफ्टी दोनों ने बनाया नया रिकॉर्ड



**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को कारोबार की शुरूआत नए इतिहास के साथ की। बाजार में कारोबार शुरू होते ही दोनों प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अपने नए लाइफाटाइम हाई लेवल पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स ओपन होते ही 200 अंक से ज्यादा की छलांग लगाकर 67,693.88 अंक के पास पहुंच गया। सेंसेक्स बढ़त के साथ 67,627.03 अंक पर खुला और चंद मिनटों में ही उसने नई ऊंचाई हासिल कर ली। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 67,466.99 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने भी तेजी के साथ 20,127.95 अंक पर खुलकर कारोबार की शुरूआत की। कुछ ही देर में निफ्टी ने भी 20,127.95 अंक का नया ऐतिहासिक उच्च स्तर छू दिया। प्री-ओपन सेशन में घरेलू बाजार मजबूत शुरूआत के संकेत दे रहे थे। प्री-ओपन सेशन में बीएसई सेंसेक्स 160 अंक की बढ़त लेकर 67,630 अंक के पास था, जबकि निफ्टी करीब 60 अंक मजबूत होकर 20,130 अंक के पास था। इससे एक दिन पहले बाजार में अच्छी तेजी रही थी और निफ्टी ने नया रिकॉर्ड बनाया था। बुधवार के कारोबार में निफ्टी पहली बार 20 हजार अंक के स्तर के पार बंद हुआ था। निफ्टी इसी सप्ताह पहली बार 20 हजार अंक के पार निकलने में सफल हुआ है। विगत बुधवार को निफ्टी 20,070 अंक पर बंद हुआ था। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। नास्डैक में जहां 0.29 फीसदी की तेजी रही थी, वहीं डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 70 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था। एसएंडपी 500 में 0.13 फीसदी की हल्की तेजी आई थी। गुरुवार को एशियाई बाजार भी मिश्रित रुख दिखा रहे हैं। दिन के कारोबार में जापान का निक्की 230 अंक से ज्यादा की मजबूती में था, जबकि दूसरी ओर चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 फीसदी और हांगकांग का हैंगसेंग 0.09 फीसदी लुढ़का हुआ था। बड़ी कंपनियों की बात करें तो शुरूआती कारोबार में लगभग सारे शेयर ग्रीन जोन में थे। टाटा स्टील का शेयर सबसे ज्यादा करीब 2 फीसदी चढ़ा हुआ था। टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन और विप्रो जैसे शेयरों में भी 1-1 फीसदी से ज्यादा की तेजी थी।

# जी-20 में जिन सोने-चांदी के बर्तनों में परोसा गया खाना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत दुनिया के तमाम बड़े नेता भारत पहुंचे और इस समिट में हिस्सा लिया। दिल्ली के प्रगति मैदान को जी-20 के लिए पिछले लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। यहां के भव्य कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम में ये बड़ा समिट आयोजित हुआ। इस दौरान विदेशी मेहमानों के लिए कई तरह के खास इंतजाम किए गए थे। जिनमें सोने और चांदी के बर्तन भी शामिल थे, लेकिन अब सवाल है कि जी-20 खत्म होने के बाद इन सोने-चांदी के बर्तनों का क्या होगा?

**भारत मंडपम में होंगे इवेंट्स :** सबसे पहले इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) के तहत आने वाले भारत मंडपम की बात करते हैं। इस कन्वेंशन सेंटर में हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था है और अब जी-20 के बाद इसे तमाम सरकारी कार्यक्रमों और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। आईटीपीओ की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग को लेकर जानकारी ली जा सकती है।

**कहां जाएंगे सोने-चांदी के बर्तन** अब उन सोने चांदी के बर्तनों पर आते हैं, जिनमें विदेशी मेहमानों को खाना परोसा गया था। सवाल है कि अब इन बर्तनों का क्या किया जाएगा। इसका जवाब जानने के लिए हमने आईटीपीओ के पीआरओ संजय वशिष्ठ से बातचीत की। जिसमें उन्होंने बताया कि ये सोने और चांदी के बर्तन हमारे लिए एक धरोहर की तरह हैं। फिलहाल इन्हें यहीं रखा गया है।

### बिजली के बाद अब पेट्रोल के लाले...

# पाकिस्तान में सूख गए पंप, आ गया तेल संकट

**एजेंसी। वाशिंगटन**

बिजली संकट के बाद अब पाकिस्तान में तेल का संकट आने वाला है। ताजा न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान में ऑयल क्राइसिस की आशंका तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान में तेल मार्केटिंग कंपनियों के कई रिटेल आउटलेट सूखे पड़े हैं। पाकिस्तान के अंग्रेजी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। पेट्रोल पंप सूख जाने से ग्राहकों को परेशानी होने लगी है। स्थिति से निपटने के लिए पाकिस्तान के पेट्रोलियम विभाग ने तेल और गैस विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष से उन कंपनियों के खिलाफ विनियामक उपाय शुरू करने को कहा है, जिनके पास तेल की शॉर्टेज हैं। 12 सितंबर को लिखे एक पत्र में तेल महानिदेशक इमरान अहमद ने ऊर्जा मंत्री से इस स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई है। मंत्री ने ओगरा को अपनी प्रवर्तन टीम को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी तेल कंपनियां अपने रिटेल आउटलेट्स में पर्याप्त स्टॉक और आपूर्ति बनाए रखें। ऑयल कंपनीज एडवाइजरी काउंसिल की डेली रिपोर्टों के अनुसार तेल महानिदेशक के पत्र में बताया गया है कि पाकिस्तान के पास वर्तमान में पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल के पर्याप्त भंडार हैं। इसके अलावा, उन्होंने जोर देकर कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी के किसी भी प्रयास को दृढ़ता से हतोत्साहित और रोका जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि किसी भी ऑयल मार्केटिंग कंपनी के खिलाफ विनियामक कार्रवाई की जा सकती है, जो पेट्रोलियम उत्पादों की संभावित देशव्यापी कमी को रोकने के लिए अनिवार्य आवश्यकता से कम स्टॉक बनाए रखता पाया जाता है।

**सीमेंट की मांग में कमी आने की आशंका :** नई दिल्ली। सेंट्रम ब्रोकिंग ने एक रिपोर्ट में कहा कि इस साल कम बारिश और आगामी आम चुनावों के कारण सीमेंट की मांग में कमी आने की संभावना है।

## झारखण्ड सरकार श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय, लातेहार

**पी0 एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला सितम्बर 2023 से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक : 1404 दिनांक: .08.09.2023 के अनुपालन में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन दिनांक: 18.09.2023 को (सोमवार) को बनवारी साहु डीग्री कॉलेज लातेहार के परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

अत: लातेहार जिला के 5वीं/10वीं/इन्टर/स्नातक/आई0टी0आई0 तथा उच्चतर प्रशिक्षणार्थियों एंव लातेहार जिला अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.Apprenticeshipindia.gov.in पर apprenticeship mela page पर जाकर Trainees/Establishment अपना – अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांक 18.09.2023 को पूर्वाह्न 9:00 AM बजे बनवारी साहु डीग्री कॉलेज लातेहार में आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुग्रहित करें।

ह/0
प्राभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
लातेहार

PR 306991 Labour Employment and Traning(23-24)D

## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

**अल्पकालिन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 04/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :– 14.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/09/ 2023-24 | Construction of Road from RCD road Baghbotha to Lohradera Part-D (Length-0.300 km) | 41.835 | एकतालिस लाख तिरासी हजार पॉच सौ रू0 मात्र | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 18.9.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.9.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, रॉची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, रॉची को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (29.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8292435100.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 306965 Rural Work Department (23-24)_D

## झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।
### अल्पकालिन ई– निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा संख्या:- 03/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :–14.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/08/ 2023-24 | Construction of Road from RCD road Baghbotha to Lohradera Part-C (Length-0.600 km) | 95.189 | पंचानब्बे लाख अठारह हजार नौ सौ रू0 मात्र | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 18.9.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.9.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, रॉची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, रॉची को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (29.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8292435100.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 306963 Rural Work Department(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/15/2023-24**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | चतरा जिला के टण्डवा प्रखण्ड अंतर्गत राहम–बड़गांव पथ में कुहुबाद नदी पर पुल निर्माण। | 7,09,65,400.00 | 14,19,500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 22.09.2023 से 02.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय–06.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
iii) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वत: विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :–**e-procurement cell,** कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.10.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.306951 Rural Development(23-24):D

### कारों में छह एयरबैग देना अनिवार्य नहीं : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एयरबैग की संख्या बढ़ाने को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी। पिछली रिपोर्टों के मुताबिक आगामी अक्तूबर महीने से देश में बेची जाने वाली सभी कारों में 6-एयरबैग को अनिवार्य किए जाने की खबर थी लेकिन गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि इस साल की शुरूआत में नए क्रैश टेस्ट नियम लागू होने के बाद से सरकार भारत में यात्री कारों के लिए छह-एयरबैग सुरक्षा नियम को अनिवार्य नहीं बनाएगी। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (अउटअ) के वार्षिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ₹कारों के लिए 6 एयरबैग नियम को अनिवार्य नहीं बनाएगी₹। उन्होंने कहा कि देश में बहुत सी वाहन निमार्ता कंपनियां हैं जो पहले से ही 6 एयरबैग दे रही हैं और वो कंपनियां अपने उन कारों का विज्ञापन भी कर रही हैं।

## ।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा ।।

**-: आम सूचना :-**

गढ़वा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 14.06.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प संख्या 452 दिनांक 15.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी।

राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 14.06.2023 के द्वारा जिला पशुपालन कार्यालय कार्यालय, गढ़वा से संचालित होने वाली योजनाओं के लिए गढ़वा जिला को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का विवरणी निम्न प्रकार है –

| क0 | योजना का नाम | कुल लागत | लागू सब्सिडी (सरकारी अनुदान) 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/नि:संतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 75 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) | लाभुक अंशदान 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/नि:संतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 25 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24800 | 22320 | 18600 | 2480 | 6200 |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800 | 52020 | 43350 | 5780 | 14450 |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (400 लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना | 118200 | 106380 | 88650 | 11820 | 29550 |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | 67500 | 60750 | 50625 | 6750 | 16875 |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण की योजना | 1700 | 1530 | 1275 | 170 | 425 |

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्ते :–**

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा।
2. योजना का लाभुक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सभी महिला/पुरूश/स्वंय सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जायेगा। जिसमें औरतों/दिव्यांग/नि:संतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरान्त चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जायेगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधी ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। चयन प्रकिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है–
(क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो इस संबंध में लाभुक को आवासीय जाति प्रमाण–पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
(ख) चयन प्रकिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
(ग) विगत पॉच वर्शो में जिन परिवारों JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाशित द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुन: अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
(घ) बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना के अन्तर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अंडा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों के कलस्टर में किया जाएगा।
5. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का कियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा।
6. योजना/कार्यक्रम अन्तर्गत पशु/पक्षी शेड आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा।
7. पशु/पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/Dedicated Bank Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तान्तरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वंय का अंशदान एक सप्ताह के अन्दर Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
9. इच्छुक पशुपालक अपने–अपने पंचायत के मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से आवेदन–पत्र प्राप्त कर आवेदन–पत्र पूर्ण रूप से भरकर ग्राम सभा से अनुमोदन उपरान्त संबंधित मुखिया के पास दिनांक 25.09.2023 तक आवेदन–पत्र जमा करेगें।
10. जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा से सिमित मात्रा में आवेदन–पत्र प्राप्त कर सकते है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 307010 (Animal Husbandry)23-24*D

## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 16(रा0)(वि0)/दिनांक 24/07/2023 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत निम्नांकित योजनाओं का लाभ लेने हेतु उनसे विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिसके लिए 30/09/2023 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0 | योजना का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई रू0 में। | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई रू0 में। | अनुदान एवं लाभुक अंशदान का विवरण। | अहर्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | 30 | 0.36 (1600/– रू0 प्रति इकाई) | 1200/– रू0 प्रति इकाई | 400/– रू0 प्रति इकाई | स्वीकृत कार्य में प्रति इकाई सरकार का अनुदान 75 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 25 प्रतिशत निहित होगा। | 1. आवेदनकर्त्ता जलाशय केज कल्चर के लाभुक हो। 2. लाभुक द्वारा केजों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा है तथा लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आकड़ा लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा। |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 101 | 3ए0 | 3.84 (प्रति यूनिट 1.60 लाख) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 की दूरी के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 3 | पुरस्कार | 101 | 02 | 0.60 | सभी वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 30000/– रू0 देय होगा। | शेष लाभुक अंशदान होगा। | – | 1. प्रगतिशील मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य उत्पादकों/उत्कृष्ट हैचरी संचालक आवेदन कर सकते है। 2. तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 3. मछली उत्पादन संबंधित विवरणी पूर्ण हो। 4. वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभाग से मत्स्य स्पॉन प्रात किया हो। 5. आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। |
| 4 | निजी क्षेत्र के तालाब में देशी मांगुर पालन कार्य | – | – | – | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 की दूरी के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |

नोट :– निजी क्षेत्र के तालाब में देशी मांगुर पालन कार्य का अनुश्रवण सहायक मत्स्य निदेशक (अनुसंधान), रॉची के द्वारा किया जायेगा तथा लाभुकों का चयन कलस्टर में किया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 306987 (District) 23-24(D)

ज्ञान की बात

**गलती जीवन का एक पन्ना है लेकिन रिश्ता पूरी एक किताब है। जरूरत पड़ने पर गलती का एक पन्ना फाड़ देना, लेकिन एक पन्ने के लिए पूरी किताब कभी ना खो देना...**

**- अज्ञात**

# सावधानी व सतर्कता जरूरी

***झारखंड*** में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हो गई। मच्छरों पर नियंत्रण के लिए नगर निगम और संबंधित संस्थायें फागिंग नहीं करा पा रही हैं। यही कारण है कि आमलोग बीमार हो रहे हैं। जमशेदपुर और रांची में सबसे अधिक मच्छर जनित बीमारियों के मरीज मिल रहे है। जमशेदपुर में अब तक डेंगू से पीड़ित 4 मरीजों की मौत की भी खबर है। रांची में भी कई डेंगू मरीज अस्पतालों में भर्ती है। झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीजों की पहचान हुई है। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम दस जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं। जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है। यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है।

**पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीजों की पहचान हुई है। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम दस जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं। जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है। यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है।**

रांची में डेंगू के 56 और चिकनगुनिया के 72 मरीज चिह्नित किए गए हैं। धनबाद के महुदा के डेंगू पीड़ित की रिम्स में मौत हो चुकी है। हाल में हुए सर्वे में 300 घरों में डेंगू के लार्वा मिले हैं। यह एक खतरनाक संकेत है। राज्य के कई हिस्से के लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि कई जगहों पर जिला प्रशासन और नगरनिगम डेंगू की रोकथाम के लिए ईमानदार नहीं है। कई प्रकार की जो दवा निकली है,उसकी जानकारी नगर निगम को नहीं है। इसे इनकी लाचारी भी कहा जा सकता है। कई जगहों पर जितनी मात्रा में दवा के छिड़काव की जरूरत है,वह नहीं हो पा रही है। जिस कारण मच्छर मर नहीं रहे हैं। सच्चाई यह है कि मच्छर मारने के लिए करोड़ो रूपये दिखाये जा रहे हैं। लेकिन काम नहीं हो रहे हैं। यह स्थिति अच्छी नहीं है। इस ओर सरकार को आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल मरींजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी है। इनमें से 75 से 80 मरीज ऐसे हैं जिनकी एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। इलाज करा रहे मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी हो गई है। रांची के रातू रोड, बरियातू, इंद्रपुरी, कुम्हार टोली, मधुकम, चुटिया और वर्द्धमान कंपाउंड में डेंगू के कई ऐसे मरीज हैं, जो घर में ही इलाज करा रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार रांची में जनवरी से अगस्त तक 786 लोगों की डेंगू और चिकनगुनिया की जांच की गयी है। वहीं, दो ऐसे मरीज हैं जिन्हें डेंगू और चिकनगुनिया दोनों है। रिम्स में 77 डेंगू पीड़ितों का इलाज चल रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी लैब में हो रही जांच में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। झारखंड में डेंगू के सबसे अधिक मरीज पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में हैं। डेंगू और चिकगुनिया के बढ़ते मामले को देखते हुए राजधानी रांची में प्लेटलेट्स की मांग में इजाफा हुआ है। हर दिन लगभग 10 यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत रांची में है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में जहां प्लेटलेट्स की जरूरत 96 यूनिट थी, वह अगस्त से लेकर अब तक 252 यूनिट हो गयी है। रांची के 18 ब्लड बैंकों में 11 में एक यूनिट भी प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हैं। वहीं 7 निजी ब्लड बैंकों में 66 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध हैं। हालांकि यहां भी समय पर प्लेटलेट्स मिल जायेगा, इसकी गारंटी नहीं है। रिम्स की ओपीडी में हर दिन 120 से ज्यादा मरीज डेंगू या इसके समान लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। जांच लिखने पर भी जांच कराने से कतराते हैं। 2-3 दिन में रिपोर्ट के साथ रिव्यू के लिए बुलाने पर भी नहीं आते। ओपीडी में ऐसे रोगी भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें 7 दिन से अधिक समय से बुखार है। वहीं, यहां भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। मच्छर जनित बीमारियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है।

# भारतीय मत्स्यपालन: एक उभरता क्षेत्र

***अब*** जबकि भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, मत्स्यपालन क्षेत्र इस यात्रा में अपना दायित्व निभाने के लिए आगे आया है। प्रधानमंत्री की 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' की बदौलत, पिछले नौ वर्षों में भारतीय मत्स्यपालन एक उभरते हुए क्षेत्र के रूप में सामने आया है और यह देश को अग्रणी नीली अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ा रहा है।

कुल 8000 किलोमीटर से अधिक लंबे समुद्री तटों, विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र, कुछ सबसे बड़ी नदियों व जलाशयों और महत्वपूर्ण रूप से मेहनती मानव पूंजी से समृद्ध भारत में हमेशा मत्स्यपालन के विकास की अपार संभावनाएं रही हैं। लेकिन शायद पिछली सरकारों की उपेक्षा, उदासीनता और नीतिगत निष्क्रियता ने इन संभावनाओं को कभी भी साकार होने ही नहीं दिया। विभिन्न रिपोर्टों से यह पता चलता है कि आजादी के बाद से 2014 तक, केन्द्र सरकार मत्स्यपालन के विकास के लिए 4000 करोड़ रुपये से भी कम की राशि जारी कर सकी।

विभिन्न गीतों और कहानियों में 'महासागर के राजा' के रूप में प्रशंसित एक मछुआरा वास्तव में अपनी आजीविका कमाने के लिए हर दिन संघर्ष करता रहा। प्रसिद्ध तमिल अभिनेता एम. जी. रामचन्द्रन (एमजीआर) ने अपनी फिल्म 'पडागोटी' में मछुआरों की इस दुर्दशा को पूरी संवेदनशीलता के साथ दशार्या था। मछुआरों की पीड़ा एवं उनके संघर्ष और असंवेदनशील व्यवस्था के हाथो उनके शोषण एवं बेबसी के इस दर्दनाक चित्रण ने दर्शकों के मन में एक अमिट छाप छोड़ी थी।

यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही थे जिन्होंने हमारे मछुआरे समुदाय के लिए इस नीली अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं को समझा और इस क्षेत्र का प्रणालीगत विकास शुरू करने का निर्णय लिया। उनके नेतृत्व में, केन्द्र सरकार ने नीली क्रांति योजना (2015- 5000 करोड़ रुपए) और फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (2017- 7522 करोड़ रुपए) के माध्यम से सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की। इन योजनाओं ने भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की, जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया और 2.8 करोड़ मछुआरों के जीवन को प्रभावित किया। जैसे-जैसे भारतीय मत्स्यपालन आगे बढ़ना शुरू हुआ, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2019 में इसके केंद्रित विकास के लिए एक नया मत्स्यपालन मंत्रालय बनाया।



जब भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र एक बड़ी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा था, अचानक कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण दुनिया रुक गई। लेकिन, नेतृत्व ने इस संकट को एक अवसर में बदल दिया और सितंबर 2020 में 20050 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) लाकर मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की, जो भारतीय मत्स्यपालन के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

इस नए निवेश और केन्द्रित ध्यान की बदौलत, पीएमएमएसवाई ने मछली के उत्पादन, उसकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया से जुड़े बुनियादी ढांचे और विपणन तक की मत्स्यपालन की मूल्य श्रृंखला में मौजूद महत्वपूर्ण अंतराल को पाटना शुरू कर दिया। इसने प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है: समुद्री मत्स्यपालन, अंतदेर्शीय मत्स्यपालन, मछुआरों का कल्याण, बुनियादी ढांचा और मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया का प्रबंधन, ठंडे पानी में मत्स्यपालन, सजावटी मत्स्यपालन, जलीय स्वास्थ्य प्रबंधन, समुद्री शैवाल की खेती आदि।

पिछले नौ वर्षों के दौरान केन्द्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और मछुआरों को शामिल करके

**भारत में हमेशा मत्स्यपालन के विकास की अपार संभावनाएं रही हैं। लेकिन शायद पिछली सरकारों की उपेक्षा, उदासीनता और नीतिगत निष्क्रियता ने इन संभावनाओं को कभी भी साकार होने ही नहीं दिया।**

**मत्स्यपालन**

केन्द्र सरकार द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों ने भारतीय मत्स्यपालन की स्थिति में नाटकीय रूप से परिवर्तन ला दिया है। कुल 107 से अधिक मछली पकड़ने से जुड़े बंदरगाह और मछली लैंडिंग केंद्र जैसे मुख्य बुनियादी ढांचे का निर्माण/आधुनिकीकरण किया गया है जो सुरक्षित लैंडिंग, बर्थिंग और लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आवश्यक हैं। कोचीन, चेन्नई, मुंबई, विशाखापत्तनम और पारादीप में प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया गया है। मछुआरों की आय सीधे तौर पर मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया के प्रबंधन से जुड़ी होती है। यानी मछुआरों की आय मछली के भंडारण, संरक्षण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था पर निर्भर करती है। कुल 25000 से अधिक मछली परिवहन सुविधाओं, 6700 मछली कियोस्क/बाजारों और 560 कोल्ड स्टोरेज को दी गई मंजूरी के साथ, जमीनी स्तर पर मत्स्यपालन का यह बुनियादी ढांचा तेजी से मजबूत हो रहा है।

मछुआरों को खुले समुद्र में जोखिम और कामकाज की खतरनाक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। इन जोखिमों को कम करने के लिए, 1043 मौजूदा मछली पकड़ने वाले जहाजों के उन्नयन, 6468 नावों और 461 गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों के प्रतिस्थापन और उपग्रह आधारित संचार का उपयोग करके समुद्री मछली पकड़ने वाले जहाजों पर एक लाख ट्रांसपोंडरों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। पीएमएमएसवाई ने अंतदेर्शीय मत्स्यपालन को पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकाला और उसमें प्रौद्योगिकी का समावेश किया, जिससे कई प्रतिभाशाली एवं उद्यमशील युवाओं को मत्स्यपालन के उद्यम को अपनाने की प्रेरणा मिली। आज, कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी पुनर्चक्रण पर आधारित मत्स्यपालन प्रणाली (रीसक्युर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) का उपयोग करके ठंडे पानी के रेनबो ट्राउट का कुशलतापूर्वक पालन कर रही हैं। बायोफ्लॉक द्वारा पाले गए झींगा की बदौलत नेल्लोर के मत्स्यपालन से जुड़े उद्यमी सफल निर्यातक बन गए हैं। पीएमएमएसवाई ने मत्स्यपालन को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों तक विस्तारित करने में मदद की है। लगभग 20000 हेक्टेयर के ताजा तालाब वाले क्षेत्र को अंतदेर्शीय जलीय कृषि के अंतर्गत लाया जा रहा है। यहां तक कि चारों ओर भूमि से घिरे हरियाणा और राजस्थान के किसान भी जलीय कृषि के माध्यम से अपनी खारी बंजर भूमि को सफलतापूर्वक धन देने वाली भूमि में परिवर्तित कर रहे हैं। पीएमएमएसवाई ने मछुआरा समुदाय की महिलाओं को सजावटी मत्स्यपालन, मोती के उद्यम (पर्ल कल्चर) और समुद्री शैवाल की खेती जैसे लाभकारी विकल्प और वैकल्पिक आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाया है। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में हाल ही में शुरू किया गया 127 करोड़ रुपये का समुद्री शैवाल पार्क वास्तव में मोदी सरकार का एक अग्रणी कदम है। बीज, चारा और नस्ल मत्स्यपालन क्षेत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं। पीएमएमएसवाई ने 900 मछली चारा संयंत्रो एवं 755 हैचरी को सक्रिय किया है और यह चेन्नई में भारतीय सफेद झींगा से जुड़े अनुसंधान एवं आनुवंशिक सुधार, विशिष्ट रोगजनक मुक्त ब्रूड स्टॉक के विकास और अंडमान में बाघ झींगा (टाइगर श्रिम्प) से जुड़ी परियोजनाओं को समर्थन प्रदान कर रहा है। नीली अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के केंद्र में मछुआरों और मत्स्यपालन से जुड़े उद्यमियों का कल्याण एवं उनके जीवन की बेहतरी है। मंदी और प्रतिबंध की अवधि में मछुआरों को पोषण संबंधी सहायता, एकीकृत तटीय गांवों का विकास, मछुआरों की सहायता के लिए सैकड़ों युवा सागर मित्र, समूह दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से संस्थागत वित्तीय सहायता जैसे कई उपाय भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र के व्यापक विकास के पूरक हैं। भारतीय मछुआरों के साथ मोदी सरकार की साझेदारी ने उन्हें सशक्त बनाया है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और गर्व की भावना आई है। देशभर के मछुआरों को दिल्ली के लाल किला में स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया था।

**- डॉ. एल मुरुगन,**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री, भारत सरकार**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त कि वास्तविक कहानी***

***भक्त*** पीढ़ी दर पीढ़ी सुनी सुनाई लोककथाओं और मान्यताओं के आधार पर देवी देवताओं की पूजा करते हैं। लेकिन यह भूल जाते हैं कि सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथ प्रमाणित करते हैं कि पूर्ण परमात्मा वह है जिसने आत्मा सहित सर्व ब्रह्मांडों का निर्माण किया है। तत्वज्ञान की कमी के कारण भक्त देवी देवताओं की ही पूजा करते हैं जो आत्माओं को कोई लाभ नहीं देता। देवी देवताओं की पूजा साधना आत्माओं को काल के जाल में फंसाए रखने में सहायक होती है। आत्माएं जन्म मरण के चक्र में सदा सदा के लिए फंस जाती हैं। पूर्ण परमात्मा के विधान के अनुसार, धर्मराज (यम) के दरबार में आत्माओं के हर कर्म का हिसाब रखा जाता है। बुरे कर्म करने वाले को धर्मराज के दरबार में दंड मिलता है और अच्छे कर्म करने वाले को उसका अच्छा प्रतिफल मिलता है। इस लेख में, हम धर्मराज (यम) के नाम से प्रसिद्ध देवता जो हर आत्मा के कर्मों का पूरा हिसाब रखते हैं उनकी पूजा का विश्लेषण करेंगे और समझेंगे कि:

धर्मराज (यम) हमारे कर्मों का लेखा-जोखा कैसे रखते हैं?

धर्मराज (यम) के दरबार में क्या होता है? धर्मराज (यम) पूज्य देवता हैं या नहीं?

क्या धर्मराज (यम) की पूजा से मोक्ष प्राप्त हो सकता है?

भक्तों को धर्मराज (यम) से कौन बचा सकता है?

आगे बढ़ने से पहले आइए यह जान लेते हैं कि धर्मराज (यम) कौन है? तथा इसके साथ ही यह लेख निम्नलिखित विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा ।

धर्मराज (यम) कौन हैं?

चित्रगुप्त कौन हैं?

सतगुरु धर्मराज (यम) द्वारा लिखे गए खाते को रद्द कर देते हैं। सर्वशक्तिमान कबीर जी द्वारा स्वामी रामानंद जी को धर्मराज (यम) के दरबार का दर्शन

# ड्रग्स की राजधानी बनने से कैसे बचे दिल्ली



डॉ. रमेश ठाकुर

***दिल्ली*** में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदार्थों की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है। एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार इस कदर फैल चुका है, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं।

हालांकि, इतना तो सभी जानते हैं कि किस्म-किस्म के महंगे मादक पदार्थों का सेवन कोई आम इंसान तो करेगा नहीं। इसके लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है इसलिए कोकीन, अफीम जैसे उच्च कोटि के नशीले पदार्थ के खरीदार भी बड़े लोग ही होते हैं। देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह है, जहां सरकार से लेकर ब्यूरोक्रेट लॉबी, बड़े उद्योगपति व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनके रहन-सहन, जीने के तौर-तरीके से सभी वाकिफ ही हैं। फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती। दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं। निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है जिसके के लिए ये कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेटस सिंबल समझने लगे हैं। इसकी गिरफ्त में बहुत कम या ज्यादा समूचे देश का युवा फंसा है। इसकी पहुंच स्कूल-कॉलेजों में हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के एक नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े ओहदेदार का पुत्र था। अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया, ताकि पहचान उजागर न हो। मादक पदार्थ कारोबार में शामिल बड़े लोगों की पहचान कभी सार्वजनिक नहीं की जाती। ये दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं। राजधानी में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है क्योंकि सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कोरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी में बीते 3 साल में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकेन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी। जबकि, इस साल ये डाटा सिर्फ 4 महीने में उससे कई गुना ज्यादा हुआ। अभी तक 4396 किलो अफीम बरामद हो चुकी है। बीते

**दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा।**

**नशे का कारोबार**

पांच-छह साल से ड्रग्स का धंधा धड़ल्ले से शाम के वक्त पॉश इलाकों में चलता है। दिल्ली में सफेदपोश या बड़े लोगों के घरों में पार्टी-फंक्शन हो और उसमें ड्रग्स का वितरण ना किया जाए, ऐसा हो नहीं सकता। राजधानी दिल्ली और उससे सटे इलाकों में ड्रग्स का कारोबार आग की तरह फैल रहा है। दिल्ली में शनिवार को 40 करोड़ की अफीम पकड़ी गई, जिसकी सप्लाई लुटियन जोन सहित दूसरे पॉश इलाकों में होनी थी। स्पेशल सेल के पास पूरी जानकारी है कि अफीम की सप्लाई कहां-कहां और किन-किन लोगों में होनी थी।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# इंडिया महागठबंधन की बड़ी बाधा न बन जाये 'आप'



ललित गर्ग

***आज*** की राजनीति सत्ताकांक्षी अधिक है, जबकि उसका मूल लक्ष्य राष्ट्र-निर्माण एवं राष्ट्र उन्नति कहीं गुम हो गया है। हर राजनैतिक दल राष्ट्रहित नहीं, अपने स्वार्थ की सोच रहा है। जैसे-जैसे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं अगले वर्ष आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हर दल येन-केन-प्रकारेण ज्यादा-से-ज्यादा वोट प्राप्त करने की तरकीबें निकाल रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के महागठबंधन 'इंडिया' के बनने से पहले ही उसमें सीटों एवं शीर्ष नेतृत्व को लेकर फूट, अलग सुर, ऊंची महत्वाकांक्षा और बेतरतीब तालमेल दिखने लगा हैं। इसमें सबसे ज्यादा अति-महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी सेंध लगा रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सीटों से चुनाव लड़ने की उसकी घोषणा ने इंडिया में खलबली मचा दी है। निश्चित ही वर्तमान राजनीति परिवेश में आम आदमी पार्टी ने अपनी स्वतंत्र जगह बनाई है, भविष्य में यह दल प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभर कर सामने आ जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। राजनीति में अक्सर यह कहा जाता है कि जो दिखता है वह होता नहीं और जो होता है वह दिखता नहीं। विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में बेनतीजा रही। इसमें नेतृत्व के मुद्दे और सीटों को लेकर फैसला लिया जाना था, उस पर अब भी आपसी सहमति नहीं बन पाई है। सहमति बनाना आसान भी नहीं दिख रहा है। महागठबंधन में सबकुछ ठीक दिख नहीं रहा है। कोलकाता में भी ममता दीदी को नेतृत्व करने के लिए आवाज उठ रही है। महागठबंधन में भले ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साथ दिख रहे हों लेकिन कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ही ममता को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए जी-20 के भोज में शामिल होने पर कटाक्ष कर चुके हैं। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी के नेता नेतृत्व की मांग कर चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है। हर राज्य में अमूमन कुछ न कुछ यहीं स्थिति है। ऐसे में महागठबंधन की राह आसान तो कतई नहीं है।

आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ सालों कई राज्यों तक अपना विस्तार कर लिया है। दिल्ली के बाद उसने पंजाब में सरकार बनाई है, गुजरात में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी किस्मत अजमाने के साथ इसी कड़ी में बिहार में भी चुनाव लड़ने जा रही है। असल में गतदिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने अपने बिहार के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। उस बैठक के बाद ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने बताया कि पार्टी बिहार में भी चुनाव लड़ेगी। उनके मुताबिक चुनाव लड़ने या ना लड़ने का सवाल ही नही उठता है, चुनाव में तो उतरना ही पड़ेगा। अब आम आदमी पार्टी के इन मंशाओं एवं घोषणाओं का इंडिया महागठबंधन पर असर होना स्वाभाविक है। आरजेडी नेता और सांसद मनोज झा ने दो टूक कहा है कि जिस समय विपक्षी एकता की नींव रखी गई थी, ये साफ किया गया था कि सभी पार्टियों को कुछ नियमों को पालन करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आम आदमी पार्टी भी उन सिद्धांतों का पालन करेगी। वैसे आम आदमी पार्टी के लिए बिहार कोई पहला राज्य नहीं है जहां वो दूसरे दलों के विरोध के बीच उतरने की बात कर रही हो। कुछ दिन पहले ही आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में

**आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है।**

**राजनीति**

चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दोनों ही राज्यों में उनकी तरफ से कांग्रेस पर निशाना भी साधा गया। इसी कड़ी में दिल्ली में कांग्रेस ने भी तल्ख तेवर दिखाते हुए कह दिया कि सातों सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। यानी कि हर तरफ इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती वाली स्थिति बन रही है। अब आम आदमी पार्टी की मंशा यह भी है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में चुनाव न लड़े। विपक्षी गठबंधन की पटना बैठक के दौरान आप नेताओं ने अपने बयानों में इस बात का जिक्र भी किया था। आप नेताओं ने ऐसा करने पर कांग्रेस के साथ आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सहयोग करने के लिए राजी होने के संकेत दिए थे।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पार्टी बदलना है...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ह्यउरतृप्तह्न, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

कद्दावर नेता अपने भूतपूर्व होने वाली पार्टी के मुखिया के सामने बैठे थे। उन्होंने अपना दुखड़ा सुनाना जारी रखा - ''देखिए मैं इस पार्टी का पुराना चावल हूँ। आप जानते भी हैं कि मेरे विचार पार्टी के लिए कितने काम आए हैं। इतना ही नहीं मेरे विचार काफी कीमती भी रहे हैं। चूँकि अब पार्टी का दबदबा कम हो गया है और आने वाले चुनावों में जीतने के आसार कम हैं, इसलिए पार्टी बदलने के बारे में विचार कर रहा हूँ। अतः आप से निवेदन है कि आप मेरे इन विचारों को अपने पास गिरवी रख लें। इसके बदल में मुझे केवल इतना आश्वासन दें कि जब भी पार्टी की स्थिति सुधर जाए तो मुझे पुनः जोड़ लें। जोड़ते समय केवल इस बात का ध्यान रखें कि बिना किसी आनाकानी के मुझे जोड़ लें। अब जो सौहार्द भाव तब भी उसी तरह भाव बना रहे। मेरे विचारों आपकी छाप है, पार्टी अध्यक्ष के हस्ताक्षर भी इसमें हैं। किसी समय पार्टी में इनकी बड़ी कद्र थी। ये अभी भी अच्छी हालत में हैं, इसलिए मेरे लड़के को ये विचार देकर खुद दूसरी पार्टी में जाना चाहता हूँ। इससे लाभ यह होगा कि लड़का हार भी जाए तो मैं सत्ता वाली पार्टी में बना रहूँगा और यदि मैं हार गया तो बेटा सत्ता वाली पार्टी में बना रहेगा। इससे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हम दोनों कहीं भी रहें हमारा लाभ बना रहेगा। विचार भी जीवंत रहेंगे।''

''ये विचार तो हमारे ही हैं, आपके कैसे हुए?'' गंभीर हो चुके मुखिया ने पूछा।

''ऐसा है कि पार्टी की स्थापना के समय में, मेरा मतलब है कि आरंभिक समय में मेरे बाऊजी बड़े इसी पार्टी के कार्यालय में बैठकर गप्प हाँका करते थे। उनकी गप्प ही आगे चलकर पार्टी की विचारधारा बनी। वहीं से वे विचार मुझ तक आए। इन्हें मैंने आगे चलकर लिख लिया। कभी बिखर न जाएँ इसके लिए अलमारी में संभालकर रख दिया। किंतु नई पार्टी में ज्वाइन करने में ये विचार अड़चन बन रहे हैं। अब यह मेरे किसी काम के नहीं हैं इसलिए ......।'' कद्दावर नेता ने अपनी सफाई दी।

''ठीक है..., अब आप अपने विचार अपने बेटे को देकर उसे हमारी पार्टी में ज्वाइन कराना चाहते हैं। क्या इसे अपने बेटे को न देकर किसी और को देते तो क्या दिक्कत आती। आपके साथ तो कई सारे कार्यकर्ता हैं, उन्हें भी तो दे सकते थे?''

''चहता तो था कार्यकता को दे दूँ। बाद में ध्यान आया कि इतने साल बाद जब मैं बदल सकता हूँ तो वह कैसे नहीं बदलेगा। इसलिए राजनीति में विचारों का हस्तांतरण परिवारवाद के आधार पर होना चाहिए। इसीलिए मैंने अपने विचार बेटे को देने का निर्णय किया है।''

''और क्या चाहते हैं आप?''

''देखिए ये बहुत कीमती विचार है। इन विचारों से देश में कई सरकारें बनी हैं और चलीं भी हैं। इस हिसाब से कीमत अमूल्य होना चाहिए लेकिन मैं मात्र अपने बेटे के लिए पार्टी का टिकट भल चाहूँगा।'' कद्दावर नेता ने अपना प्रस्ताव दिया।

''बेटे को टिकट!! ये सोचा भी कैसे आपने !?! अब आपके विचारों को यहाँ पूछता भी कौन है?''

''इसका अतीत देखिए मिस्टर पटेल, अगर आप इसके इतिहास पर गौर करेंगे तो आपको ये कीमत ज्यादा नहीं लगेगी।''

''देखिए मेरे पास सभी तरह के विचार पड़े हैं, जैसे गांधीवादी, समाजवादी, मार्क्सवादी आदि-आदि। लेकिन आजकल इनको पूछने वाला भी नहीं आता है। सच कहूं तो मार्क्स की फटी कमीज या घिसे जूतों के ग्राहक मिल सकते हैं लेकिन विचारों के नहीं। सॉरी, .... मैं इसे नहीं रख पाउंगा।'' मुखिया ने विवशता बताई।

''देखिए आप सभी तरह के विचारों को खपाने में सक्षम हैं और इस मामले में आपकी ख्याति दूर दूर तक है। मैं सोचता हूं कि इसकी कद्र करने वाले आपके पास जरूर पहुंचेंगे। .... चलिए मेरे बेटे का न सही पत्नी को ही दे दीजिए।'' कद्दावर नेता ने नया प्रस्ताव किया।

''देखिए आपकी लोटा नीति आप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। पहले भी आप जैसे एक सज्जन इसी तरह का कुछ कर गए थे, न उन्होंने हमारा फायदा किया और न ही हम उनका फायदा कर पाए। इसलिए इस मामले में आपकी सहायता नहीं कर पाऊँगा।''

कद्दावर नेता इतना सा मुँह बनाए वहाँ से चलते बने। वहीं मुखिया इस बात की खुशी मना रहे थे वे बेवकूफ बनने से बच गए।

# स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है लंबे समय तक डेस्क पर बैठना



शोध में लंबे समय तक लगातार बैठने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर भी बात की है। इन नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए बहुत सी कंपनियों ने अपने ऑफिस में सिट-स्टैंड डेस्क को अपनाया है। लेकिन अगर लंबे समय तक बैठना हानिकारक है तो लंबे समय तक खड़ा होना कैसे बेहतर हो सकता है? हम सभी अपने ऑफिस में लंबे समय तक लगातार बैठकर काम करते हैं, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। ये बात हम सभी अच्छे से जानते और समझते हैं। हाल ही में एक शोध की हालिया समीक्षा में इस बात को दोहराया गया है। इतना ही नहीं इस समीक्षा में लंबे समय तक लगातार बैठने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर भी बात की है। इन नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए बहुत सी कंपनियों ने अपने ऑफिस में सिट-स्टैंड डेस्क को अपनाया है। सिट-स्टैंड डेस्क पर लोग बैठकर और खड़े होकर दोनों तरीके से काम कर सकते हैं। लेकिन अगर लंबे समय तक बैठना हानिकारक है तो लंबे समय तक खड़ा होना कैसे बेहतर हो सकता है? चलिए आपको बताते हैं अधिक बैठने और खड़े रहने में क्या जोखिम है और शोध इसके बारे में क्या कहता है।

**लंबे समय तक बैठने के नुकसान :** लंबे समय तक एक ही जगह पर लगातार बैठना सेहत के लिए बड़ा ही नुकसानदायक होता है। इसकी वजह से हमारा शरीर धीरे-धीरे कर हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर, मोटापा और खराब कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से घिरने लगता है। सिर्फ इतना ही नहीं शरीर में कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के विकसित होने का खतरा भी बढ़ जाता है। बता दें, स्वस्थ्य रहने के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना महत्वपूर्ण है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से लंबे समय तक बैठे रहने के नकारात्मक प्रभावों को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है।

**लंबे समय तक खड़ा रहना कितना बेहतर? :** लंबे समय तक खड़े रहना लंबे समय तक बैठे रहने जितना ही हानिकारक होता है। लंबे समय तक खड़े रहना मस्कुलोस्केलेटल स्वास्थ्य के लिए बुरा होता है। इसकी वजह से मांसपेशियों में थकान, पैर में सूजन, वैरिकाज नसें और पीठ के निचले हिस्से और निचले छोरों में दर्द और परेशानी हो सकती है। हाल ही में एक शोध में सामने आया है कि बिना रुके लगभग 40 मिनट तक खड़े रहने से लंबे समय तक खड़े रहने के कारण मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होने की संभावना कम हो जाएगी।

❖ एकता

# इंफेक्शन होने पर बच्चों के गले में हो सकती है खराश

गले में खराश व दर्द को स्ट्रेस थ्रोट के नाम से भी जाना जाता है। यह बैक्टीरियल संक्रमण होता है, जो ग्रुप ए स्ट्रेप की वजह होती है। कुछ दवाओं से बैक्टीरियल इंफेकशन का इलाज किया जा सकता है। इसके साथ ही इससे बचने के लिए डॉक्टर कुछ सावधानियां बरतने को बताते हैं। मानसून में बच्चे को इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को सिर दर्द, खांसी, जुकाम, बुखार व गले में दर्द की समस्या देखने को मिलती हैं। मानसून में बच्चों को खासकर सर्दी-जुकाम और गले में खराश की समस्या हो सकती है। बता दें कि गले में खराश व दर्द को स्ट्रेस थ्रोट के नाम से भी जाना जाता है। यह बैक्टीरियल संक्रमण होता है, जो ग्रुप ए स्ट्रेप की वजह होती है। बैक्टीरिया मुख्य रूप से बच्चों और टिन्स को इंफेक्शन करता है। कुछ दवाओं से बैक्टीरियल इंफेकशन का इलाज किया जा सकता है। इसके साथ ही इससे बचने के लिए डॉक्टर कुछ सावधानियां बरतने को बताते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बच्चों के गले में खराश या दर्द होने पर क्या करें और इसके क्या कारण होते हैं।



**बैक्टीरियल इंफेक्शन :** बच्चों में स्ट्रेप थ्रोट का मुख्य कारण ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस बैक्टीरिया होता है। यह बैक्टीरिया इंफेक्टेड होता है। इससे संक्रमित व्यक्ति की खांसी और छींक से निकलने वाली सांस से इंफेक्शन फैलता है। भीड़ भरे माहौल जैसे स्कूलों या डेकेयर सेंटरों में बच्चे अक्सर बैक्टीरिया से संक्रमित हो जाते हैं। इसलिए बच्चे को हाथ धोने के साथ खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ जरूर रखने की आदत डलवाएं।

**कमजोर इम्यून सिस्टम :** बता दें कि बच्चों में 5 से 15 साल की आयु में इम्यून सिस्टम डेवलप हो रहा है। ऐसे में बच्चों को इंफेक्शन की संभावना ज्यादा अधिक होता है। बच्चों की इम्यूनिटी बैक्टीरिया से लड़ने के लिए मजबूत नहीं होती है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने के कारण बदलते मौसम सर्दी-जुकाम में बच्चे गले में खराश जैसे कुछ संक्रमणों की चपेट में आ सकता है।

**बैक्टीरिल ट्रांसमिशन :** अक्सर ऐसे वातावरण में स्ट्रेप थ्रोट तेजी से फैलता है। जैसे बच्चे स्कूल और घर के संपर्क में ज्यादा होते हैं। यहां तक कि बर्तन, पेय या संक्रमित लोगों से बातचीत करने से भी बैक्टीरिया काफी आसानी से फैल जाता है। ऐसे में बच्चे को बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाने के लिए बच्चे को बीमार लोगों से दूर रखें। इसके साथ अन्य चीजों को इस्तेमाल करने से मना करें।

## ऐसे करें बच्चे का इलाज

**एंटीबायोटिक्स :** इंफेक्शन होने पर बच्चों के गले में खराश व दर्द की समस्या हो सकती है। कुछ मामलों में बच्चों के गले में सूजन की समस्या भी देखने को मिल सकती है। स्ट्रेप थ्रोट की वजह से कई बार कुछ बच्चे खाना नहीं खा पाते हैं। ऐसे में बच्चों को डॉक्टर एंटीबायोटिक्स दवाएं देते हैं। इसके अलावा डॉक्टर कुछ घरेलू टिप्स को भी फॉलो करने की सलाह देते हैं।

**आराम करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं :** बैक्टीरिलय इंफेक्शन से लड़ने के लिए बच्चों के शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है। ऐसे में डॉक्टर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा आराम करने की सलाह देते हैं और पर्याप्त मात्रा में पानी पिए जानें की सलाह देते हैं।

**नमक के गरारे :** डॉक्टर बच्चे के गले में सूजन व दर्द की समस्या कम करने के लिए दिन में दो से तीन बार नमक के गुनगुने पानी से गरारे करने की सलाह देते हैं।

**संक्रमित व्यक्ति से रहें दूर :** बैक्टीरिलय इंफेक्शन से बच्चों को बचाने के लिए डॉक्टर उनको संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं। इसके साथ ही बच्चों को बाहर से आने के बाद हाथ धोकर खाना खाने की सलाह देते हैं।

# इन उपायों से हफ्ते भर में गायब को जायेगी पेट की चर्बी

आज हम आपको वेट लॉस के एक ऐसे तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महज 7 दिनों के अंदर 5 किलो तक वेट कम कर सकता है। इस डाइट को फॉलो करने के लिए आपको किसी भी तरह की एक्सरसाइज और डाइटिंग करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आजकल लोग तेजी से मोटापे का शिकार हो रहे हैं। मोटापा कम करने के लिए लोग कई तरीके आजमाते हैं। कुछ लोग डाइटिंग का सहारा लेते हैं, तो कुछ लोग घंटो जिम में पसीना बहाते हैं। लेकिन इसके बाद भी मन मुताबिक रिजल्ट ना मिलने पर निराश हो जाते हैं। ऐसे में लोग वेट लॉस के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वेट लॉस के लिए प्रभावी और हेल्दी डाइट बारे में बताने जा रहे हैं। वेट लॉस के लिए आप इन 3 उपायों को कर सकते हैं। बता दें कि इन उपायों को करने से महज 7 दिनों के अंदर आप अपना 5 किलो तक वेट कम कर पाएंगे। इस डाइट को फॉलो करने के लिए आपको किसी भी तरह की एक्सरसाइज और डाइटिंग करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



यह वेट लॉस का एक ऐसा तरीका जो महज 7 दिनों के अंदर 5 किलो तक वेट कम कर सकता है। इस उपाय के लिए ना तो आपको भूखा रहने की जरूरत है और ना ही जिम में घंटो पसानी बहाने की जरूरत है। वहीं कुछ लोग वजन कम करने के लिए डिटॉक्स डाइट की मदद लेते हैं। इसकी जगह आप टॉक्सिन निकालने के लिए ये 3 चीजें खा सकते हैं। क्योंकि पेट की चर्बी के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार विषाक्त पदार्थ होते हैं।

## हर दिन करें ये उपाय

**खाली पेट जीरा पुदीना डिटॉक्स पानी पियें।**

**ब्रेकफास्ट में खीरे की स्मूदी लें।**

**चिया सीड्स के पानी का सेवन करें।**

## डिटॉक्स डाइट के नुकसान

डिटॉक्स डाइट के कारण आपको भूख ज्यादा लगती है। इसके साथ ही आपको कमजोरी भी लग सकती है। इस कारण लो ब्लड शुगर, थकान, एनर्जी, चक्कर आना और बदन दर्द की समस्या हो सकती है। ऐसी वेट लॉस डाइट काफी ज्यादा बोरिंग हो सकती है।

## ऐसे होगा वेट लॉस

हाई फैट, प्रोसेस्ड और हाई शुगर फूड्स से दूरी ज्यादा असरदार है। इसके लिए आप ताजे फलों और सब्जियों आदि का सेवन करना जरूरी है। इसके अलावा थोड़ी एक्सरसाइज करने से काफी ज्यादा फायदा मिलेगा।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकु नवताल- 6823

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6822 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**15 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.00 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 08.11 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.25 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.41 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 14.46 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.06 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.36 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.16 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.14 बजे से |
| 10.30 से | | कर्क | 01.28 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | सिंह | 03.44 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 258 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 07.10 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी अहोरात्र। **योग** शुभ 03.42 बजे रात्र को समाप्त। **करण** नाग 07.10 बजे तदनन्तर किंस्तुघ्न 20.16 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 13' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871737 **जूलियन दिन** 2460202.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 29 **विशेष** मोक्षागुण्डम विश्वेश्वरैया जयन्ती, इंजीनियर्स डे, अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7885

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

### शब्द पहेली -7884 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | गा | म | ■ | प | ता | का | ■ |
| द | क्ष | ■ | ही | ■ | ह | ■ | ल | ता |
| रो | ■ | ■ | न | का | र | ना | ■ | क |
| गा | य | ब | ■ | न | ■ | ला | न | त |
| ■ | ■ | ल | ब | ■ | रा | य | ■ | ■ |
| आ | स | रा | ■ | ना | ■ | क | या | स |
| ई | ■ | म | हा | व | र | ■ | ■ | ह |
| ना | क | ■ | जि | ■ | सी | ■ | रा | ज |
| ■ | ल | की | र | ■ | ला | ग | त | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**वृष राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा।

**मिथुन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क राशि :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**सिंह राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या राशि :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**तुला राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकर राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कुंभ राशि :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मीन राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय रेलवे के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे (2018 बैच) के 255 प्रोबेशनर्स के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय रेलवे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उन जैसे युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएं और भारतीय रेलवे को दुनिया में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदाता बनाने का प्रयास करें।

### भारत में 58 नये कोविड मामले दर्ज किए गए

**नई दिल्ली।** भारत में धीरे-धीरे कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड) के 58 नये मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, नए मामले सामने आने के बाद देश में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,49,97,975 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, कोरोना वायरस से एक और व्यक्ति की मौत हो गई है। जिसके बाद देश में कुल मरने वालों की संख्या 5,32,029 हो गई। दूसरी ओर, 63 मरीज ठीक हुए हैं, जिससे कुल संख्या 4,44,65,415 हो गई है। देश में सक्रिय मामले 531 हैं। मंत्रालय के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक स्वीकार किए जाएंगे सुझाव-नामांकन

**नई दिल्ली।** अगले साल दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया इन दिनों जारी है और इसकी अंतिम तिथि आगामी 15 सितंबर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आम लोगों से पुरस्कारों के लिए अपने नामांकन और सिफारिशें भेजने के लिए कहा है। उसका यह भी कहना है कि नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अवाड्र्स डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन दी जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल हैं। सभी नागरिक स्व-नामांकन सहित नामांकन और सिफारिशें कर सकते हैं।

# सनातन को समाप्त करना चाहता है घमंडिया गठबंधन : प्रधानमंत्री

## गांधी के आखिरी शब्द थे हे राम... वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे

**एजेंसी। सागर/भोपाल**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतातन धर्म के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने गुरुवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान सागर जिले के बीना में बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पेट्रो केमिकल प्लांट के भूमिपूजन कार्यक्रम में विपक्षी दलों द्वारा मिलकर बनाए गए आईएनडीआईए गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने यहां सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करना चाह रहा है। गांधी जी के आखिरी शब्द थे- हे राम...। वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक तरफ आज का भारत दुनिया को जोड़ने का सामर्थ्य दिखा रहा है। दुनिया के मंचों पर हमारा भारत विश्वमित्र के रूप में सामने आ रहा है। वहीं, दूसरी तरफ कुछ ऐसे दल भी हैं, जो देश-समाज को विभाजित करने में जुटे हैं। इन्होंने मिलकर के एक इंडी अलायंस बनाया। इस अलायंस को कुछ लोग घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। इनका नेता तय नहीं है। नेतृत्व पर भ्रम है। इन्होंने पिछले दिन मुंबई में मीटिंग की। मुझे लगता है कि इस मीटिंग में उन्होंने आगे यह घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा, उसकी नीति-रणनीति बना दी है। उन्होंने अपना हिडन एजेंडा तय कर लिया है। इनकी नीति है- भारत की संस्कृति पर हमला करने की। इनका निर्णय है- भारतीयों की आस्था पर हमला करो। नीयत है- भारत को जिस विचारों ने, जिन संस्कारों ने, जिन परंपराओं ने हजारों वर्ष से जोड़ा है, उसे तबाह कर दो। उन्होंने कहा कि जिस सनातन से प्रेरित होकर देवी अहिल्याबाई ने देश के कोने-कोने में सामाजिक काम किए, ये घमंडिया गठबंधन उस सनातन संस्कार और परंपरा को समाप्त करने का संकल्प लेकर के आए हैं। ये सनातन की ताकत थी कि झांसी की रानी लक्ष्मी बाई अंग्रेजों को यह कहकर ललकार पाईं कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। जिस सनातन को गांधी जी ने जीवन पर्यंत माना, जिन भगवान श्रीराम ने उन्हें जीवन भर प्रेरणा दी, उनके आखिरी शब्द थे- हे राम। जिस सनातन ने उन्हें आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया, ये इंडी गठबंधन के लोग, उस सनातन परंपरा को समाप्त करना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि जिस सनातन से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद ने समाज की बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक किया, ये उस सनातन को समाप्त करना चाहते हैं। जिस सनातन से प्रेरित होकर लोकमान्य तिलक ने मां भारती की स्वतंत्रता का बीड़ा उठाया, गणेश पूजा को स्वतंत्रता के आंदोलन से जोड़ा, सार्वजनिक गणेशोत्सव की परंपरा बनाई, आज उसी सनातन को ये इंडी गठबंधन तहस-नहस करना चाहता है।

उन्होंने कहा कि ये सनातन की ताकत थी कि स्वतंत्रता आंदोलन में फांसी पाने वाले वीर कहते थे कि अगला जन्म मुझे फिर भारत मां की गोद में देना। जो सनातन संस्कृति संत रविदास का प्रतिबिंब है, माता शबरी की पहचान है, महर्षि वाल्मीकि का आधार है, जिस सनातन ने हजारों वर्ष से भारत को जोड़े रखा है, ये लोग मिलकर अब उस सनातन को खंड-खंड करना चाहते हैं। आज इन लोगों ने खुलकर हमला शुरू कर दिया है। कल ये लोग हम पर होने वाले हमले और बढ़ाने वाले हैं। देश के कोने-कोने में हर सनानती को, इस देश को प्यार करने वाले को सतर्क रहने की जरूरत है। सनातन को मिटाकर ये देश को फिर एक हजार साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं। हमें मिलकर ऐसे ताकतों को रोकना है। हमारी संगठन की शक्ति से, एकजुटता से, उनके मंसूबों को नाकाम करना है।

## बागमती नदी में नाव पलटने से 10 बच्चों की मौत

**20 को बचाया गया, करीब 30 थे सवार**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बृहस्पतिवार को करीब 30 बच्चों को ले जा रही एक नाव बागमती नदी में डूब गई। हादसे में अब तक 20 बच्चों को बचाया लिया गया है और अन्य की खोजबीन जारी है। हादसा जिले के बेनीबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के भटगामा के मधुरपट्टी घाट के समीप हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जिलाधिकारी को निर्देश दिया है और वह मामले को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी इस घटना के पीड़ित हैं, उनके परिवारों की मदद की जाएगी। नीतीश कुमार कुछ परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए इस समय मुजफ्फरपुर में हैं। हादसा स्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एसडीएफआर की टीमें मौके पर बचाव कार्य में जुटी है।

## कोलकाता में दुर्गापूजा प्रतिमाओं व थीम की प्रदर्शनी लगाएगा यूनेस्को



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की वैश्विक पहचान बन चुकी दुर्गा पूजा को लेकर यूनेस्को भी दिलचस्पी ले रहा है। इस बार दुगार्पूजा के बाद अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में बेहतरीन दुर्गा प्रतिमाओं और पूजा थीम की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए यूनेस्को ने ब्रिटिश काउंसिल के साथ हाथ मिलाया है, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार का संस्कृति व पर्यटन मंत्रालय भी मददगार बनेगा। काशी बोस लेन दुर्गा पूजा समिति के महासचिवों में से एक सोमेन दत्त ने बताया कि यूनेस्को की ओर से 24 ऐसी दुर्गा पूजा समितियों का चुनाव किया गया है जो हर साल पूजा का शानदार आयोजन करती हैं। इन समितियां की ओर से इसबार आयोजित होने वाली पूजा के दौरान पंडाल, मूर्तियां और समग्र सजावट की अनूठी प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह 20 से 24 अक्टूबर के बीच कोलकाता के टाउन हॉल में आयोजित होगी। दरअसल पांच दिवसीय दुर्गा पूजा कार्यक्रम 11 से 15 अक्टूबर के बीच आयोजित होना है। इसमें देश दुनिया से लाखों की संख्या में लोग दुर्गा पूजा घूमने के लिए बंगाल आते हैं। इस बार यूनेस्को ने जिन 24 पूजा समितियों का चुनाव किया है, उनमें दो घरेलू पूजा भी शामिल हैं।

## 14 पत्रकारों के कार्यक्रमों नहीं जाएंगे विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता

**आरएनएम। नई दिल्ली**

विपक्षी दलों के गठबंधन ने 14 पत्रकारों पर विपक्ष के विरूद्ध दुष्प्रचार करने तथा केन्द्रीय सत्ता व उनके नेताओं के गलत कार्यों को नजरअंदाज करते हुए गुणगान करने की वजह से उनके कार्यक्रमों में नहीं जाने का निर्णय किया है। उसी तरह जैसे कुछ पत्रकारों को अपना विरोधी बताते हुए उनके कार्यक्रम में भाजपा के नेता नहीं जाते हैं। इस बारे में कांग्रेस पार्टी के नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट इंडिया मीडिया कमेटी के इस फैसले की जानकारी दी। इंडिया मीडिया कमेटी ने गुरुवार दोपहर फैसला किया कि उनकी तरफ से निम्न 14 पत्रकारों के शो में कोई भी प्रतिनिधि हिस्सा नहीं लेगा। इन चौदह पत्रकारों के नाम हैं- अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमिष देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत,नवीका कुमार, प्राची पराशर, रूबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी, सुशांत सिन्हा। जो लोग केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी व नेताओं को चाहे जाति या धंधे या धर्म या अन्य किसी वजह से पसंद करते हैं, उनमें से ज्यादातर इन 14 पत्रकारों के भी विपक्ष विरोधी खबरों के प्रशंसक। विपक्ष इन पत्रकारों को गोदी मीडिया कहता है, तो सत्ता पक्ष के नेता व प्रशंसक इन्हें अच्छा पत्रकार कहते हैं। लेकिन जो तटस्थ लोग हैं, सत्ता कीर्तनी नहीं हैं, वे इन पत्रकारों की पत्रकारिता को अवसरवादी व कीर्तनी पत्रकारिता कहते हैं। जहां तक पत्रकारों के बहिष्कार की बात है तो केन्द्रीय सत्ता के आला नेता बहुत से पत्रकारों का अघोषित बहिष्कार आठ-नौ वर्ष से किये हुए हैं। जैसे कि करण थापर जैसे वरिष्ठ पत्रकारों से अब बात नहीं करते हैं, उनके कार्यक्रम या साक्षात्कार से कन्नी काटते हैं। इस बारे में करण थापर ने टेलीग्राफ अखबार में लिखा था कि उनके घनिष्ठ रहे कई मंत्री कहीं मिलने पर धीमे शब्दों व इशारों में कहते हैं- आपसे बात नहीं करने का ऊपर से आदेश है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी को कहा- अभिषेक की संपत्ति का ब्योरा दें



**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की संपत्ति का ब्योरा सौंपने को कहा। अदालत ने इसके लिए ईडी को सात दिनों का समय दिया है। जज ने केंद्रीय एजेंसी को 21 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने ईडी को एक कॉर्पोरेट इकाई के अन्य निदेशकों की संपत्ति का विवरण भी देने को कहा है। इस कॉर्पोरेट इकाई का नाम हाल ही में पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए पैसे के मामले की जांच में सामने आया। न्यायमूर्ति सिन्हा ने ईडी को टॉलीवुड अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के नाम के साथ-साथ उनकी संपत्ति के विवरण भी पेश करने का निर्देश दिया, जिनके नाम इस मामले में सामने आए हैं। पीठ ने मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्रा की संपत्ति का विवरण भी मांगा है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। भद्रा की पहचान कॉर्पोरेट इकाई के एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी के रूप में की गई है।

गुरुवार को जस्टिस सिन्हा ने कहा कि स्कूल नौकरी मामले को भ्रष्टाचार का बुर्ज खलीफा बताना ठीक नहीं होगा। याद दिला दें कि हाल ही में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के वकील ने अदालत को बताया था कि पश्चिम बंगाल में स्कूल-नौकरी घोटाला यूएसए के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11 के हमले के बराबर है। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल में नौकरी के बदले पैसे मामले में ईडी के अधिकारियों द्वारा अभिषेक बनर्जी से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ किए जाने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। बुधवार रात ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद उन्होंने ईडी को पूछताछ के दौरान अपना विस्तृत बयान अदालत में सौंपने और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती दी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बुधवार को पूछताछ के लिए जानबूझ कर बुलाया गया ताकि वह उसी दिन दिल्ली में हो रहे विपक्षी इंडिया ब्लॉक के समन्वय की पहली बैठक में शामिल न हो सकें।

## उत्तर प्रदेश में 17 से चलेगा 'आयुष्मान भवः अभियान'



**एजेंसी। लखनऊ**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरूआत होगी। इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू होगा। वहीं, 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा।आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा। 17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें स्वच्छता अभियान होगा। इसके अलावा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरूआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे। घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। आयुष्मान मेला के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसी तरह, प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा। 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा की शुरूआत होगी। इसमें विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन होगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा।




## हिंदी ने मेरे जीवन के हर पहलू में योगदान दिया : अनुपम खेर



**हिंदी दिवस** पर एक मजाकिया ट्वीट करते हुए दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि हिंदी भाषा ने उनके जीवन के हर पहलू में बहुत बड़ा योगदान दिया है और उनके दोस्तों द्वारा हिंदी में अपशब्द बोलना और उनकी मां का हिंदी में उन्हें डांटना अच्छा लगता है। हर साल 14 सितंबर को मनाए जाने वाले हिंदी दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में, खेर ने यह भी कहा कि जब कोई भारतीय मित्र लंबे समय तक लगातार अंग्रेजी में बात करता है, तो उन्हें ओए बस कर कहकर चुप कराने में बहुत खुशी होती है। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ मुस्कुराते हुए शरारती चेहरे की कुछ इमोजी पोस्ट की। उन्होंने एक्स पर हिंदी दिवस के अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, हिंदी ने मेरे जीवन के हर पहलू में बहुत प्रमुख भूमिका निभाई है। अभिनय के क्षेत्र में अच्छी हिंदी बोलने की क्षमता आपके आधे से ज्यादा काम को अच्छा बना देती है।

## तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 'जवान' के लिए शाहरुख की जमकर की प्रशंसा



**तेलुगु सुपरस्टार** अल्लू अर्जुन ने शाहरुख खान अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जवान' की जमकर तारीफ की। उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी। विशेष रूप से उन्होंने एसआरके, विजय सेतुपति, नयनतारा और दीपिका पादुकोण के साथ-साथ संगीतकार अनिरुद्ध का भी जिक्र किया। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर 'पुष्पा' स्टार ने लिखा, इस विशाल ब्लॉकबस्टर के लिए 'जवान' की पूरी टीम को बधाई। 'जवान' के संपूर्ण कलाकारों, तकनीशियनों, क्रू और निमार्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। एसआरके और विजय सेतुपति पर उन्होंने कहा, शाहरुख का अब तक का सबसे विशाल अवतार, अपने स्वैग से पूरे भारत को मंत्रमुग्ध कर रहा है। वास्तव में आपके लिए बहुत खुशी हुई सर, हमने आपके लिए प्रार्थना की थी।

## सुपरस्टार राकेश मिश्रा लेकर आए तीज स्पेशल गाना

**भोजपुरी म्यूजिक** इंडस्ट्री के वायरल स्टार में से एक राकेश मिश्रा ने अपना तीज स्पेशल गाना "धनिया तीज कइले बाड़ी" रिलीज कर दिया है, जिससे महिलाओं के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। इसके जरिए राकेश मिश्रा ने दिखाया है कि तीज पर्व का क्या महत्व है और जब पत्नी तीज कर रही होती है तो पति की चिंता उनके लिए कितनी होती है। राकेश मिश्रा का गाना उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे अब तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से वायरल भी हो रहा है। राकेश मिश्रा ने कहा कि यह व्रत कर रही पत्नियों के प्रति पति के प्रेम को और केयर को प्रदर्शित करती है। यह गाना तमाम तीज व्रत के लिए एक उपहार है। तीज का त्यौहार बड़ी हो धूम धाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि तीज के दिन ही देवों के देव महादेव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया।



मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 107 जन्मों तक तप किया था। भगवान भोलेनाथ माता पार्वती के कठिन तप से प्रसन्न हुए, उन्होंने 108वें जन्म में पार्वती जी से विवाह रचाया। यही कारण है कि तीज का दिन सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं के लिए बहुत खास होता है। इसलिए मैंने यह गाना गया है। मैं भोजपुरी के तमाम ऑडियंस बंधुओं से अपील करूंगा कि आप इस गाने को खूब आशीर्वाद दें और इसे सुपर डुपर हिट बनाएं।

**तैयारी**

## वायु सेना ने तेज की वीवीआईपी फ्लीट के लिए हेलीकॉप्टरों की तलाश

# विदेशों में भारतीय मिशनों को किया गया सक्रिय

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के बाद से भारत के शीर्ष नेतृत्व को अत्याधुनिक नए वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की तलाश है। अब मिसाइलों से बचाव सहित आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं वाले नए हेलीकॉप्टरों की खोज तेज कर दी गई है। अगस्ता वेस्टलैंड की विफलता के एक दशक बाद फ्रांस, अमेरिका, रूस और इटली में भारतीय रक्षा अताशे को हेलीकॉप्टरों का तकनीकी विवरण जुटाने का काम सौंपा गया है। दरअसल, देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को ले जा रहा वायु सेना का हेलीकॉप्टर एमआई 17वीं तमिलनाडु के कन्नूर में 08 दिसंबर 2021 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत हेलीकॉप्टर में सवार 14 में से 13 लोगों की मौत हुई थी। एक चाय बागान में कम दृश्यता की स्थिति के दौरान हुई दुर्घटना के दौरान उनका हेलीकॉप्टर उन्नत एवियोनिक्स से सुसज्जित नहीं था, जो पायलटों को प्रारंभिक चेतावनी दे सकता था। इस दुर्घटना ने सरकार का ध्यान सुरक्षित हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता पर केंद्रित किया। इसी के बाद भारत के शीर्ष नेतृत्व ने देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य वीवीआईपी के लिए अत्याधुनिक नए वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की जरूरत महसूस की। मौजूदा समय में वायु सेना वीवीआईपी लोगों को लाने-ले जाने के लिए रूसी एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टरों की मदद ले रही है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण रखरखाव के मुद्दे सामने आए हैं। वायु सेना ने 2028 तक इन हेलीकॉप्टरों को रिटायर करने की योजना बनाई है। इसलिए शीर्ष नेतृत्व के आने-जाने के लिए मिसाइलों से बचाव सहित आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस नए 12 हेलीकॉप्टरों की तलाश तेज कर दी गई है। वायु सेना से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अगस्ता वेस्टलैंड की विफलता के एक दशक बाद भारतीय वायु सेना ने अब फिर से वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की तलाश तेज की है। संभावित हेलीकॉप्टरों की पहचान करने के लिए अब विदेशों में भारतीय मिशन को सक्रिय किया गया है। उनसे ऐसे हेलीकॉप्टरों की तलाश करने के लिए कहा गया है जो घरेलू उड़ान स्थितियों और भूगोल की विविधता को देखते हुए घरेलू जरूरतों के अनुरूप हो सकते हैं। फ्रांस, अमेरिका, रूस और इटली सहित कई देशों में भारतीय रक्षा अताशे को ऐसे हेलीकॉप्टरों में विशेषज्ञता वाले विक्रेताओं की पहचान करने और तकनीकी विवरण एकत्र करने का काम सौंपा गया है। भारत ने पहले भी इसी तरह के हेलीकॉप्टर खरीदने की कोशिश की है। यूपीए शासनकाल में वीवीआईपी फ्लीट के लिए अगस्ता वेस्टलैंड के एडब्ल्यू 101 हेलीकॉप्टर को चुना गया था। इस बावत 2010 में हस्ताक्षरित 3,565 करोड़ रुपये का अनुबंध हथियार डीलरों और भारतीय अधिकारियों के बीच रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद विवादों में आ गया। इसके बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जनवरी 2014 में लोकसभा चुनावों से पहले यह सौदा रद्द कर दिया था।

NEWS इन ब्रीफ

## खूंटी में अमृत वाटिका के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिट्टी संग्रह

**रांची।** भाजपा खूंटी नगर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर क्षेत्र के जमुवादाग में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पवित्र मिट्टी का संग्रह किया गया। जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि देश के प्रत्येक महानगर व गांव से एकत्रित पवित्र मिट्टी से वीर सपूतों के याद में दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिला महामंत्री बिनोद नाग ने कहा कि सभी पंचायतों में घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी संग्रह कर जिला कार्यालय भेजा जाएगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि पवित्र कार्य में सभी देशवासियों की भागीदारी हो, इसी निमित्त दिल्ली में बनने वाली अमृत वाटिका के लिए हम आपके पास मिट्टी संग्रह करने आए हैं। कार्यक्रम के बाद घर-घर सम्पर्क कर 22 सितम्बर को खूंटी में होने वाले कार्यक्रम संकल्प यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के भव्य स्वागत के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर प्रशांत कुमार, अनंत कुमार, राम रामचरण गोप, सीमा देवी, खेमंती देवी, उषा देवी, पंचू गोप सहित अन्य मौजूद थे।

## हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी : एसके मिश्रा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में हिंदी की महान विभूतियों एवं पुरोधाओं को याद करते हुए हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने उपस्थित शिक्षकों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि हमें हिंदी भाषा को और समृद्ध व सशक्त बनाने के लिए भगीरथ प्रयास करना चाहिए। जिस तरह मां के बिना घर,परिवार और उस घर के बच्चे अधूरे हैं, उसी तरह हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी है। इस अधूरेपन को दूर करने के लिए हमें हिंदी में जीना होगा और वह भी दिखावे के लिए नहीं, बल्कि उसे दिल से जोड़ना होगा, तभी हिंदी दिवस मनाने का औचित्य पूर्ण होगा।

हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया उद्घाटन, कहा

# अंग्रेजी भाषा पर निर्भर रहना हिन्दी भाषा के भविष्य के लिए सही नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी दिवस समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह का विधिवत उद्घाटन मनोज जायसवाल, भाप्रासे, आयुक्त, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल, रांची द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, परियोजना निदेशक, जुडको, रांची, प्रशासक, नगर निगम, रांची कवि एवं साहित्यकार सहित अन्य अतिथिगण शामिल हुए। समारोह के उद्घाटन उपरान्त निरंजन कुमार उप निदेशक, राजभाषा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची द्वारा स्वागत सम्बोधन कर अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त, रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने हिंदी भाषा के महत्व को लेकर अपने विचार रखते हुए कहा



कि हिंदी भाषा एक मात्र ऐसी भाषा जिसमें सभी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त शब्द और स्वर व्यंजन की उपस्थिति है। उप विकास आयुक्त ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के मिलेजुले प्रयोग ने हम सभी के जीवन पर प्रभाव डाला है। जिसके कारण हम आज भी स्वतंत्र रूप से हिंदी को अपना नहीं सके हैं। अंग्रेजी और हिंदी भाषा दोनों का अपना विशेष महत्त्व है लेकिन अंग्रेजी भाषा पर अधिक निर्भर रहना हिन्दी भाषा के भविष्य के लिए सही नहीं हैं। आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय मनोज जायसवाल (भा.प्र.से) ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी भाषा के विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि एक समय था जब लोगों को हिंदी भाषी होने के कारण रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं होते थे, लेकिन वर्तमान में हिंदी भाषा को अपनी अलग पहचान मिल रही है। अब न केवल विभिन्न संस्थानों में हिंदी भाषा में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है, बल्कि लोगों को हिंदी भाषा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार भी प्राप्त हो रहे हैं। समारोह में उपस्थित कवि एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं एवं कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा के विषेशताओं पर प्रकाश डाला। हास्य कवियों द्वारा अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों को मनोरंजन किया गया। कवि सम्मलेन में डॉ. राजश्री जयन्ती डॉ. सुरिन्दर शालिनी नायक, नरेश कुमार बंका, सरोज झा, झारखण्डी, चन्द्रिका ठाकुर देशदीप, चन्दन प्रजापति, डॉ. राजश्री जयन्ती ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

## पूजा सिंघल के खिलाफ जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** मनरेगा घोटाला से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। खूंटी की तत्कालीन डीसी व निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर अदालत ने मेंटेनेबिलिटी पर बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दाखिल की है। झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हाइब्रिड मोड में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन और उनके सहयोगी अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पैरवी की। हाईकोर्ट ने दोनों तरफ की दलीलों को सुनते हुए मेंटेनेबिलिटी के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की।

बच्ची के साथ दुराचार करने वाले के लिए क्यों सुरक्षा मांग रहे हैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# झामुमो ने बाबूलाल मरांडी से पूछा सवाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य और केंद्र सरकार से अपने राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी की सुरक्षा की मांग की है। अब इसी मुद्दे को केंद्र में रखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा बाबूलाल मरांडी पर निशाना साध रही है। गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने पूछा कि आखिर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष उस सुनील तिवारी की सुरक्षा की मांग क्यों कर रहे हैं, जो अपने घर पर एक बाल श्रमिक बच्ची के यौनाचार का आरोपी है और जेल से बेल पर छूटा है। सुनील तिवारी से अपने रिश्ते को सार्वजनिक करें बाबूलालः झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि सुनील तिवारी की सुरक्षा को लेकर बाबूलाल मरांडी काफी चिंतित हैं तो उन्हें यह बताना चाहिए कि सुनील तिवारी को खतरा किससे है। तंज भरे लहजे में सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि उन्हें यह जानकार हैरत हुई कि जिस व्यक्ति की सुरक्षा के लिए बाबूलाल मरांडी केंद्र और राज्य की सरकार को पांच-पांच पन्ने का पत्र लिख रहे हैं, वह एक बालिका के यौनाचार का आरोपी है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि अब बाबूलाल मरांडी का यही काम बच गया है। 'कोई वीरता और झारखंड आंदोलन में जेल नहीं गए थे सुनील तिवारी': झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि 2021 में सुनील तिवारी कोई आंदोलनकारी एक्टिविटी या समाज के मुद्दे पर जेल नहीं गए थे, बल्कि एक बच्ची जो उनके आवास पर बाल श्रमिक के रूप में काम करती थी, उसके साथ यौनाचार का उनपर गंभीर आरोप है। सुप्रियो भट्टाचार्या ने आरोप लगाया कि दरअसल, सुनील तिवारी के भाजपा के नेताओं के साथ व्यवसायिक रिश्ते भी हैं। नुक्कड़-नुक्कड़ घूम-घूम कर भ्रष्टाचार की बात कह रहे व्यक्ति के लिए यह शोभा नहीं देता कि वह ऐसे लोगों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेल गए आदमी जो अभी बेल पर है, उसकी इतनी फिक्र बाबूलाल को क्यों है? सुनील तिवारी से इतनी ही घनिष्ठता है तो उन्हें धरना दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कुकर्म के आरोपी को सुरक्षा देकर सरकार अन्य बहु बेटियों की इज्जत आबरू पर खतरा पैदा होने नहीं देगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह सुनील तिवारी की बाबूलाल मरांडी से रिश्ते और उनकी तमाम गतिविधियों की जांच कराएं। आखिर बाबूलाल मरांडी इतना बेचैन क्यों हैं और सुनील तिवारी को क्या खतरा है और क्यों है।

## डीएवी आनंद स्वामी हेहल में शुरू हुआ हिंदी पखवाड़ा

**रांची।** हिंदी दिवस के अवसर पर डीएवी आनंद स्वामी, हेहल में हिंदी पखवाड़ा शुरू हुआ। इस अवसर पर हिंदी से संबंधित क्रियाकलाप कराये गए। जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाया और हिंदी में स्लोगन लिखा। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी ने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के महत्त्व पर चर्चा की। कहा कि हिंदी ना सिर्फ हमारी भाषा है, बल्कि ये हमारी पहचान है।

## जिला स्तरीय मीडिया सहभागिता कार्यशाला आयोजित

**रांची।** लीड्स संस्था के तत्वावधान में खूंटी जिले में यूरोपियन यूनियन के सहयोग से चल रही परियोजना रूरल एक्सेस टू क्लीन एनर्जी (रेस) के तहत मुरहू प्रखंड के लीड्स रिसोर्स सेंटर पेरका में गुरुवार को जिला स्तरीय मीडिया सहभागिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लीड्स के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर महेन्द्र कुमार ने रेस परियोजना द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों और परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

## पृष्ठ एक के शेष

**मृत्युपरांत नेत्रदान करने वाले 12 परिवारों को....**

शपथ पत्र भरके झारखंड में नेतदान को काफी बढ़ावा दिया। अब तक 806 नेत्र प्रत्यारोपण किए हैं और वर्ष 2022 से अब तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा झारखंड में 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए जबकि झारखण्ड का लक्ष्य 2022-2023 में 150 था। हमारे पास कॉर्निया जनित दृष्टिहीनों की लंबी सूची है और स्थानीय नेत्रदान की कमी है। इसलिए आई बैंकों में नेटवर्किंग की जरूरत है ताकि स्थानीय नेत्रदान को बढ़ावा मिल सके और मरीजों को भी सहूलियत होगी। हमारे राज्य की स्थिति नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में अच्छी दिखेगी। मौके पर गवर्नर ने कहा... जीते जी तो हम लोगों को सबकी मदद करनी चाहिए। मगर मृत्यु उपरांत नेत्रदान से हम मरने के बाद भी किसी के अंधकार में जीवन में रोशनी ला करके उनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कश्यप मेमोरियल और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब द्वारा किए जा रहे नेत्र प्रत्यारोपण और नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा- हमारे राज्य में कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा 2022-23 के सुनिश्चित लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए हैं। सांसद संजय सेठ ने कहा की हमे पूरे शरीर का दान करना चाहिए, अभी कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य का निधन हुआ और उन्होंने अपना पूरा शरीर दान कर दिया। शारीर दान एक अच्छी परम्परा है। स्वास्थ्य सचिव अरुण सिंह ने कहा की सरकार के आई बैंक लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। देर रात के आई डोनेशन कॉल मे सजगता नहीं दिखा पाते हैं। वहीं गैर सरकारी आई बैंक ने 2022_23 मे लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 कार्निया प्रत्यारोपण किया है। राज्य में स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन आगेर्नाइजेशन की कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा।

**हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार से...**

के आदेश को फिर से बहाल रखा था। अब झारखंड हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और आनंदा सेन की खंडपीठ इस पूरे मामले में कराई गई सीबीआई जांच को लेकर राज्य सरकार की ओर से दायर अपील याचिका पर सुनवाई कर रही है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को मुकर्रर की गई है।

**अब पुराने पुल की सही उम्र का लगेगा पता...**

एंड एप्लीकेशन पत्रिकाओं में प्रकाशित किया गया है। इस शोध को स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभमोय सेन और उनके शोधार्थी डॉ. स्मृति शर्मा, ईश्वर कुंचम और आईआईटी मंडी की नेहा असवाल के साथ-साथ फ्रांस के आईएनआरआईए रेनेस के डॉ. लॉरेंट मेवेल के सहयोग से तैयार किया गया है। इस संबंध में विस्तार से बताते हुए आईआईटी मंडी के डॉ. सुभमोय सेन ने कहा, हमने एक पुल की स्थिति का अनुमान लगाने और उसके शेष उपयोगी जीवन की भविष्यवाणी करने के लिए मशीन लर्निंग, एआई और बायेसियन सांख्यिकीय अनुमान जैसे डेटा-संचालित तरीकों को तैयार किया है। परिणामों में परिचालन और प्रतिकूल लोडिंग स्थितियों के तहत बुनियादी ढांचे के जोखिम को कम करने की क्षमता है। विशेष रूप से प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और केबल आधारित पुलों में तापमान के उतार-चढ़ाव से पुल की गतिशील क्षमतायें बहुत प्रभावित होती हैं। इसलिए रियल टाइम और एआई-आधारित एसएचएम दोनों में ही इन तापमान के प्रभावों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। वार्षिक और दैनिक तापमान में अत्यधिक उतार चढ़ाव वाले ठंडे क्षेत्र के एक पुल पर आईआईटी मंडी के इस एल्गोरिदम को सख्ती से जांचा जा चुका है। शुरूआत में आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने क्षति का पता लगाने में एल्गोरिदम की क्षमताओं का आकलन करने के लिए इसका परीक्षण एक क्षतिग्रस्त पुल पर किया। इसके बाद उन्होंने क्षति के स्थान को इंगित करने में एल्गोरिदम की सटीकता का मूल्यांकन करने के लिए जानबूझकर कंप्यूटर मॉडल में क्षति को इंगित किया। तत्पश्चात इस परीक्षण के माध्यम से संरचनात्मक क्षति की पहचान करने में एल्गोरिदम की प्रभावशीलता की पुष्टि हुई।

**राज्य के नेता तय करेंगे...**

होगी, जहां सीटें पहले से ही इंडिया ब्लॉक पार्टियों के पास हैं और पार्टियां उन सीटों को खाली करने के लिए तैयार नहीं होंगी। उन्होंने आगे कहा कि सीट बंटवारे की प्रक्रिया पूरी होने में समय लगेगा और हमें उम्मीद है कि यह सौहार्दपूर्ण तरीके से हो जाएगा। सीट बंटवारे के अलावा समिति ने आसमान छूती कीमतों, बेरोजगारी और बीजेपी के भ्रष्टाचार पर भी चर्चा की। इस बीच, कुछ प्रतिभागियों ने सनातन धर्म पर डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर भी प्रकाश डाला और पार्टी से ऐसी टिप्पणियां करने से परहेज करने को कहा। चर्चा के अन्य विषयों में देश भर में संयुक्त सार्वजनिक बैठकें शामिल थीं, जबकि ब्लॉक नेताओं ने जाति जनगणना पर भी सहमति व्यक्त की। 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में गठबंधन की तीसरी बैठक में ब्लॉक ने 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया था। सीपीआई-एम ने अभी तक समिति के लिए किसी पार्टी नेता का नाम घोषित नहीं किया है।


झारखण्ड सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.09.2023 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 306028 (Lohardaga)23-24*D (अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–04/2023–24) में अंकित कार्य के क्रमांक– 5 (पथ प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत कुडू निरीक्षण भवन का सुसज्जीकरण कार्य एवं देख–रेख एवं अभिरक्षण हेतु चौकीदार की दैनिक वेतन पर नियुक्ति) के लिए निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 3. | परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि | 26.09.2023 को कार्यालय अवधि में। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 29.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.09.2023 को अपराह्न 3:30 बजे। |

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 306986 Lohardaga (23-24)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना**

मृत अज्ञात शव (पुरूष)



मेराल थाना यू0डी0 काण्ड सं0–22/2023, दिनांक–21.08.2023 में दिनांक–20.08.2023 को मेराल थाना को सूचना मिली की मेराल पूरवा टोला संजयपुर रेलवे ट्रैक, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव टुकड़ा–टुकड़ा भाग में पड़ा हुआ है। शव को अग्रीम कार्रवाई हेतु गढ़वा भेजा गया है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि ट्रैन से कटकर मृत्यु हुई है। उक्त अज्ञात शव की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। परन्तु अबतक अज्ञात शव का पहचान नहीं हो सकी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उपरोक्त मृत अज्ञात शव(पुरूष) के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 306931 (Police) 23-24 (D)



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।**

वी0जे0 इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा।

Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**

(अति अल्पकालीन)

DMFT मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counseling हेतु Integrated Coaching Program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 30.09.2023, अपराह्न 3.00 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी,चतरा। |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 03.10.2023, अपराह्न् 12.00 बजे |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यूनतम) |
|---|---|
| Coaching for UPSC-CSE/JPSC/BPSC | 200 |

नोटः–उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 306972 School Education and Literacy(23-24)D

जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।



कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा

पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा, पिन–835302

ई–मेल– lohardaga.rmsa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पत्रांक 914
दिनांक 13.09.2023

सरकारी माध्यमिक विद्यालय नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2015 में निहित प्रावधान एवं वित्त विभाग बिहार सरकार के संकल्प संख्या 6022 दिनांक 18.12.1989, विभागीय अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01.03.2016 एवं निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1802 दिनांक 24.09.2021, पत्रांक 1726 दिनांक 21.06.2022 के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 715 दिनांक 18.07.2023 के द्वारा माध्यमिक विद्यालयों (राजकीयकृत एवं परियोजना) के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, जिन्होने प्राप्त वरीय वेतनमान में 12 वर्ष की अटूट सेवा पूर्ण कर ली है, को प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति दिये जाने वाले शिक्षक/शिक्षकों का प्रथम मास्टर सूची प्रकाशित की गई थी। जिसके आधार पर प्राप्त आपत्ति प्रतिवेदन के अनुसार द्वितीय मास्टर सूची तैयार कर पुनः जिले के बेवसाईट https://lohardaga.nic.in/ पर प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची पर सम्बन्धित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों (मृत शिक्षक की स्थिति में) उनके आश्रितों से आपत्ति आमंत्रित की जाती है।

जिला अन्तर्गत सभी राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, सम्बन्धित अहर्ताधारी शिक्षकों एवं उनके आश्रितों (मृत शिक्षक की स्थिति में) से अनुरोध है कि जिले के बेवसाईट पर प्रकाशित सूची का अवलोकन करते हुए निम्न बिन्दुओं पर आपत्ति हो तो साक्ष्य सहित प्रतिवेदन दिनांक 20.09.2023 तक अनिवार्य रुप से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय लोहरदगा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

1. स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति हेतु नियुक्ति के विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण योग्याधारण/प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
2. सेवा काल में यदि उच्चत्तर योग्यता प्राप्त करते हैं तो नियुक्ति पदाधिकारी की पूर्वानुमति की योग्यता प्राप्त करने वाले को मान्यता दी जायेगी।
3. प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति पर विचार करते समय देय तिथि से 5 वर्ष पूर्व का विहित प्रपत्र में वार्षिक गोपनीय चरित्र एवं कार्यकलाप व स्वछता प्रमाण पत्र अनिवार्य रुप से देखा जायेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 306988 (Lohardaga)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**

अनाबद्ध निधि योजना के अन्तर्गत)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या F2 -16 वर्ष 2023–24

पत्रांक ......................../ दिनांक ................................../

1. विभाग का नाम — जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि — दिनांक 20.09.2023 से 26.09.2023 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक 27.09.2023 अपराहन 3.00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — दिनांक 27.09.2023 अपराहृन 3.30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम बुटी डुमर टोली में अजय उरांव के घर के पास पेयजल हेतु डीप बोरिंग सह जलमीनार का निर्माण | सेन्हा | 606039.00 | 1250.00 | 12200.00 | दो माह |
| 2 | ग्राम बेटहठ में अम्बाटोली चर्च से दिनेश उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | किस्को | 752500.00 | 1250.00 | 15100.00 | दो माह |
| 3 | ग्राम नारी महलीटोला में केशो महली के घर से हरी महली के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | किस्को | 581900.00 | 1250.00 | 11700.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 306980 (Lohardaga) 23-24 (D)



**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-15/2023-24 Date – 14/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 18/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 25/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 26/09/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 27/09/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 26.09.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Senha. | Construction of PCC Road From Main Road to Basudev Oraon House at Vill - Bhargaon | 24.913 | 0.5000 | 0.49900 | 02 Months |

Note: -Only e-Tender will be accepted

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in)

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 306975 (Lohardaga) 23-24 (D)

# आज संभावित खिलाड़ियों को आजमा सकता है भारत

**एजेंसी। कोलंबो**

फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को एशिया कप के 'सुपर फोर' मैच में पहले ही बाहर हो चुकी बांग्लादेश के खिलाफ अपने संभावित खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम गहराई से सोचेगी कि अपनी पहली पसंद की टीम को ज्यादा से ज्यादा 'गेम टाइम' दिया जाए या फिर अगले महीने घरेलू सरजमीं पर होने वाले विश्व कप से पहले अपने कुछ संभावित खिलाड़ियों को मौका दिया जाए। कार्यभार प्रबंधन का यह सवाल विशेषकर गेंदबाजों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बुमराह ने एशिया कप में अभी तक महज 12 ओवर ही गेंदबाजी की है जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पांच और श्रीलंका के खिलाफ सात ओवर शामिल है। नेपाल के खिलाफ वह खेले ही नहीं थे। इसलिए यह बुमराह पर निर्भर करेगा कि वह एक और मुकाबले में गेंदबाजी करना



चाहते हैं या फिर सीधे 17 सितंबर को फाइनल के लिए उतरेंगे।

वहीं मोहम्मद सिराज ने इस टूर्नामेंट में 19.2 ओवर और हार्दिक पांड्या ने 18 ओवर डाले हैं। ये ओवर भले ही ज्यादा नहीं लगे लेकिन कोलंबो की उमस इतनी ज्यादा है कि गेंदबाज की काफी ऊर्जा कम हो जाती है इसलिए टीम प्रबंधन इनमें से एक को ब्रेक देना चाहेगा। इस संदर्भ में बात करें तो अगर बांग्लादेश के खिलाफ सिराज की जगह मोहम्मद शमी मैदान में उतरें तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। इससे पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले सीनियर तेज गेंदबाज को कुछ अहम 'मैच टाइम' हासिल करने में मदद मिलेगी। यह अहम भी है क्योंकि शमी को बुमराह, सिराज और पांड्या के ह्यबैक-अप' तेज गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन 'थिंक टैंक' के लिए अक्षर पटेल के गेंदबाजी ग्राफ में गिरावट चिंता की बात होगी क्योंकि उन्हें रविंद्र जडेजा के कवर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। बायें हाथ का यह स्पिनर न तो विकेट ही चटका पा रहा है और न ही रन गति पर लगाम कस पा रहा है। अक्षर ने इस साल सात वनडे खेले हैं और छह के इकोनोमी रेट से केवल तीन विकेट ही झटक सके हैं। उन्हें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है और वो भी तुरंत।

केएल राहुल की पूर्ण फिटनेस में वापसी ने टीम प्रबंधन की काफी समस्या कम कर दी है। उन्होंने क्रीज पर टिककर धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद राहुल ने टीम प्रबंधन द्वारा उनकी भूमिका पर स्पष्टता के बारे में लंबी बात की कि वह भारत के मुख्य विकेटकीपर कम मध्यक्रम बल्लेबाज होंगे। इसलिए यह माना जा सकता है कि राहुल बांग्लादेश के खिलाफ भी अपनी जिम्मेदारी निभाना जारी रखेंगे। लेकिन श्रेयस अय्यर की फिटनेस पर निगाहें लगी होंगी।

# न्यूजीलैंड तीसरा वनडे हारा लेकिन बोल्ट चमके

**एजेंसी। लंदन**

तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड की इंग्लैंड से 181 रनों से हार के बावजूद, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी ब्लैककैप के लिए एक उज्ज्वल स्थान रही है। मैच में, बोल्ट ने 9.1 ओवर में 5-51 विकेट लिए, जो इस प्रारूप में उनका छठा पांच विकेट था, जबकि बेन स्टोक्स ने अन्य गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 182 रन बनाए, जो पुरुषों के वनडे में इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए 37 रन देकर 3 विकेट लेने वाले बोल्ट ने वनडे में न्यूजीलैंड के किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक पांच विकेट लेने के मामले में महान रिचर्ड हेडली को भी पीछे छोड़ दिया। बोल्ट की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी से मुख्य कोच गैरी स्टीड



काफी खुश हैं। मैच खत्म होने के बाद ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने स्टीड के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि उसने 17 ओवरों में आठ विकेट लिए हैं। ट्रेंट का वापस आना बहुत अच्छा हैः वह हमारे लिए शीर्ष क्रम में बहुत सारी ऊर्जा और बहुत सारा कौशल लाता है। उसने जो दो मैच खेले हैं, उनमें उसने दिखाया है एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी के रूप में इंग्लैंड को पछाड़ने की उनकी क्षमता... (लेकिन) हम उन शुरूआतों का फायदा नहीं उठा पाए। "

स्टीड ने यह भी कहा कि बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर फिट होंगे और साउथम्प्टन में शृंखला के दूसरे मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान घुटने में चोट के कारण तीसरा वनडे नहीं खेलने के बावजूद आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, मिच के घुटने का पूरा स्कैन किया गया था, जब उन्होंने एजेस बाउल में आखिरी मैच में कैच लिया था। यह सकारात्मक आया है, जो हमारे लिए अच्छा है। उनके घुटने के आसपास थोड़ी सूजन है फिर भी, वे सोचते हैं कि यह एक जॉयंट की समस्या है। यह उससे अधिक कुछ नहीं है।" सफेद गेंद की शृंखला में दोनों टीमों के लिए जीत और हार का बड़ा अंतर देखा गया है, और स्टीड ने कहा कि शुक्रवार को लॉर्ड्स में अंतिम मैच में एक करीबी मैच उपयुक्त निष्कर्ष होगा। सभी सात मैच कुछ-कुछ ऐसे ही रहे हैं, हम बस यही कह रहे थे कि वास्तव में एक करीबी मैच होना अच्छा होगा ताकि हम दोनों टीमों को दबाव में देख सकें। यह निराशाजनक था कि हमने आज रात (मैच में) अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन उन्होंने बहुत अच्छा खेला।

# पीएम मोदी 23 को रखेंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को वाराणसी के गांजरी इलाके में 450 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाएं और 30,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। शिलान्यास समारोह में कई स्टार क्रिकेटरों के शामिल होने की संभावना है, जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और यूपीसीए की सक्रिय भागीदारी के साथ एक भव्य शो होने जा रहा है।

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा, "23 सितंबर को क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के लिए प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे



के लिए गांजरी में तैयारियां शुरू की जा रही हैं। यह एक भव्य शो होगा क्योंकि इसमें बीसीसीआई पदाधिकारियों के अलावा अन्य सितारे भी शामिल होंगे।" समारोह में क्रिकेटरों के भी हिस्सा लेने की संभावना है।

चल रहे काशी संसद सांस्कृतिक महोत्सव के सर्वश्रेष्ठ कलाकार प्रस्तावित समारोह में प्रदर्शन करेंगे और इस महोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस आयोजन में वाराणसी और आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जाएगा।

एलएंडटी ने प्रस्तावित स्टेडियम के डिजाइन और ड्राइंग को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और इस पर आगे की कार्रवाई जिसमें यूपीसीए से अनुमोदन शामिल है, जिसके बाद वन और भूजल और अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगे जाएंगे, जल्द ही शुरू किया जाएगा। यूपीसीए की मांग पर वीडीए और यूपीपीसीबी से एनओसी लेने की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सलाहकारों की भी व्यवस्था की गई है।" एक 3डी मॉडल की तैयारी और परियोजना का विवरण जल्द ही पूरा किया जाएगा, जिसके बाद एलएंडटी अधिग्रहित भूमि को समतल करने और चारदीवारी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगी। राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पर 120 करोड़ रुपये खर्च किये हैं जबकि स्टेडियम के निर्माण पर 330 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 450 करोड़ रुपये की परियोजना के पूरा होने के साथ, 30,000 बैठने की क्षमता वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी के लिए तैयार हो जाएगा। आयुक्त ने कहा कि प्रस्तावित स्टेडियम के आसपास सड़कों और अन्य सुविधाओं का विकास भी जल्द शुरू किया जाएगा।



# एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग : अमेरिका ने बढ़त बरकरार रखी, चीन दूसरे स्थान पर

**एजेंसी। मिज (स्विट्जरलैंड)**

अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) रैंकिंग में टॉप-5 टीमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और संयुक्त राज्य अमेरिका जारी नई एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। अमेरिका 834.6 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि एफआईबीए महिला एशिया कप 2023 जीतने वाला चीन 687.1 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और कनाडा अगली तीन टीमें हैं। एफआईबीए महिला यूरोबास्केट जीतने के बाद बेल्जियम छठे स्थान पर पहुंच गया, जिससे अब फ्रांस सातवें स्थान पर है। ब्राजील, जिसने एफआईबीए महिला अमेरीकप के फाइनल में एक युवा अमेरिकी टीम को हराया, जापान और सर्बिया से आगे आठवें स्थान पर पहुंच गया। नई अफ्रीकी चैंपियन नाइजीरिया 528.9 अंकों के साथ 11वें स्थान पर है।

## NEWS इन ब्रीफ

### हर साल बेहतर हो रहा है आईएसएल का स्तर : सुनील छेत्री




**बेंगलुरु।** भारतीय टीम और आईएसएल में बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार पर प्रकाश डाला और कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के लिए शानदार मंच है। छेत्री, जो लीग के इतिहास में शीर्ष भारतीय गोल स्कोरर हैं। उन्होंने एक युवा खिलाड़ी संदेश झिंगन का उदाहरण देते हुए कहा कि आईएसएल में खेलकर उन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है।

### सेंट्रल कॉर्डोबा चौथे स्थान पर पहुंचा

ब्यूनस आयर्स। सेंट्रल कॉर्डोबा अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिविजन के ग्रुप बी में सार्मिएन्टो पर 1-0 से जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मिडफील्डर ब्रायन फारियोली ने आधे घंटे के बाद क्रिस्टियन ओकाम्पोस के साथ मिलकर निचले बाएं कोने में लंबी दूरी के प्रयास से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

### कोच फर्नांडो सांतोस ने पोलैंड की राष्ट्रीय टीम छोड़ी

**वारसॉ।** फर्नांडो सांतोस ने पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है। पोलिश फुटबॉल एसोसिएशन (पीजेडपीएन) ने एक आधिकारिक बयान में बताया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सांतोस आठ साल तक पुर्तगाल के प्रभारी रहने के बाद जनवरी में ही पोलैंड में शामिल हुए, जिसके नेतृत्व में पुर्तगाल ने यूईएफए यूरो 2016 का खिताब जीता, लेकिन पोलैंड के प्रभारी के रूप में अपने छह मैचों में से केवल दो ही जीते और रविवार को अल्बानिया से 2-0 की आश्चर्यजनक हार के बाद टीम छोड़ दी।

# मुझे पता था कि मैं विश्वकप खेलूंगा : बेन स्टोक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का कहना है कि उन्हें पता था कि वे विश्व कप खेलेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पता था कि भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए उन्हें वनडे क्रिकेट से घोषित संन्यास से वापस आना पड़ेगा। स्टोक्स ने पिछले साल वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। वह टेस्ट में इंग्लैंड टीम के कप्तान हैं और टी20 क्रिकेट भी खेलते हैं। इस साल होने वाले विश्व कप से पहले उन्होंने संन्यास वापस लिया और टीम में वापसी की। उन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध चल रही वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। सीरीज के तीसरे मैच में स्टोक्स ने 124 गेंदों पर 182 रनों की शानदार पारी खेली। बुधवार रात को मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि जाहिर सी बात है कि मुझसे मेरे घुटने पर कई सवाल पूछे गए हैं। मैंने बस इन बातों को टालने के लिए कहा। मुझे वास्तव में पता था कि मैं यह मैच और संभवतः विश्व कप भी खेलूंगा। मैं मीडिया को शांत करने के लिए ऐसी बातें कर रहा था। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ



तीसरे मैच में 182 रनों की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। इस पारी से उन्होंने जेसन रॉय के नाम इंग्लैंड के लिए वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। रॉय ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 151 गेंद में 180 रन बनाए थे। स्टोक्स ने कहा कि मुझे इस (रिकॉर्ड स्कोर) बारे में तब पता लगा जब स्टेडियम में किसी ने इस बात की घोषणा की। इसके बाद मैं अगली गेंद पर आउट हो गया। स्टोक्स जब मैदान पर उतरे थे तब इंग्लैंड ने 13 पर दो विकेट गंवा दिए थे। उन्होंने कहा कि हम जल्दी विकेट खो चुके थे और हम विपक्ष पर दबाव बनाना चाहते थे। मैंने देखा कि अभी 23-24 ओवर बचे हैं, तो मैंने खुद को थोड़ा रोका।

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए उठाया सख्त कदम**

# स्टीव स्मिथ-डेविड वार्नर ने की मनमानी तो मिलेगी कड़ी सजा

**एजेंसी। मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सभी अंतराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के लिए एक अक्टूबर से नेक गार्ड (गले की सुरक्षा के लिए उपकरण) पहनना अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2023 . 24 की खेलने की नई शर्तो और नियमों के तहत ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर को घरेलू और अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में तेज या मध्यम तेज गेंदबाजों का सामना करते हुए नेक गार्ड पहनना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात सितंबर को पहले वनडे के दौरान कैगिसो रबाडा का बाउंसर कैमरन ग्रीन के गले में लगने के बाद यह फैसला लिया गया। गेंद ग्रीन के हेलमेट में फिक्स नेकगार्ड पर टकराई और उन्हें कनकशन (सिर की चोट) के कारण बाहर जाना पड़ा। सीए के इस फैसले का डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों पर असर पड़ेगा जो इसे पहनने से परहेज करते आये हैं। यह नियम स्पिनरों का सामना करते हुए या विकेटकीपरों और करीबी



फील्डरों पर लागू नहीं होगा।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने क्यों बदला नियम?

घरेलू क्रिकेट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज फिलिप ह्यूज की गर्दन पर गेंद लगने के कारण उनकी मौत हो गई थी । इसके बाद सीए ने गर्दन की सुरक्षा के लिए इस गार्ड के उपयोग की सिफारिश की थी। लेकिन,कई अनुभवी खिलाड़ी अभी भी इस गार्ड का इस्तेमाल करने से बचते नजर आए हैं। स्मिथ, जिन्होंने 2019 एशेज में लॉर्ड्स में जोफ्रा आर्चर की गेंद पर नेक गार्ड नहीं पहना था, ने कहा कि उस साल उन्होंने उन्हें क्लॉस्ट्रोफोबिक महसूस कराया। वार्नर ने 2016 में कहा था कि वह इसे नहीं पहनते हैं और न ही पहनेंगे, क्योंकि यह उनकी गर्दन में गड़ता है और ध्यान भटकाता है।

**वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का बड़ा फैसला**

# नेकगार्ड पहनना होगा जरूरी

**एजेंसी। सिडनी**

अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में प्रत्येक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को 1 अक्टूबर से नेकगार्ड पहनना अनिवार्य होगा। बयान में यह भी कहा गया है कि जो खिलाड़ी इस नियम का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। वर्ल्ड कप 2023 से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से सभी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलने वालों बल्लेबाजों के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। अब पेसर और मीडियम पेसर का सामना करते वक्त बल्लेबाजों को नेकगार्ड यानी गर्दन की सुरक्षा करने वाला गार्ड पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इन बदलावों का असर ऑस्ट्रेलिया के कई अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों पर पड़ेगा जिनमें डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा शामिल हैं। जो वर्तमान में बल्लेबाजी करते समय प्रोटेक्टर नहीं पहनते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए नए नियम के तहत अक्टूबर से नेकगार्ड पहनना अनिवार्य हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सफेद गेंद टीम में से वार्नर, टिम डेविड और जोश इंगलिस ऐसे



बल्लेबाज हैं जिन्होंने बल्लेबाजी के दौरान नेकगार्ड नहीं पहना। फिलिप ह्यूज की दुखद मौत के बाद सीए ने नेकगार्ड के उपयोग की सिफारिश की थी, लेकिन कई अनुभवी खिलाड़ी इसके खिलाफ थे। नियमों में यह अपडेट स्टार ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन के हेलमेट से जुड़े नेकगार्ड पर कैगिसो रबाडा के बाउंसर द्वारा चोट लगने के ठीक एक हफ्ते बाद आया है। नेकगार्ड पहनने का नियम धीमी या स्पिन गेंदबाजी का सामना करने वाले बल्लेबाजों के साथ-साथ विकेटकीपरों और करीबी फील्डर पर लागू नहीं होता है। हालांकि, 'स्टम्प्स तक खड़े रहने वाले कीपरों और नजदीक क्षेत्ररक्षकों को लंबे समय से हेलमेट पहनना आवश्यक है। इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट में अक्टूबर 2022 से नेकगार्ड का नियम लागू है।

**यूपी टी-20 लीग** | **गोरखपुर लायंस ने 18 रनों से काशी रुद्रास को हराया**

# ध्रुव जुरेल बने मैन आफ द मैच

**एजेंसी। कानपुर**

ग्रीनपार्क में बुधवार को यूपी टी-20 लीग के 28 वें मैच में गोरखपुर की टीम ने काशी रुद्रास को 18 रनों से पराजित कर दिया। गोरखपुर की टीम सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है, उसकी दस मैचों यह दूसरी जीत रही। गोरखपुर के ध्रुव जुरेल को 90 रनों की पारी के लिए को मैन आफ द मैच चुना गया, जबकि काशी के करन शर्मा की 80 रनों की पारी टीम के काम नहीं आ सकी। काशी की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गोरखपुर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 201 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान अभिषेक गोस्वानी और ध्रुव जुरैल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। अभिषेक ने 39 गेंदों में आठ चौके व तीन छक्कों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। काशी की टीम को पहले विकेट के लिए 13वें ओवर का इंतजार करना पड़ा, जब शिवा सिंह ने अभिषेक को क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद आए सिद्धार्थ सरवन को 7 रनों के स्कोर पर दीपांशु यादव ने आउट कर



दिया। ध्रुव शतक से चूक गए और 90 रन के स्कोर पर दीपांशु की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 49 गेंदों पर 13 चौके व 3 छक्के लगाए। शिवम शर्मा 19, अंशुमान पाण्डेय 12 और विवेक कुमार नाबाद 6 रनों की मदद से गोरखपुर ने 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी रुद्रास के सलामी बल्लेबाजों करन शर्मा और आर्यन बालियान ने 56 रन जोड़े। आर्यन का विकेट गिरने पर आए सचिन सिंह महज 9 रन ही बना सके। इस बीच करन ने अपने 50 रन पूरे किए। लेकिन 14 वें ओवर में अब्दुल रहमान की गेंद पर कैच आउट हो गए। करन ने 45 गेंदों में 8 छक्के और 4 चौकों की मदद से 80 रन बनाए। उनके बाद शिवम बंसल 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान प्रिंस यादव ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन दूसरी ओर से विकेट पतन जारी रहा। इसके चलते काशी की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन ही बना सकी और 18 रनों से हार गई। गोरखपुर के अब्दुल रहमान ने तीन विकेट लिए।

